# नई सोच एक्सप्रेस


हर खबर पर पैनी नजर

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 06 मार्च 2026, वर्ष- 09, अंक- 11, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com


पेज : 08

गावस्कर का फाउंडेशन कर रहा गोल्फ इवेंट का आयोजन



## मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की लागत पर अटकलें भ्रामक : एनएचएसआरसीएल



**एजेंसी, नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने गुरुवार को मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की लागत, फंडिंग और टिकट कीमतों को लेकर फैल रही अटकलों को भ्रामक बताते हुए कहा कि परियोजना के बारे में किए जा रहे कई दावे तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। कंपनी का यह बयान ऐसे समय आया है जब कांग्रेस की केरल इकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर परियोजना की लागत में बढ़ोतरी को लेकर सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने अपने पोस्ट में दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की लागत मूल अनुमान 1.1 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जबकि परियोजना अभी आधी ही पूरी हुई है और अंतिम लागत 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया था कि लागत में बढ़ोतरी से जुड़े करीब 90 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ अब भारती रेलवे को उठाना पड़ेगा, जबकि जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जाइका) इस अतिरिक्त लागत के लिए वित्तपोषण नहीं करेगा।

# सीएम नीतीश सहित राजग उम्मीदवारों ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन

एजेंसी, पटना

बिहार की राजनीति में गुरुवार को उस समय हलचल तेज हो गई जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नितिन नवीन और रामनाथ ठाकुर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के उपेंद्र कुशवाहा तथा शिवेश कुमार ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। सभी उम्मीदवारों ने बिहार विधानसभा परिसर स्थित विधान सभा कार्यालय प्रकोष्ठ में सचिव की उपस्थिति में राज्यसभा चुनाव के लिए अपने नामांकन पत्र जमा किए। नामांकन दाखिल करने के दौरान राजनीतिक माहौल काफी सक्रिय दिखाई दिया और गठबंधन के कई बड़े नेता इस मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नेताओं ने उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए राज्यसभा चुनाव में जीत का भरोसा जताया। जनता दल यूनाइटेड ने राज्यसभा



चुनाव के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि नीतीश कुमार के लंबे राजनीतिक अनुभव और प्रशासनिक क्षमता का लाभ संसद में भी बिहार और देश को मिलेगा। नामांकन दाखिल होने के साथ ही बिहार में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। अब सभी दल अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाने में जुट गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में राज्यसभा चुनाव को लेकर बिहार की राजनीति में और भी हलचल देखने को मिल सकती है।

### नितिन नवीन ने राज्यसभा के लिए भरा पर्चा, बोले- बांकीपुर की जनता के साथ आत्मीय संबंध आगे भी रहेगा जारी

**एजेंसी, पटना ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के बांकीपुर से विधायक नितिन नवीन ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ उनका आत्मीय संबंध आगे भी जारी रहेगा। नामांकन के बाद नितिन नवीन ने एक्स पर भावुक संदेश पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि आज राज्यसभा के लिए नामांकन प्रस्तुत करते हुए मन स्वाभाविक रूप से उस लंबी यात्रा को याद कर रहा है, जिसे हमने आप सबके साथ मिलकर तय किया है। उन्होंने कहा कि पटना पश्चिम (बांकीपुर) की जनता ने उन्हें हाथ पकड़कर चलना सिखाया है। पिछले दो दशक से अधिक समय से आपने जो विश्वास और स्नेह दिया है, उसी के बल पर मुझे बिहार सरकार में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य और समाज की सेवा करने का अवसर मिला, जिसे मैंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास किया है।

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने अमित शाह व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का किया स्वागत





**पटनाः** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के बिहार विधानसभा आगमन पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। इसके बाद वे राजकीय अतिथिशाला पहुंचकर अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें अंगवस्त्र व मोमेंटो भेंट किया। इस दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने राज्यसभा नामांकन के लिए बिहार विधानसभा पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राज्यसभा की पांच सीटों के लिए एनडीए की ओर से नामांकन करने वाले प्रत्याशी नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा और शिवेश कुमार को भी हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## राष्ट्रपति भवन में 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह का समय बदला



**एजेंसी, नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के रस्मी गार्डों की अदला-बदली से जुड़ा 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह अब नए समय पर आयोजित किया जाएगा। यह समारोह इस शनिवार, 7 मार्च से ग्रीष्मकालीन समय के अनुसार सुबह 8 से 9 बजे के बीच होगा। राष्ट्रपति भवन ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। यह समारोह हर शनिवार को राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में आयोजित किया जाता है। हालांकि, यदि उस दिन कोई राजपत्रित अवकाश होता है तो कार्यक्रम नहीं होता। समारोह देखने के लिए दर्शकों को प्रति व्यक्ति 50 रुपये का ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क देना होता है, जो गैर-वापसी योग्य और गैर-हस्तांतरणीय है। करीब 50 मिनट तक चलने वाला यह समारोह सेरेमोनियल बैंड की धुनों के साथ शुरू होता है। परेड कमांडर के आगमन के बाद पीबीजी के घुड़सवार दक्षिण प्रांगण से प्रवेश करते हैं। इसके बाद गोरखा राइफल्स की टुकड़ी मार्च करती हुई आती है। नए और पुराने गार्ड का निरीक्षण किया जाता है और सलामी के बाद औपचारिक रूप से नए गार्ड को जिम्मेदारी सौंप दी जाती है। इसके बाद राष्ट्रीय सलामी दी जाती है।

# बाबूलाल मरांडी ने नीतीश कुमार को राज्यसभा के लिए दी बधाई

एजेंसी, रांची



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा की सदस्यता के लिए नामांकन दाखिल करने पर बधाई दी। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि नीतीश कुमार पिछले तीन-चार दशकों से बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे हैं और राज्य को जंगल राज से बाहर निकालकर सुशासन स्थापित करने में अहम योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने प्रशासनिक स्थिरता, विकास और बेहतर शासन के लिए एक नई पहचान बनाई है। मरांडी ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार ने सार्वजनिक जीवन में हमेशा ईमानदारी, सम्मान और नैतिकता के मूल्यों को प्राथमिकता दी है। बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल राज्य के इतिहास में एक सुनहरे अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यसभा सदस्य के रूप में नीतीश कुमार का अनुभव और नेतृत्व संसद के उच्च सदन को भी गौरवान्वित करेगा। मरांडी ने नीतीश कुमार को उनके उज्ज्वल भविष्य और देश के विकास में उनके योगदान के लिए हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

# भारत-फिनलैंड व्यापार करेंगे दोगुना, डिजिटल और शहरी समाधान में करेंगे सहयोग

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत और फिनलैंड ने अपनी दूरसंचार सेवाओं, डाटा विश्लेषण, क्वांटम कंपयुटिंग और एआई के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने तथा चक्रीय अर्थव्यवस्था एवं सतत शहरी समाधान तलाशने के लिए अपनी साझेदारी को मजबूत करने का फैसला किया है।दोनों देश 'डिजिटलीकरण और स्थिरता में रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति हुए हैं। दोनों देश 2030 तक अपने व्यापार को दोगुना करेंगे। फिनलैंड भारतीय कौशल को अपने यहां अवसर मुहैया कराएगा। इसके साथ ही भारतीय स्टार्टअप को भी अवसर प्रदान करेगा। इस साल दोनों देश मिलकर भारत में विश्व



सर्कुलर अर्थव्यस्था फोरम का आयोजन करेंगे। दोनों देशों के बीच गुरुवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता में 11 बिन्दुओं पर सहमति बनी है। इसमें स्टार्टअप सहयोग, 6जी व डिजिटलाइजेशन पर अलग-अलग संयुक्त कार्यबल, डिजिटल व पर्यावरण से जुड़े विषयों पर संयुक्त शोध, सांख्यिकी तथा पर्यावरण के क्षेत्र में सहयोग और आवाजाही संबंधी मामलों पर काउंसलर डॉयलॉग की स्थापना का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के बीच आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में व्यापक विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इसे यह साझा प्रगति और समृद्धि के लिए साझेदारी का निर्माण की संज्ञा दी। उन्होंने बताया कि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दोनों नेताओं ने भारत-फिनलैंड संबंधों को 'डिजिटलीकरण और स्थिरता में रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, डिजिटलीकरण और स्थिरता, स्वच्छ ऊर्जा और चक्रीय अर्थव्यवस्था, सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिज, शिक्षा और नवाचार, एआई, 6जी, क्वांटम कंप्यूटिंग सहित प्रौद्योगिकी और गतिशीलता तथा जन-संबंधों के क्षेत्रों में सहयोग को व्यापक और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## भारतीय समुद्री सीमा में मछली पकड़ते दो श्रीलंकाई मछुआरे गिरफ्तार

**एजेंसी, रामनाथपुरम ।** भारतीय समुद्री सीमा में मछली पकड़ने के आरोप में भारतीय तटरक्षक बल ने श्रीलंका के दो मछुआरों को गिरफ्तार किया है। उनके द्वारा इस्तेमाल की जा रही नाव और मछली पकड़ने के उपकरण भी जब्त कर लिए गए हैं। दरअसल, तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के समुद्री क्षेत्र के रास्ते पड़ोसी देश श्रीलंका में बीड़ी पत्ते, हल्दी, सोना, चांदी और दवाइयों सहित कई वस्तुओं की अवैध तस्करी होती रही है। इसी प्रकार श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र से भी रामनाथपुरम जिले के रास्ते विभिन्न सामान समय-समय पर अवैध रूप से भारत लाए जाते हैं। इसे रोकने के लिए भारतीय तटरक्षक बल समुद्री क्षेत्र में नियमित रूप से गश्त करता है। इसी क्रम में गुरुवार को रामनाथपुरम जिले के समुद्री इलाके में तटरक्षक बल के जवान गश्त कर रहे थे।

# उत्तर बंगाल की चाय बागानों के लिए केंद्र सरकार जल्द लाएगी व्यापक पैकेजः जितिन प्रसाद

एजेंसी, कोलकाता

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही उत्तर बंगाल के चाय बागानों के लिए एक "व्यापक पैकेज" लाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने यह बात जालपाईगुड़ी जिले के चाय बागानों का दौरा करने के बाद कही। जितिन प्रसाद ने बताया कि केंद्र सरकार चाय उद्योग से जुड़ी मौजूदा समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उनका उत्तर बंगाल दौरा इसी उद्देश्य से है, ताकि चाय उद्योग की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हो सके। उन्होंने कहा कि



वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन चाय बोर्ड कार्य करता है और मंत्रालय इस बात पर भी विचार कर रहा है कि भारतीय चाय के निर्यात को कैसे बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि देश में चाय की मांग काफी मजबूत है और गुणवत्ता में सुधार के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। राज्य मंत्री ने कहा कि बदलते मौसम के पैटर्न और नए चाय बागानों में जलभराव जैसी समस्याओं के कारण उद्योग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा श्रमिकों से जुड़े मुद्दे भी उद्योग के सामने महत्वपूर्ण चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार चाय उद्योग के लिए एक व्यापक पैकेज तैयार कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि राज्य सरकार इस दिशा में सहयोग करती है, तो यह पहल और अधिक प्रभावी साबित हो सकती है। केंद्र को उम्मीद है कि राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे उद्योग को नई ऊर्जा मिल सकेगी।

## मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में हुई अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक की शादी

एजेंसी, मुंबई

भारत रत्न और मशहूर क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में गुरुवार को मुंबई में सानिया चंडोक के साथ हो गई। शादी समारोह के बाद फिल्म जगत के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन पत्नी जया बच्चन के साथ उपस्थित थे। अर्जुन और सानिया की शादी से जुड़ीं रस्में पिछले कुछ दिनों से शुरू हो गई थीं। हल्दी सेरेमनी और मेहंदी सेरेमनी बड़ी धूमधाम से हुई थी। आज दोपहर में करीब 12.45 बजे अर्जुन-सानिया परिणय सूत्र में बंध गए। इस मौके पर सचिन तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर पास में खड़े थे। सचिन ने सिल्वर शेरवानी पहनी हुई थी, जबकि अंजलि ने गुलाबी साड़ी पहनी हुई थी। दोनों बहुत खुश लग रहे थे। अर्जुन और सानिया ने एक-दूसरे को माला पहनाई। बाद में उन पर फूल बरसाए गए। इस शादी समारोह में खिलाड़ियों से लेकर नेताओं तक वर्ली के फाइव स्टार होटल में शामिल हुए। इस शादी की रस्मों में अजिंक्य रहाणे, अनिल कुंबले, अजीत अगरकर, सुप्रिया सुले, राज ठाकरे, सुनील गावस्कर, शंकर महादेवन, फरहान अख्तर, युवराज सिंह, शायना एनसी, ज़हीर खान, महेंद्र सिंह धोनी, आशीष नेहरा, श्रेयस अय्यर, इरफ़ान पठान, शाहरुख खान भी मौजूद थे। इस सेरेमनी में कई सेलिब्रिटीज़ ने कैमरे के सामने पोज़ दिए।



## विदेश सचिव ने ईरानी दूतावास पहुंचकर खामेनेई के निधन पर शोक जताया



**एजेंसी, नई दिल्ली ।** विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री गुरुवार को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक प्रकट करने दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास पहुंचे और यहां शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में तेहरान स्थित आवास में मारे गए थे। विदेश सचिव ने भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से शोक प्रकट किया। विदेश मंत्रालय की ओर से इसकी तस्वीरें साझा की गई हैं। उल्लेखनीय है कि ईरानी दूतावास ने आज अपने सर्वोच्च नेता की मौत पर दुख प्रगट करने के लिए शोक पुस्तिका को खोला है। दूतावास ने एक एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। शोक पुस्तिका 5, 6 एवं 9 मार्च को 10 से 3 बजे तक खोली जाएगी।

# ईरान पर अब तक की कार्रवाई से ट्रंप खुश, कहा- खामेनेई का उत्तराधिकारी भी मारा जाएगा

एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन/तेल अवीव

ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त सैन्य अभियान के तहत किए गए आक्रमण में अब तक मिली सफलता की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तारीफ की है। उन्होंने कहा कि अब ईरान के अगले नेता की भी मौत हो सकती है। इस बीच इजराइल ने ईरान के एक बड़े नौसेना के ठिकाने पर विस्फोट किया है। ईरान ने अमेरिका को धमकी दी है कि श्रीलंका में युद्धपोत पर किए गए हमले का माकूल जवाब दिया जाएगा। इस बीच ईरान के बंदर अब्बास में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) नेवल बेस के पास जोरदार धमाके हुए हैं। ईरान इंटरनेशनल समाचार पत्र की



रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इशारा किया कि ईरान के साथ लड़ाई बढ़ने पर अली खामेनेई के होने वाले वारिस मारे जाएंगे। उधर, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि उसने ईरान में एक महत्वपूर्ण मिलिट्री कंपाउंड के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन पूरा किया है। आईडीएफ ने इस कंपाउंड में स्थित ईरान के सैन्य सुरक्षा के कई महत्वपूर्ण मुख्यालयों को नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा बंदर अब्बास में आईआरजीसी नेवल बेस के पास जोरदार धमाकों की खबर है। यह धमाके इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के फर्स्ट नेवल जोन में बंदर-ए-बहोनार के पास हुए हैं। यह स्ट्रेटेजिक होर्मुज स्ट्रेट के सबसे पास की यूनिट है। इस पर ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स नेवी के एक अनजान कमांडर ने धमकी दी है। इस कमांडर ने कहा कि ईरान अब अमेरिका और ब्रिटिश जहाजों और फारस की खाड़ी में इजराइल के लिए माल ले जाने वाले हर जहाज को निशाना बनाएगा। उनमें चाहे झंडा किसी भी देश का लगा हो। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने अल-खारज के पूरब में तीन ड्रोन को रोककर नष्ट करने का दावा किया है। ईरान ने हिन्द महासागर में डुबोए गए अपने युद्धपोत पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका ने समुद्र में जुल्म किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रवण कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग, वंचित मुक्ति मोर्चा ने दिया समर्थन



**पटना।** वंचित मुक्ति मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष चौहान ने कहा है कि एनडीए गठबंधन में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार लगातार वंचित समाज के हक और अधिकार की आवाज उठाते रहे हैं और समाज के सभी वर्गों के लिए काम करते हैं। रामाशीष चौहान ने अपनी टीम के साथ श्रवण कुमार को वस्त्र और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बिहार की जनता से भी अपील की कि राज्य के विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए श्रवण कुमार को समर्थन दें। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार हमेशा मानवीय दृष्टिकोण से लोगों की समस्याओं को सुनते हैं और पार्टी से ऊपर उठकर सेवा करने के लिए तत्पर रहते हैं।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जेडीयू भाजपा कार्यकर्ताओं से पूछा क्या 2030 आ गया?



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने अपने एक्स हैंडल सहित सोशल मीडिया पर भाजपा और जदयू के कार्यकर्ताओं से सवाल किया है कि क्या 2030 आ गया? साथ ही उन्होंने पूछा है कि क्या आपके नारे का यही हश्र हुआ कि 2030 तक नीतीश का नारा देने वाले 2026 में ही उन्हें फिनिश कर दिए! प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि "मैं BJP और JDU के नेताओं और कार्यकर्ताओं से, बिहार के मतदाताओं से पूछना चाहता हूं— "25 से 30, फिर से नीतीश"

क्या हुआ इस नारे का? क्या 2030 आ गया? आज बिहार में एक चुने हुए मुख्यमंत्री को जबरदस्ती, षड्यंत्र के तहत सत्ता से बेदखल किया जा रहा है। यह षड्यंत्र भाजपा और जदयू के कुछ नेताओं ने मिलकर रचा है। मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य के साथ भी इन लोगों ने खिलवाड़ किया है। इसे लेकर कांग्रेस पार्टी, राहुल जी और हम सबने बार-बार लोगों को आगाह किया था । भाजपा और RSS को पता था कि इनके नाम पर बिहार में वोट नहीं मिलेगा। इसलिए नीतीश जी के नाम पर चुनाव जीतकर और उन्हें धोखे से हटाकर बिहार पर कब्जे का गंदा खेल रचा गया। यह बिहार के करोड़ों मतदाताओं और नीतीश कुमार जी के कार्यकर्ताओं की भावनाओं की हत्या है। यह जनमत की हत्या है। BJP ने आज नीतीश जी को निपटाया है, जल्द ही ये JDU को भी निपटा देंगे। JDU को तोड़ने का प्लान भी इनका तैयार है। राजनीतिक विचारधारा और पक्ष-विपक्ष की राजनीति से अलग, मैं व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री जी के साथ हो रहे इस गंदे खेल को लेकर मर्माहत हूं। मुझे उनके साथ काम करने का भी मौका मिला है।" भाजपा द्वारा उत्पन्न किए गए ताजा घटनाक्रम से बिहार में अस्थिर हुए राजनीतिक माहौल से बिहार की आम जनता ठगी हुई महसूस कर रही है।

### नितीन नवीन के राज्यसभा नामांकन पर प्रो. रणबीर नंदन ने दी बधाई



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन को राज्यसभा सदस्य के लिए नामांकन दाखिल करने पर बधाई दी है।उन्होंने कहा कि नितीन नवीन के नेतृत्व और अनुभव से राज्यसभा में बिहार और देश के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। प्रो. रणबीर नंदन ने उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके योगदान से जनता की अपेक्षाओं को नई दिशा मिलेगी।

### खाजपुरा में होली मिलन समारोह में शामिल हुए नितिन

» पटना महानगर के कार्यकर्ताओं को रंगोत्सव की दी बधाई

» कलाकारों की टोली ने रंगोत्सव को और खुशनुमा बनाया



**पटना।** भाजपा पटना महानगर के तत्वावधान में मंगलवार को खाजपुरा में आयोजित होली मिलन समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद रवि शंकर प्रसाद, संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, मंत्री राम कृपाल यादव, दिलीप जायसवाल, प्रमोद चंद्रवंशी, विधायक संजय गुप्ता, विधान पार्षद संजय मयूख, महापौर सीता साहू, उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी के अलावा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति की उपस्थिति ने रंग, उमंग, प्रेम और उल्लास के पर्व को जीवंत बना दिया। नितिन ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को रंगोत्सव की बधाई दी और सफल आयोजन के लिए स्थानीय विधायक डॉ. संजीव चौरसिया का आभार जताया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को चंदन का लेप और अबीर-गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की।कलाकारों की टोली ने रंगारंग प्रस्तुति से रंगोत्सव को और खुशनुमा बना दिया। कार्यकर्ताओं ने भी कलाकारों का साथ देकर उनका उत्साह बढ़ाया। बग्घी पर सवार होकर होली मनाने निकले विधायक होली के दिन खाजपुरा स्थित दीघा विधानसभा कार्यालय से कार्यकर्ताओं का जत्था निकला जो शेखपुरा मोड़ तक जाकर वापस लौटा। बग्घी पर सवार स्थानीय विधायक डॉ. संजीव चौरसिया जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। ढ़ोल-मंजीरे की थाप पर नाचते-गाते कार्यकर्ताओं का लोगों ने अबीर-गुलाल लगाकर और फूल बरसा कर स्वागत किया। इस वर्ष के आयोजन को 'नमो होली' का नाम दिया गया था जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह था।

# नीतीश कुमार की पहली प्रतिक्रिया, 'राज्यसभा जाना चाहता हूं,

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** नीतीश कुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट कर इसकी पुष्टि कर दी है कि वे राज्यसभा जाएंगे. उन्होंने कहा कि एक विकसित बिहार बनाने का संकल्प पूर्ववत कायम रहेगा. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा जाने की खबरों के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली प्रतिक्रिया आई है. गुरुवार (05 मार्च, 2026) को सीएम ने अपने एक्स (X) हैंडल से इस संबंध में पोस्ट किया. उन्होंने कहा कि पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास एवं समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है, उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है. आपके विश्वास और समर्थन की ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है. इसके लिए पूर्व में भी मैंने आपके प्रति कई बार आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, "संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद

» जो नई सरकार बनेगी उसको मेरा सहयोग

के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं. इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं."

# सीएम हाउस के बाहर भयंकर बवाल, नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजे जाने का जबर्दस्त विरोध

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** अभी होली की चमक पूरी तरह से खत्म भी नहीं हुई है, इसी बीच बिहार के राजनीति में एक बहुत बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजे जाने का जमकर विरोध हो रहा है जिसे लेकर जदयू क कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर भयंकर बवाल मचाया। दरअसल जब से नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की खबरें मिली है, तब से लगातार इस तरह का विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। भारी संख्या में जदयू कार्यकर्ताओं ने सीएम हाउस के बाहर जमकर नारेबाजी करनी शुरू की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है और आगे भी रहेंगे। अगर कोई इसके पीछे साजिश करना चाहता है तो इस साजिश को नाकाम किया जाएगा। जदयू कार्यकर्ताओं को यह भी लग रहा है कि सीएम नीतीश को बिहार से बाहर भेजने के लिए उनके खिलाफ साजिश हो रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिहार से बाहर किसी भी हाल में नीतीश कुमार को नहीं जाने दिया जाएगा। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की चर्चा और बिहार से नीतीश कुमार की जगह किसी और के मुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चा के बाद अब जदयू के कार्यकर्ताओं का विरोध का दौर शुरू हो चुका है। आपको बता दें कि जैसे ही नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की चर्चा सार्वजनिक हुई, पार्टी के अंदर भी विरोध के स्वर खुलकर सामने आने लगे। कार्यकर्ताओं का यह साफ कहना है कि जनता ने जिस नेतृत्व पर भरोसा जताया है, उसी को आगे भी राज्य की कमान संभालनी चाहिए। विरोध के दौरान सीएम नीतीश कुमार के आवास के बाहर प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा बढ़ा दी है। सीएम आवास के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गई है और आने जाने वालों की सख्ती से जांच की जा रही है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस तरह के विरोध प्रदर्शन का परिणाम क्या होता है।

# बिहार के हर जिले में होगी एएलएस एम्बुलेंस की सुविधा, क्रिटिकल मरीजों को मिलेगी संजीवनी: मंत्री मंगल पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** राज्य के प्रत्येक जिले में एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सहायता प्रदान कर गोल्डन ऑवर में मरीजों की जान बचाने की मंशा से लागू की जा रही है। सुविधा के लागू होने से दिल का दौरा, सांस लेने में तकलीफ के साथ दूसरी बीमारियों से जूझ रहे गंभीर मरीजों को काफी फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि एनडीए सरकार के नेतृत्व में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और आधुनिक बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य के सभी जिलों में एएलएस एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह एम्बुलेंस गंभीर रूप से बीमार या घायल मरीजों के लिए एक चलते-फिरते आईसीयू (आईसीयू) की तरह है। उन्होंने बताया कि अभी तक मेडिकल कॉलेज तक ही एमआरआई मशीन की सुविधा उपलब्ध है। इस वजह से ग्रामीण क्षेत्र और छोटे जिलों के मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। समस्या को देखते हुए ही जिला और प्रखंड स्तर पर एएलएस एंबुलेंस संचालित करने का निर्णय लिया गया है। जीवन रक्षक सुविधाओं से लैस इस एंबुलेंस से गंभीर मरीजों को उच्चतर अस्पतालों तक सुरक्षित पहुंचाया जा सकेगा। एएलएस एंबुलेंस में वेंटिलेटर, कार्डियक मॉनिटर, डिफिब्रिलेटर और जीवन रक्षक दवाएं जैसे उन्नत उपकरण लगे हुए हैं। यह सभी उपकरण उच्च प्रशिक्षित पैरामेडिक्स और डॉक्टरों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। एंबुलेंस में दुर्घटना के शिकार और गंभीर बीमारी से जूझ रहे दूसरे मरीजों को अस्पताल पहुंचने तक इलाज की वह सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो उनकी जीवनरक्षा के लिए कारगर हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आपातकालीन एवं सरकारी अस्पतालों में मरीजों के आवागमन के लिए निःशुल्क रेफरल ट्रांसपोर्ट (एंबुलेंस) की

» आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में विभाग ने उठाए महत्वपूर्ण कदम

सुविधा है। बीमारी, दुर्घटना या फिर अन्य किसी आपतकालीन स्थिति में मरीज के इलाज के लिए टोल फ्री नंबर 102 के माध्यम से निशुल्क एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मौजूदा समय में राज्य में 1941 एंबुलेंस संचालित हैं। जल्द ही 124 अतिरिक्त एंबुलेंस की सेवा बढ़ाई जाएगी। इसके बाद राज्य में एंबुलेंस की संख्या 2065 हो जाएगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14 लाख 30 हजार 373 और वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी तक 15 लाख 94 हजार 220 मरीजों ने सरकारी एंबुलेंस सेवा का मुफ्त लाभ उठाया है।

### राज्यसभा नामांकन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद् सभापति से की मुलाकात



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्यता के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद गुरुवार को बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह से उनके वेश्म में मुलाकात की। इस दौरान सभापति ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उनकी नई राजनीतिक पारी के लिए अग्रिम बधाई दी। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि पिछले दो दशकों में नीतीश कुमार ने एक कुशल और संवेदनशील मुख्यमंत्री के रूप में बिहार के विकास को नई दिशा दी है। उनके नेतृत्व में कानून-व्यवस्था, शिक्षा, नारी सशक्तिकरण, रोजगार, सड़क, बिजली और खेलकूद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने नीतीश कुमार को विकास पुरुष और आधुनिक बिहार का निर्माता बताया। इस अवसर पर राज्यसभा के लिए नामांकन करने वाले शिवेश राम, विधान परिषद् के उप सभापति प्रो. (डॉ.) रामवचन राय, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सतीश चंद्र दूबे, गोपालजी ठाकुर, संजय झा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# निशांत को सीएम बनाएं वरना बीजेपी बिहार को चारागाह बना लेगी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की खबर मिलने के बाद पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने गैर-भाजपा दलों से निशांत कुमार को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नीतीश के हटने पर बिहार भाजपा का चरागाह बन सकता है। पप्पू यादव ने कहा कि ऐसा होने से हम सभी को रोकना चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद राज्यसभा जाने की पुष्टि कर दी है। सीएम नीतीश के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सारे कयासों पर विराम लग गया। अमित शाह भी नीतीश कुमार के नॉमिनेशन में शामिल हुए। आज नीतीश कुमार, नितिन नवीन, उपेन्द्र कुशवाहा, शिवेश कुमार राम और रामनाथ ठाकुर राज्यसभा के लिए नामांकन किया। इसी के साथ अब स्पष्ट हो गया है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे। उनकी जगह बीजेपी से मुख्यमंत्री बनाए जाने की खबर आ रही है। दो डिप्टी सीएम जेडीयू से बनने की बात भी सामने आ रही है। जेडीयू से नीतीश के बेटे निशांत डिप्टी सीएम बनाए जाने की संभावना है। बिहार की सियासी उठक पटक के बीच पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने निशांत कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाए जाने की अपील करते हुए फेसबुक पर लिखा कि नीतीश कुमार के हटने पर बिहार भाजपा के लिए चरागाह बन सकता है और ऐसा होने से रोकना चाहिए। पप्पू यादव ने फेसबुक पर लिखा कि मांझी जी, चिराग जी, लालू

» नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने पर बोले पप्पू यादव

जी, उपेंद्र जी बिहार को भाजपा का चरागाह न बनने दें। एकमत से निशांत जी को बिना शर्त समर्थन देकर बिहार का मुख्यमंत्री बना दें। बीजेपी के लिए बिहार का दरवाजा बंद कर दें। भविष्य की राजनीति आपस में फरिया लेंगे। इतिहास में अमर हो जाओगे। बिहारी स्वाभिमान का प्रतीक बन जाओगे।

# राज्यसभा चुनाव के लिए एन0डी0ए0 प्रत्याशी के रूप में नीतीश कुमार, रामनाथ ठाकुर, नितिन नवीन, शिवेश कुमार एवं उपेन्द्र कुशवाहा ने किया नामांकन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** राज्यसभा चुनाव के लिए एन०डी०ए० प्रत्याशी के रूप में जदयू से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री रामनाथ ठाकुर तथा भाजपा की ओर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन, श्री शिवेश कुमार एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष श्री उपेन्द्र कुशवाहा ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय मंत्री श्री जीतनराम मांझी, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा, लोजपा (रामविलास) के सांसद श्री अरूण भारती सहित बिहार सरकार के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 4 वर्षों में 18 लाख से अधिक महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना का लाभ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** राज्य में गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रही है। इस योजना के तहत 4 वर्षों में 18 लाख 15 हजार 680 महिलाओं को लाभ दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6 लाख 36 हजार 688 महिलाओं को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से राशि प्रदान की गई। 2023-24 में 1 लाख 45 हजार 832 लाभार्थी, 2024-25 में 7 लाख 18 हजार 670 और 2025-26 में 3 लाख 14 हजार 510 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया है। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य में 22 लाख 69 हजार 594 लाख महिलाओं का नामांकन हुआ है। इनमें 18 लाख 15 हजार 680 लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से राशि प्रदान की गई है। बाकि बचे लाभार्थियों को जल्द लाभ पहुंचाने के लिए विभाग कार्रवाई कर रहा है। मिशन शक्ति के अंतर्गत जनवरी 2017 से लागू इस योजना ने राज्य में महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत किया है। योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान मजदूरी हानि की आंशिक भरपाई करना, समय पर प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव और शिशु टीकाकरण को प्रोत्साहित करना है। साथ ही बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। योजना के तहत पहली संतान होने

» योजना के तहत पहली संतान होने पर 5 हजार एवं दुसरे शिशु के कन्या होने पर 6 हजार रुपये की राशि

पर (पहली बार जीवित बच्चे के जन्म पर) पात्र महिलाओं को कुल 5 हजार रुपये की सहायता राशि दो किस्तों में प्रदान की जाती है।

- पहली किस्तः 3 हजार गर्भावस्था पंजीकरण और कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच के बाद।
- दूसरी किस्तः 2 हजार नवजात शिशु के जन्म पंजीकरण और 14 सप्ताह तक के टीकाकरण पूरा होने के बाद।

दूसरी संतान के मामले में, यदि बच्चा कन्या है, तो 6 हजार रुपये की एकमुश्त राशि जन्म और आवश्यक टीकाकरण के बाद दी जाती है।

### बिहार से एनडीए के पांचों उम्मीदवार जाएंगे राज्यसभा : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव में एनडीए के पांचों प्रत्याशियों की जीत तय है। इस चुनाव के बाद संख्याबल की दृष्टि से राज्यसभा में एनडीए और मजबूत स्थिति में होगा। श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एनडीए के पांचवें उम्मीदवार आरएलएम प्रमुख माननीय उपेंद्र कुशवाहा जी की जीत को लेकर भी किसी तरह का संशय नहीं है। विधायक अपनी अंतरात्मा की आवाज पर वोट करेंगे और एनडीए के पांचों उम्मीदवार राज्यसभा पहुंचेंगे।महागठबंधन के उम्मीदवार की करारी हार तय है। श्री मिश्र ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय नितिन नवीन जी को बिहार से राज्यसभा जाना बिहारियों के लिए गर्व की बात है। इससे बिहार के लोग सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

» भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बिहार से राज्यसभा जाना बिहारियों के लिए गर्व की बात

» नेतृत्व परिवर्तन के बाद भी कायम रहेगा एनडीए सरकार का सुशासन

श्री मिश्र ने कहा माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी पहली बार राज्यसभा के सदस्य बनने जा रहे हैं। वे सभी सदनों का सदस्य रहने का गौरव प्राप्त करेंगे, यह बिहारवासियों के लिए हर्ष का विषय है। राज्यसभा का सदस्य रहकर भी वे बिहार के विकास के लिए अपना अमूल्य मार्गदर्शन देते रहेंगे। सरकार में नेतृत्व बदलेगा, नीतियां नहीं बदलेगी। एनडीए की सरकार में हरहाल में सुशासन कायम रहेगा। राज्यसभा चुनाव में एनडीए के सभी उम्मीदवारों के लिए मंगलकामनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### फिट पटना मैराथनः स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण के लिए एक कदम

**पटना।**8 मार्च 2026 को गांधी मैदान में फिट पटना मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य शहर की स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह मैराथन 5,11 और 21 किलो मीटर की होगी जो गांधी मैदान से गोलघर होते हुए मरीन ड्राइव, पीएमसीएच अंडर पास से अशोक राजपथ मार्ग से पुनः गांधी मैदान आयेगा। इस मैराथन में विभिन्न आयु वर्ग और फिटनेस स्तर के लोग भाग ले सकते हैं। यह आयोजन एसआर एडवेंचर्स द्वारा पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है। मैराथन के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा और उन्हें एक स्वच्छ, स्वस्थ और प्रगतिशील पटना बनाने में योगदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगा। मैराथन में भाग लेने वाले लोगों को विभिन्न पुरस्कार दिए जाएंगे और उन्हें पटना के विकास में योगदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। "फिट पटना मैराथन एक ऐसा आयोजन है जो न केवल स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी प्रोत्साहित करता है। मैराथन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष आयोजन किए जाएंगे। मैराथन के दौरान स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। मैराथन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा।

### होली के पारंपरिक वसीयौरा संपन्न



दानापुर में पारंपरिक बसीऔरामें भगवान की झांकियां

**दानापुर।** बृहस्पतिवार को दानापुर में होली के पारंपरिक वसीयौरा संपन्न हो गया। बताया जाता है कि दानापुर में पारंपरिक वसीयौरा बीते कई वर्षों से मनाया जाता जा रहा है। दानापुर के आसपास क्षेत्र से बसियोरा देखने लोग आते हैं। इस बसियारा में अलग-अलग समितियां द्वारा भगवान की झांकियां गाजे बाजे के साथ प्रस्तुत की जाती है। रामजी चक से और नासरीगंज देवी स्थान से इस बार भगवान शिव पार्वती, राधा कृष्ण,हनुमान जी आदि की झांकियां प्रस्तुत की गई काफी संख्या में इसे देखने के लिए भीड़ उमर परी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थानीय प्रशासन मौजूद थे।यह झांकी नासरीगंज से होते हुए तकिया पर तक आए, और वापस अपने स्थान पर झांकी चले गए।

### पुनपुन बाजार में मटका प्रतियोगिता का आयोजन



**पुनपुन।**पुनपुन प्रखंड के पुनपुन बाजार में पारंपरिक मटका प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व डब्लू कुमार एवं आकाश कुमार ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतगुरु प्रसाद, पूर्व मुखिया सुनील कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा सूरज कुमार (सूरज ज्वेलर्स) उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। प्रतियोगिता में कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें अभिषेक कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता अभिषेक कुमार को 2100 की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा बाजार गूंज उठा। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता रहे और समाज में एकजुटता बनी रहे।

### नीतीश का कार्यकाल स्वर्णिम रहेगा भ्रष्टाचार का दाग नही लगा

**फतुहा।** भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि बिहार के मुख्य मंत्री का राजनीतिक कार्यकाल बिहार के विकास और सुशासन के लिए स्वर्णिम माना जाता रहा है। उनके नेतृत्व में राज्य में सड़क, बिजली, पुल छात्राओं को साईकिल शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिला। आज बिहार के लगभग हर गांव तक सड़क और बिजली की सुविधा पहुँची है, जो विकास की एक नई पहचान बनी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में भी कई क्रांतिकारी कदम उठाए। विशेष रूप से छात्राओं को साइकिल और प्रोत्साहन राशि देने की योजना ने लाखों बेटियों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। इस योजना ने न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ाया बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोंच को भी मजबूत किया। नीतीश कुमार की राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता उनकी स्वच्छ छवि रही है। लंबे सार्वजनिक जीवन के बावजूद उनके ऊपर भ्रष्टाचार का कोई बड़ा दाग नहीं लगा है, जो उन्हें देश के ईमानदार नेताओं की श्रेणी में खड़ा करता है। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि यदि वे राज्यसभा के लिए नामांकन करते हैं तो राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भविष्य में उन्हें केंद्र सरकार में बड़ी भूमिका मिल सकती है, यहां तक कि उपप्रधानमंत्री या उपराष्ट्रपति जैसे पदों के लिए भी उनका नाम चर्चा में है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बिहार में सुशासन और विकास के जो मॉडल उन्होंने स्थापित किए हैं, वह राष्ट्रीय राजनीति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। बिहार में कौन मुख्यमंत्री बनेगा 9 मार्च तक फाईनल हो जाएगा। महिला मुख्यमंत्री बनाए जाने कि चर्चा है।

# बांकीपुर बस स्टैंड की भूमि पर बनेगा लग्जरी ताज होटल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**राज्य में पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए माननीय मंत्री पर्यटन विभाग श्री अरुण शंकर प्रसाद की उपस्थिति में आज पर्यटन विभाग/बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BSTDCL) ने सारगा होटल प्रा. लि. के साथ बांकीपुर बस स्टैंड की भूमि पर 5-सितारा लग्जरी ताज होटल के संचालन के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत हुआ है। समझौते के मुताबिक द इंडियन होटल समूह द्वारा इस फाइव स्टार ताज होटल का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राज्य के लोगों की बड़ी अपेक्षा है कि



पर्यटकों और व्यवसायियों को यहां बेहतर आवासन में किसी परेशानी का सामना नही करना पड़े। पटना जैसे शहर में फाइव स्टार होटल की बहुत आवश्यकता है, इसे ध्यान में रखते हुए सरकार राजधानी में तीन पांच फाइव स्टार होटल का निर्माण करवाने जा रही है। पटना में पूर्व से एक फाइव स्टार होटल का निर्माण शुरू हो चुका है, दूसरे के लिए आज समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए हैं आज औपचारिकताएं पूरी हो गयी है, अब तय समय सीमा के अंदर यहां ताज होटल का निर्माण पूरा किया जाए और तीसरे फाइव स्टार होटल के लिए भी प्रक्रिया चल रही है। राज्य में पर्यटन स्थलों के पास काफी सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है, नए सर्किट्स बनाए जा रहे हैं। जिसप्रकार बोधगया और राजगीर में काफी पर्यटक आते हैं, वैसे ही आगामी दिनों में सीतामढ़ी में जानकी मंदिर देखने के लिए भी पर्यटक आएंगे। बिहार स्टेट टूरिज्म

» पर्यटन मंत्री की उपस्थिति में 5-सितारा होटल के संचालन के लिए समझौता पत्र पर किया गया हस्ताक्षर

डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री नंदकिशोर ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन विभाग, बिहार द्वारा बांकीपुर बस स्टैंड के भूखंड का हस्तांतरण पर्यटन विभाग/बिहार स्टेट टूरिज्म डेवपलमेंट कॉ. लि. को किये जाने के पश्चात राजधानी पटना में पर्यटकों को आधुनिक सुविधायुक्त आवासन एवं अन्य पर्यटकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के निमित्त उक्त भूखंड पर फाइव स्टार होटल निर्माण आधारभूत संरचना विकास सामर्थ्यकारी (इनेबलिंग) संशोधन अधिनियम 2023 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार किये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया तदुपरान्त तकनिकी रूप से सफल निविदादाता के रूप में सारगा होटल प्रा. लि. का चयन किया गया है, जिनके द्वारा वार्षिक लाइसेंस प्रीमियम रु 18.60 करोड़ और जीएसटी समर्पित किया गया है। उपरोक्त भूमि पर 500 कमरों का द ताज होटल विकसित किया जायेगा। प्रस्तावित पाँच सितारा होटल में प्रथम फेज में 350 कमरे एवं द्वितीय फेज में 150 कमरों का निर्माण किया जाना है। चयनित एजेंसी के द्वारा 04 वर्षों के अंदर प्रथम फेज का निर्माण पूर्ण कर जनवरी 2030 ई. में द ताज फाइव स्टार होटल का संचालन प्रारंभ करना सुनिश्चित किया जायेगा। बांकीपुर पाँच सितारा होटल के निर्माण हेतु बहुत हीं उपयुक्त स्थल है क्योंकि एक तरफ गंगा नदी है तथा सामने गाँधी मैदान है। इसके साथ ही साथ यह होटल सम्राट अशोक कन्वेंसन सेंटर के नजदीक होने के कारण इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है। द ताज होटल के सीनियर वाइस प्रसिडेंट श्री के. मोहनचंद्रन द्वारा बताया गया कि बाँकीपुर, पटना में विकसित किया जा रहा ताज होटल पूरे भारत में संचालित हो रहे ताज होटलों में एक बेहतरीन संस्करण होगा। वहीं सागरा होटल प्रा. लि. के निदेशक श्री नित्यानन्द सोनथालिया द्वारा बताया गया कि निर्धारित समय में पटनावासियो के लिए बेहतरीन पाँच सितारा होटल का निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर श्री राजेश रौशन, संयुक्त निदेशक, पर्यटन निदेशालय, श्री चंदन चौहान, महाप्रबंधक, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि. सहित सभी विभागीय पदाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# दानापुर मंडल से खुलने वाली 09 विशेष ट्रेनों से वापस लौटेंगे हजारों

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**दानापुर मंडल हर प्रकार से अपने यात्रियों को सुविधा देने का प्रयास करता है, चाहे वह दीपावली का अवसर हो या छठ महापर्व का अवसर या कोई विशेष उत्सव। इसी क्रम में होली के बाद वापसी यात्रा के दौरान ट्रेनों/स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा/सुरक्षा, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के परिचालन, इत्यादि से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश आला अधिकारियों द्वारा जारी किया गया है। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। स्टेशनों पर तथा ट्रेनों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गयी है । साथ ही राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और रेल सुरक्षा बल के बीच समन्वय स्थापित करके भीड़ प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो । प्रमुख स्टेशनों एवं दानापुर मंडल के कंट्रोल रूम में बने वार रूम से



चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गयी है । यात्रियों की सहायता के लिए टीटीई और रेल सुरक्षा बल की तैनाती के साथ-साथ अधिक भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों पर अधिकारियों की भी तैनाती की गयी है । विदित हो कि होली पर्व के बाद लौटने वाले यात्रियों को सुगम व आरामदायक यात्रा सुविधा मुहैया कराते हुए नियमित स्पेशल ट्रेनों के अलावा कई फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । आज दिनांक 05.03.2026 को दानापुर मंडल से ही नियमित ट्रेनों के अलावा 09 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिसमें पटना से राजगीर, पुरी, नई दिल्ली तथा दानापुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस , पुणे, एसएमबीटी बेंगलुरु, एवं चर्लपल्ली के लिए दो गाड़ियां चलाई जा रही हैं। साथ ही स्थानीय यात्रियों के लिए भी राजगीर एवं पटना के बीच भी फेस्टिवल स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं । अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की गई है । होली पर्व बाद यात्रियों की सुविधा के लिए दानापुर एवं पटना (महावीर मंदिर की तरफ) स्टेशन पर होल्डिंग एरिया बनाया गया है। साथ ही ट्रेन के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जा रही है । यात्री सुरक्षा को देखते हुए मुख्य स्टेशनों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे

» दानापुर और पटना में यात्रियों की सुविधा ke लिए,
» स्टेशनों पर बनाया गया होल्डिंग एरिया

से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है । रेल सुरक्षा बल/पुलिस प्रशासन के अतिरिक्त प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की भी तैनाती सुनिश्चित् की जा रही है । संपूर्ण क्रांति जैसी प्रमुख ट्रेनों में कतारबद्ध बोर्डिंग के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात किए गए हैं ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए और उन्हें लंबी लाइनों से बचने के लिए मोबाइल यूटीएस मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। सोशल मिडिया के माध्यम से भी यात्रीयों को स्पेशल ट्रेनों की सूचना लगातार दी जा रही है। यात्री सुरक्षा को देखते हुए मुख्य स्टेशनों ?x

## मैटकेयर में होली मिलन सह आशीर्वाद समारोह संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**बेली रोड स्थित मैटकेयर मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल में होली मिलन सह आशीर्वाद समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय जी रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शशांक शेखर सिन्हा (आईएएस), मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति (आयुष्मान भारत) एवं मैटकेयर पटना हेड डॉ. दयानिधि कुमार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। इसके पश्चात अतिथियों को अस्पताल के विभिन्न विभागों, जिनमें ऑपरेशन थिएटर एवं नवजात गहन चिकित्सा इकाई शामिल हैं, का अवलोकन कराया गया। औपचारिक कार्यक्रम में उद्घाटन पट्ट का अनावरण, रिबन कटिंग एवं अशोक वृक्ष के सिंचन के माध्यम से शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि ऐसे समर्पित अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुँच को



सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा प्रदान करते हैं। इसके उपरांत शशांक शेखर सिन्हा (आईएएस) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सुदृढ़ स्वास्थ्य प्रणाली के लिए पारदर्शी व्यवस्था, सुव्यवस्थित क्रियान्वयन एवं जनसुलभ सेवाएँ आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मैटकेयर जैसे संस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. शिप्रा भारती, शुभम पाण्डेय एवं जिज्ञासा द्वारा किया गया। होली विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का चयन एवं संचालन मधुकर एवं उनकी टीम द्वारा किया गया जिसने समारोह में उत्साह एवं सांस्कृतिक रंग भर दिए। समारोह का समापन डॉ. सुनीता कुमारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पुनपुन प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई होली, बच्चों ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद



नई सोच एक्सप्रेस

**पुनपुन।**पुनपुन प्रखंड में होली का पर्व इस वर्ष हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांवों में रंग-गुलाल की धूम देखने को मिली। लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिले और भाईचारे का संदेश दिया। सुबह के समय बच्चे और बच्चियों ने जमकर रंगों से होली खेली। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। ढोल-नगाड़ों और होली गीतों के बीच युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। शाम होते-होते माहौल पारंपरिक रंग में ढल गया। बच्चों ने अबीर लेकर बड़े-बुजुर्गों के चरणों में लगाया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान परिवारों में प्रेम और सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। होली के इस अवसर पर सूर्या कुमार, अनन्या कुमारी, अनुष्का कुमारी, अंजलि कुमारी, सृष्टि कुमारी,हर्षित राज, रोशनी कुमारी, रानी कुमारी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाकर समाज में एकता का संदेश दिया। पुनपुन प्रखंड में मनाई गई होली ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि रिश्तों को मजबूत करने और प्रेम बांटने का त्योहार है।

# आखं में ग्लूकोमा का होम्योपैथिक में है कारगर दवा - शोभा पटेल

नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा।**भाजपा नेत्री शोभा पटेल ने कहा कि आखं में ग्लूकोमा खतरनाक बीमारी है इस बीमारी से आखं के रोश्नी समाप्त हो जाती है। शोभा पटेल ने कहा कि आखं में ग्लूकोमा का होम्योपैथिक में हैं कारगर दवा है। उनहोंने कहा कि सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा है कि ग्लूकोमा आखं को पुरी तरह नष्ट कर देती है। बीमारी के शुरुआत में ग्लूकोमा पूर्ण तरह ठीक हो सकती है। होम्योपैथिक में लक्षणों के आधार पर दवा दी जाती है। बीमारी का लक्षण धुंधली दिखाई देना, दूर की चीज नहीं दिखाई देना, रोशनी की चारों ओर एक ज्योति दिखाई देना। धनुष के रंग दिखाई पडना रोग बढ़ने पर निकट में भी धुंधली देखना । इस




रोग में तनाव या टेंशन बढ़ जाता है। रेटिना में रक्त स्राव ऑप्टिकल डिस्क में छेद होकर आंख नष्ट होने की संभावना बढ़ जाती है। वर्षों बाद अचानक रोग बढ़कर आंख नष्ट हो जाती है। शुरू से लक्षणानुसार होम्योपैथी दवा सेवन करें तो पूर्ण रूप से आरोग्य हो जाते हैं। (1) लक्षणानुसार होम्योपैथिक दवा सेवन करें। आंख में दर्द ,पानी गिरना, रोशनी के चारों तरफ धनुष का रंग दिखाई पड़ना, अंदर जलन आदि होने पर दवा का नाम आस्टियम सबसे बेहतर 6/ नहीं उपलब्ध होने पर 12 या 30 तीन बार रोज। लेना चाहिए । (2 ) दूसरा आंख के अंदर दर्द, अंधेरा दिखना, दाहिना आंख में एक तरफ की रोशनी दिखाई पड़ना। दवा का नाम कोमोक्लेडिया 6/12/30। कोई एक दवा एक बूंद तीन बार रोज। (3) चेहरा लाल, जलन, आंख में दर्द, सिर में रहकर चिलकना दवा का नाम बेलाडोना 6 /12 / 30 कोई एक दवा तीन बार रोज लेना। (4) अस्वच्छ दृष्टि, ललाट में दर्द, स्नायविक दर्द दवा का नाम सिड्रन 6/12/30/ कोई एक दवा एक बूंद बूंद तीन बार रोज।( 5) दृष्टिहीनता,आंखों में दर्द ,रोगी चुपचाप पड़ा रहता है। दवा का नाम है जेल्सीमियम 6 /12/ 30 कोई एक तीन बार रोज इस दवा से ठीक हो जाता है ।( 6) आंख के सामने विभिन्न प्रकार के रंग दिखाई पड़ते हैं। बत्ती के चारों तरफ ज्योति दिखाई देना। आंख के ऑपरेशन के बाद इस दवा से विशेष फायदा होता है।दवा का नाम फास्फोरस 30 एक बूंद तीन बार रोज। कोई भी दवा चिकित्सा के सलाह से इस्तेमाल

## संदिग्ध अवस्था में फंदे से झूलता मैट्रिक के परीक्षार्थी का शव बरामद, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।**नागेश्वरी कॉलोनी में एक 10वीं का छात्र की संदिग्ध अवस्था में फंदे से झूलता शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान भोजपुर के मथुरापुर निवासी कृष्ण कुमार सिंह के 17 वर्षीय पुत्र कुणाल कुमार उर्फ दीपू के रूप में हुई है। मृतक के पिता बीएसएफ से रिटायर्ड है। स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन छात्र की हत्या कर फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। वहीं घटनास्थल से एक नाबालिग लड़की को भी अभिरक्षा में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। बताया जा रहा है कि मृतक छात्र दानापुर के गोला रोड स्थित डीएवी पब्लिक



मृतक कुणाल का फाइल फोटो

स्कूल का 10वीं कक्षा का छात्र था। वह बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा दे रहा था। बताया जा रहा है कि वह बॉक्सिंग का अब्बल खिलाड़ी भी था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक का दरवाजा खुला हुआ था। सूचना पर पहुंचे मृतक के चाचा टाइगर लाल सिंह ने बताया कि छात्र पढ़ने लिखने में काफी तेज था। 2 फरवरी को वह पुत्र को छोड़कर गांव चली गई थी 7 मार्च को उसका मैट्रिक का अंतिम परीक्षा था। वह वापस आने वाली थे। वे पुत्र की हत्या कर फंदे से लटकने की बात कर रहे हैं। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं पुलिस द्वारा एफएसएल की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। जो घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं। थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है।

## एक्सिस बैंक बना टेस्ला का प्राथमिक फाइनेंसर,देश भर में उपलब्ध कराएगा सुविधाजनक ईवी ऋण

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**एक्सिस बैंक ने घोषणा की है कि वह टेस्ला के लिए पसंदीदा फाइनेंसर (वित्तपोषक) बन गया है, जो टेस्ला के ग्राहकों को उनकी जरूरत के अनुरूप फाइनेंसिंग (ऋण) समाधान और वाहन खरीद का बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा। यह गठजोड़, पर्यावरण अनुकूल वाहन अपनाने की रफ्तार बढ़ाने में मदद करने के लिए नवोन्मेषी, ग्राहक केंद्रित वित्तपोषण समाधान प्रदान कर भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विस्तार के प्रति एक्सिस बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह गठजोड़ देश भर में लागू होगा और इसके तहत बड़े महानगरों तथा उभरते इलेक्ट्रिक हब के ग्राहकों को विश्वसनीय तरीके से टेस्ला कार खरीदने के लिए आसान, डिजिटल प्रक्रिया आधारित ऋण



विकल्प मिलेंगे। इस पेशकश का लक्ष्य है, वाहन खरीद से जुड़ी आरंभिक परेशानियों को कम कर और ग्राहकों के लिए आसान, सुविधाजनक ऑनबोर्डिंग अनुभव सुनिश्चित कर टेस्ला कार खरीदने का सफर आसान बनाना। एक्सिस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुनीश शारदा ने कहा कि भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का तेजी विस्तार हो रहा है, ऐसे में बैंक को इस प्रक्रिया को तेज करने में मदद करने के लिए टेस्ला के साथ गठजोड़ करने पर गर्व है। इस गठजोड़ के जरिए, हम नवोन्मेषी, ग्राहकों की व्यक्तिगत जरूरत के अनुरूप ऋण समाधान मुहैया कराकर वैश्विक स्तर के इलेक्ट्रिक वाहन को आसानी से हासिल करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार



**सुगौली।** होली पर्व को लेकर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के दौरान बुधवार की देर शाम रेलवे पुलिस ने एक व्यक्ति को नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जीआरपी थाना अध्यक्ष ने बताया कि होली को लेकर रेलवे क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर संदेह के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से पांच बोतल नेपाली शराब बरामद की गई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बंजरिया थाना क्षेत्र के घम्हिया निवासी रंजन साह के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब जब्त करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया और उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रेलवे पुलिस ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अवैध शराब की तस्करी पर रोक लगाई जा सके।

### आग लगने से झोपड़ी जलकर राख



**रामगढ़वा।** थाना क्षेत्र के सिंगासिनी पंचायत के त्रिवेणी गांव के वार्ड नंबर 14 में गुरुवार को अचानक आग लग जाने से दारोगा मुखिया का झोपड़ी निर्मित आवासीय घर जलकर राख हो गया। इस संदर्भ में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अजीत यादव ने बताया कि यह घटना तब की है जब गुरुवार की दोपहर घर के सदस्य खेत में घास काटने गये हुए थे। इसी दौरान घर में आग लग गई। आग की लपटें जब बाहर निकलने लगी तब ग्रामीणों ने देखा और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस दरम्यान झोपड़ी जलकर राख हो गई थी। उक्त घटना में घर में रखे अनाज, कपड़े सहित नगद रुपये जलकर राख हो गए।

### मकेर में शिक्षकों की शोकसभा, दिवंगत शिक्षिका को दी श्रद्धांजलि

**छपरा।** मकेर प्रखंड के मध्य विद्यालय कैतुका नंदन में कार्यरत शिक्षिका मनोरमा कुंवर का गत दो मार्च को विद्यालय जाने के दौरान अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। उनकी आत्मा की शांति



के लिए गुरुवार को बीआरसी मकेर में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित शिक्षकों ने दिवंगत शिक्षिका को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। इस अवसर पर परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष निजाम अहमद ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षिका मनोरमा कुंवर का असामयिक निधन शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने प्रखंड के सभी शिक्षकों से अपील की कि वे स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग प्रदान करें ताकि दिवंगत शिक्षिका के परिवार को इस कठिन समय में आर्थिक संबल मिल सके। शोकसभा में शिक्षक उपेंद्र शर्मा, सुबोध बैठा, घनश्याम चतुर्वेदी, बीरू कुमार, धर्मेंद्र शर्मा, निरंजन कुमार, अनिल कुमार, इमरान, उमेश सिंह, राजीव शर्मा, धर्मवीर कुमार, तारा खातून, मानवेंद्र कुमार, इकबाल अहमद सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

### टाइगर एनालिटिक्स ने किया मुजफ्फरपुर में दो दिवसीय डेटा एनालिटिक्स वर्कशॉप का आयोजन



**मुजफ्फरपुर।** वैश्विक एंटरप्राइज एआई और एनालिटिक्स कंसल्टिंग फर्म टाइगर एनालिटिक्स ने अखिल भारतीय युवा उत्थान एवं समाज कल्याण संस्थान और एन्क्विरियस के साथ साझेदारी में मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय डेटा एनालिटिक्स वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। यह पहल टाइगर एनालिटिक्स के व्यापक विज़न का पहला कदम है, जिसके तहत अगले दो वर्षों में बिहार के इंजीनियरिंग कॉलेजों के हजारों छात्रों को एआई तकनीकों में प्रशिक्षित और सक्षम बनाया जाएगा। सत्रों का संचालन एन्क्विरियस के सुनील कुमार और टाइगर एनालिटिक्स के राकेश श्रीरामुला ने किया। इस अवसर पर टाइगर एनालिटिक्स के सीईओ महेश कुमार ने कहा कि बिहार हमेशा से इंटेलेक्चुअल टैलेंट का पावरहाउस रहा है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ये छात्र केवल शैक्षणिक रूप से मजबूत ही न हों, बल्कि वैश्विक एआई और डेटा इकॉनमी में सफल होने के लिए पूरी तरह इंडस्ट्री-रेडी भी हों। वहीं एन्क्विरियस के सीईओ और संस्थापक अमित चौधरी ने कहा कि एमआईटी मुजफ्फरपुर के साथ साझेदारी एक बेहतरीन अनुभव रही है।

### भोजपुरी सिनेमा पर दिखा चढ़ल फगुआ के रंग का प्रीमियर



**भागलपुर।** एंटर10 नेटवर्क के सबसे बड़े होली शो चढ़ल फगुआ के रंग 2026 का प्रीमियर भोजपुरी सिनेमा पर दिखाया गया। यह मेगा फेस्टिव इवेंट खास तौर पर भोजपुरी सिनेमा पर प्रसारित हुआ जिसमें म्यूजिक, डांस, स्टार पावर और होली की अनोखी भावना से भरपूर एक हाई-एनर्जी सेलिब्रेशन हुआ। एंटर 10 नेटवर्क के एमडी मनीष सिंघल के कहा कि एंटर 10 नेटवर्क का लक्ष्य हर त्योहार को परंपरा और आधुनिकता के अद्भुत संगम के साथ मनाना है। इस वर्ष हमारा प्रमुख होली उत्सव चढ़ल फगुआ के रंग एक बार फिर दर्शकों के बीच अपनी सांस्कृतिक विरासत का जादू बिखेरना था। चढ़ल फगुआ के रंग परिवारों को जोड़ने और हमारी अनमोल सांस्कृतिक धरोहर को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने की हमारी एक प्रतिबद्धता है। हमें पूरा विश्वास है कि निरंतरता और गौरव की अपनी इसी विरासत के साथ, यह उत्सव इस साल भी दर्शकों के लिए अविस्मरणीय होगा। इस स्पेशल शो में भोजपुरी सुपरस्टार्स की ज़बरदस्त टीम शामिल रही जिसमें खेसारी लाल यादव, रितेश पांडे, अक्षरा सिंह, नीलम गिरी, राकेश मिश्रा, मणि भट्टाचार्य, ऋतु सिंह, आर्यन बाबू, ऋचा दीक्षित, डिंपल सिंह सहित बहुत से सितारे शामिल रहे।

# जहानाबाद में होली के बाद खूनी संघर्ष, कई घायल, दो की हालत गंभीर

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** जिले के कल्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर गांव में होली पर्व के तुरंत बाद दो पड़ोसी परिवारों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। पहले पक्ष का कहना है कि होली की रात कुछ लोग नशे की हालत में गाली-गलौज कर रहे थे। उनके अनुसार उन्होंने किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं दी और शांतिपूर्वक त्योहार मनाकर घर चले गए। सुबह घर के पीछे बच्चों द्वारा शौच करने को लेकर विवाद शुरू हुआ। जब उन्होंने इसका विरोध किया और जानकारी लेने की कोशिश की तो दूसरे पक्ष ने बात को बढ़ाते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान लगभग पांच लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल रीना कुमारी और किरण कुमारी को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना भेजा गया है, जबकि फेकन मिश्र और शांति देवी सहित अन्य का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। दूसरे पक्ष का कहना है कि दोनों परिवार आपस में रिश्तेदारी में आते हैं लेकिन आपसी संबंध अच्छे नहीं हैं। उनके अनुसार उनके घर का 2-3 साल का बच्चा नाली में शौच कर दिया था। जिस पर पहले पक्ष के लोगों ने बच्चे को डांटते हुए मारपीट की और भगा दिया। बच्चे के रोते हुए घर पहुंचने पर परिजनों ने जब इस पर आपत्ति जताई तो पहले पक्ष ने हमला कर दिया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई, जिसमें दूसरे पक्ष के भी पांच लोग घायल हो गए। घायलों में तनुजा देवी, कौशल्या देवी, वृंदा बिंद, श्याम सुंदर बिंद और राम गुंजन बिंद शामिल हैं। एक महिला ने खुद को गर्भवती बताते हुए गंभीर चोट लगने की बात कही है। सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामला जांच का विषय है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि विवाद का वास्तविक कारण क्या था और किस पक्ष की गलती रही। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल है।

## सुगौली में पुलिस की छापेमारी, 60 लीटर देसी शराब बरामद, भट्ठी ध्वस्त



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 60 लीटर देसी शराब बरामद की है। साथ ही मौके पर संचालित शराब बनाने की भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया गया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के मुसवा भेड़ियारी गांव के खेतों की ओर अवैध रूप से शराब बनाने का कार्य किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब 60 लीटर देसी शराब बरामद की तथा मौके पर संचालित भट्ठी को नष्ट कर दिया। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही कारोबारी मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब कारोबार में शामिल व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जहानाबाद के मल्लाहचक में बहू के साथ मारपीट का आरोप, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** जिले के मल्लाहचक से घरेलू विवाद का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर एक विवाहिता के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। फिलहाल महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घायल महिला ने अपना नाम पूनम देवी बताया है। उनका कहना है कि वह कुछ दिनों के लिए अपने मायके गई हुई थीं। जब वह वापस ससुराल लौटीं तो उन्होंने देखा कि उनके कमरे में ताला लगा हुआ है। रात का समय होने के कारण उन्होंने घरवालों से चाबी मांगी, लेकिन उनकी बात को अनसुना कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने मजबूरी में अपने कमरे का ताला तोड़ दिया। महिला का आरोप है कि ताला टूटने की जानकारी मिलते ही उनके पति रूपेश कुमार, भैंसुर और गोतनी घर पहुंचे और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पूनम देवी का कहना है कि उन्हें कमरे का दरवाजा बंद कर पीटा गया ताकि आसपास के लोगों को इसकी जानकारी न हो सके और कोई मदद के लिए न आ पाए। गंभीर चोट, अस्पताल में भर्ती मारपीट में महिला को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज सदर अस्पताल में जारी है। महिला का आरोप है कि छोटी-छोटी घरेलू बातों को लेकर उनके पति और अन्य परिजन आए दिन झगड़ा करते रहते हैं। इलाज के बाद पूनम देवी ने कहा है कि वह थाने में अपने पति और अन्य आरोपियों के खिलाफ लिखित आवेदन देंगी और न्याय की मांग करेंगी। फिलहाल प्रशासन को इस मामले की आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है। महिला की ओर से आवेदन मिलने के बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। मामला फिलहाल जांच का विषय है। पुलिस को आवेदन मिलने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि घटना के पीछे वास्तविक कारण क्या है और किस पर क्या कार्रवाई की जाएगी?

## काको में होली के रंग ने लिया हिंसक रूप, एक ही परिवार के पांच लोग घायल

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** जिले के काको थाना क्षेत्र अंतर्गत रसलपुर गांव में होली के दिन रंग खेलने को लेकर शुरू हुआ विवाद अगले ही दिन हिंसक झड़प में बदल गया। इस घटना में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। बताया जाता है कि होली के दिन गांव में लोग रंग-गुलाल लगाकर त्योहार मना रहे थे। इसी दौरान एक बच्चा छत से नीचे से गुजर रहे लोगों पर रंग फेंक रहा था। रंग एक व्यक्ति पर पड़ गया, जिससे वह नाराज हो गया और गुस्से में आ गया। उसी समय वहां से गुजर रहे एक अन्य व्यक्ति ने स्थिति को संभालते हुए कहा कि होली का दिन है, बच्चे से गलती हो गई है। उन्होंने बच्चे की ओर से माफी मांगते हुए उस व्यक्ति को समझा-बुझाकर घर भेज दिया। मामला वहीं शांत हो गया। अगले दिन सुबह वही व्यक्ति गुस्से में उनके घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए दबंगई दिखाने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। बचाव के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर झड़प हुई। इस मारपीट में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सरवन कुमार, अंजू देवी, बबीता देवी, मनीष कुमार और सत्येंद्र चौधरी शामिल हैं। सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। परिजनों के अनुसार, तीन भाई, उनकी मां और भाभी घायल हुए हैं। एक घायल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिसे डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए PMCH रेफर करने की बात कही है। घायल सरवन कुमार ने बताया कि आरोपी पड़ोसी ही हैं और बिरादरी के ही लोग हैं। ऐसे में मामला कहीं न कहीं आपसी विवाद और गोतिया से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। उनका आरोप है कि छोटी सी बात को लेकर जानलेवा हमला किया गया। घटना की सूचना प्रशासन को दे दी गई है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि विवाद की असली वजह क्या थी और किस पक्ष की गलती रही। गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# भागलपुर के लोगो ने नए खुले मेगाशॉप का गर्मजोशी से स्वागत किया

नई सोच एक्सप्रेस

» निश्चित उपहारों और विशेष उद्घाटन ऑफर्स के साथ भव्य लॉन्च
» वैल्यू-फैशन सेगमेंट में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया
» भागलपुर में नया स्टोर बिहार का 8वां स्टोर है

**भागलपुर।** मेगाशॉप, वैल्यू फ़ैशन सेगमेंट में ग्राहकों की पसंदीदा शॉपिंग डेस्टिनेशन ने भागलपुर में अपने नए स्टोर के लॉन्च की घोषणा की। मेगाशॉप एक संपूर्ण पारिवारिक फ़ैशन स्टोर है जो निर्माताओं और ग्राहकों के बीच बिचौलियों को हटाकर, हर वर्ग के लोगों के लिए उचित दामों पर आधुनिक और फैशनेबल सामान लाता है। भागलपुर में नया स्टोर सी.एम. टावर, डी.एन. सिंह रोड, नागरमल के पास, खरमनचक, भागलपुर, बिहार में स्थित है। यह स्टोर 14000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला हुआ है। लॉन्च की घोषणा करते हुए हेमंत अग्रवाल, मेगाशॉप के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा, "भागलपुर जैसे समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत जीवनशैली वाले शहर में अपना नया स्टोर खोलना हमारे लिए बेहद खुशी और गर्व का क्षण है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में हमारे अन्य स्टोर्स को मिले शानदार प्रतिसाद को देखते हुए हमने भागलपुर के ग्राहकों को भी वही बेहतरीन शॉपिंग अनुभव प्रदान करने का निर्णय लिया। हमारा निरंतर प्रयास रहा है कि ग्राहकों को श्रेष्ठ गुणवत्ता का मर्चेंडाइज़, उत्कृष्ट सेवा और एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का संपूर्ण शॉपिंग अनुभव मिले। भागलपुर में यह नया स्टोर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लॉन्च के विशेष अवसर पर हम हर खरीदारी पर अपने ग्राहकों को आकर्षक मुफ्त उपहार प्रदान कर रहे हैं। हमारे इस नए स्टोर में बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पादों का संग्रह बेहद किफायती कीमतों पर उपलब्ध है।" नया शोरूम विशाल आंतरिक सज्जा के साथ एक बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। नए स्टोर में युवाओं के लिए एक जीवंत और ट्रेंडी रेंज उपलब्ध है, जिसमें पुरुषों के लिए शर्ट, टी-शर्ट, पैंट, जींस, ट्रैक सूट, शेरवानी, कुर्ता-पायजामा, सूट और महिलाओं के लिए फैंसी टॉप, कुर्ती, जींस, शादी की साड़ियाँ, शादी के डिज़ाइनर सूट, लेगिंग, पजामा और हरेम पैंट शामिल हैं। आपके बच्चों के लिए भी कपड़ों की एक विशाल विविधता उपलब्ध है। इस रेंज में आकर्षक, स्टाइलिश और बेहद आरामदायक कपड़े उपलब्ध हैं जो हर किशोर और युवा की अलमारी में ज़रूर होने चाहिए। वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय रुझानों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह कलेक्शन ट्रेंडी और फैशनेबल है और अविश्वसनीय रूप से कम कीमतों पर उपलब्ध है। ग्राहक मेगाशॉप में एक्सक्लूसिव ऑफर्स के साथ अपनी शॉपिंग को और भी खास बना सकते हैं। हर खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार और विशेषडील्स का लाभ मिलेगा। 1,499 की खरीदारी पर ग्राहक मात्र 149 में डफल बैग या कैसरोल सेट जैसे आकर्षक उपहार प्राप्त कर सकते हैं। 2,999 की खरीदारी पर ग्राहक मात्र 249 में 20 पीस का डिनर सेट या ड्राई आयरन जैसे प्रीमियम गिफ्ट ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त, 4,999 की खरीदारी पर मिक्सर ग्राइंडर मात्र 599 की विशेष कीमत पर उपलब्धहै। सिर्फ 99 से शुरू होने वाले फैशन उत्पादों के साथ यह स्टोर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के परिधानों, फुटवियर, एक्सेसरीज़ तथा होम प्रोडक्ट्स की 5000 से अधिक आकर्षक स्टाइल्स उपलब्ध कराता है। किफायती दामों और बेहतरीन गुणवत्ता के संयोजन के साथ स्टोर ग्राहकों को वैल्यू-फॉर-मनी शॉपिंग अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही ग्राहकों के लिए आकर्षक सुनिश्चित उपहार और विशेष लॉन्च ऑफ़र्स भी पेश किए जा रहे हैं, जो खरीदारी को और भी यादगार बनाते हैं।

## स्मैक के साथ मां और पुत्र पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**रामगढ़वा।** थाना क्षेत्र के रामगढ़वा बाजार के बंधुबारवा रोड स्थित किराये पर रह रहे किराएदार के घर छापेमारी कर रामगढ़वा पुलिस ने 458 ग्राम स्मैक के साथ माता और पुत्र को गिरफ्तार किया है।यह छापेमारी थानाध्यक्ष राजीव साह के नेतृत्व में की गई जिसमें एस आइ रेणु कुमारी,एस आई मनीष कुमार,एस आई राधेश्याम यादव शामिल हैं। पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी के दौरान 9 पैकेट में उक्त स्मैक को बरामद किया है। इनके पास से एक एस बी आई,एक बैंक औफ बडौदा,एक एसबीआइ का शौपिंग कार्ड,एक आधार कार्ड,एक एसबीआई का पास बुक और दो पैनकार्ड बरामद किया है। गिरफ्तार स्मैक तस्करों की पहचान नकरदेई थाना क्षेत्र के सिरिसिया माल गांव निवासी शेख कमरुद्दीन की पत्नी शमसीदा खातुन एवं उनका पुत्र दिलशाद के रुप में हुई है। गिरफ्तार कारोबारी किराये के मकान में रहकर सब्जी का व्यापार करते थे। यहां करीब 5 वर्षों से रह रहे थे। गिरफ्तार महिला तस्कर यहां कारोबार के अलावा स्थानीय आपूर्ति करती थी। गिरफ्तार महिला तस्कर यूपी के बाराबंकी से स्मैक लाती थी। कई जगहों पर स्मैक भी महिला आपूर्ति करती थी।

## हंगामा ओटीटी की नई क्राइम थ्रिलर 'बेगम ऑफ क्राइम' रिलीज, सना मकबूल का दमदार किरदार

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** डिजिटल एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म हंगामा ओटीटी ने अपनी नई ओरिजिनल क्राइम थ्रिलर सीरीज 'बेगम ऑफ क्राइम' लॉन्च कर दी है। यह सीरीज महत्वाकांक्षा, संघर्ष और ताकत की कीमत को दिखाने वाली रोमांचक कहानी पेश करती है। सीरीज की कहानी दिव्या नाम की एक युवती के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार सना मकबूल ने निभाया है। दिव्या एक महत्वाकांक्षी और बेखौफ महिला है, जो अपनी शर्तों पर जिंदगी बनाने के लिए सुरक्षित दुनिया छोड़ देती है और धीरे-धीरे अपराध की दुनिया में कदम रखती चली जाती है। सना मकबूल के साथ इस सीरीज में करण शर्मा भी अहम भूमिका में नजर आते हैं। मेकर्स के अनुसार, दमदार कहानी और गहरे किरदारों के साथ यह सीरीज क्राइम थ्रिलर जॉनर को नए अंदाज में पेश करती है। 'बेगम ऑफ क्राइम' को हंगामा ओटीटी के साथ-साथ टाटा प्ले बिंज, वाचो, बीएसएनएल, प्ले बॉक्स टीवी, रेल वायर ब्रॉडकास्ट, एयरटेल स्ट्रीम प्ले और डोर टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर भी देखा जा सकता है।

## एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर की सीरीज़ 'संकल्प' का ट्रेलर रिलीज, नाना पाटेकर का ओटीटी डेब्यू




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर ने अपनी आगामी सामाजिक-राजनीतिक थ्रिलर सीरीज़ 'संकल्प' का ट्रेलर जारी कर दिया है। इस सीरीज़ के जरिए दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार प्रकाश झा द्वारा निर्देशित और निर्मित यह सीरीज़ चाणक्य-चंद्रगुप्त की कथाओं से प्रेरित आधुनिक राजनीतिक रणनीति की कहानी को नए अंदाज़ में पेश करती है। जियो स्टूडियोज़ की प्रस्तुति और पीजेपी फिल्म्स के बैनर तले बनी इस सीरीज़ में नाना पाटेकर के साथ संजय कपूर, मोहम्मद ज़ीशान अय्यूब, नीरज काबी, कुब्रा सैत और क्रांति प्रकाश झा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कहानी एक प्रभावशाली शिक्षक 'मात साहब' और उनके शिष्य के बीच सत्ता और महत्वाकांक्षा के टकराव के इर्द-गिर्द घूमती है। 'संकल्प' 11 मार्च से एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर पर मुफ्त स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी, जिसे मोबाइल ऐप, अमेज़न शॉपिंग ऐप, प्राइम वीडियो, फायर टीवी और अन्य कनेक्टेड टीवी प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकेगा।

## सोनालीका ने फरवरी में सर्वाधिक 12890 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** देश में कृषि मशीनीकरण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के अपने 30वें ऐतिहासिक वर्ष में सोनालीका ट्रैक्टर्स ने एक और सुनहरा अध्याय जोड़ते हुए वित्त वर्ष 2026 में फरवरी माह की अब तक की सर्वाधिक 12890 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि बड़े स्तर पर मज़बूत कार्या नीति और कंपनी के मूल विश्वास जीतने का दम का प्रमाण है जो किसानों के उज्ज्वल भविष्य की ताकत है। आज जब देश में आधुनिक कृषि तकनीक से उन्नत और किफायती कृषि रही है सोनालीका इनोवेशन, किसानों से गहरा जुड़ाव और मज़बूत बाज़ार पहुंच के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। इस नई उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा कि असली जीतने का दम हमेशा उन किसानों में रहा है, जो हर दिन अपने खेतों में प्रगति बोते हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऐसे हेवी ड्यूटी ट्रैक्टर तैयार करें जो किसानों के सपनों और उनकी सफलता के संकल्प को और मज़बूत बनाएं। 30वें वर्ष के फरवरी माह में 12890 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री हमारे लिए बेहद खास है। यह उपलब्धि भारत के कृषि परिवर्तन में हमारी भूमिका को और मज़बूत करती है और हमें किसानों की प्रगति को देश की समृद्धि से जोड़ने की नई प्रेरणा देती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुरुक्षेत्र सचिवालय के बाहर अवैध खोखों का मामला गरमाया, शिकायत दबाने का आरोप

**कुरुक्षेत्र**।कुरुक्षेत्र सचिवालय के बाहर लगाए गए अवैध खोखों को लेकर विवाद गहरा गया है। शिकायत में आरोप लगाया है कि सचिवालय के बाहर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से खोखे लगाए गए हैं, जहां बैठकर सर्टिफिकेट, एनडीसी तथा रजिस्ट्रियों से संबंधित कार्य करने के बोर्ड लगाए गए हैं। इससे आम जनता को गुमराह किया जा रहा है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में बताया कि उन्होंने इस संबंध में प्रशासन को शिकायत दी थी, लेकिन एसडीएम कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी द्वारा उनकी शिकायत को दबाकर रखा गया है। उनका आरोप है कि होली से दो दिन पहले जब वह अपनी शिकायत के संबंध में कार्यालय पहुंचे तो उन्हें सुबह 11 बजे से 3 बजे तक इंतजार करने को कहा गया। इसके बाद उन्हें 5 मार्च को दोबारा बुलाया गया, लेकिन उस दिन भी संबंधित कर्मचारी कार्यालय में मौजूद नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त कर्मचारी पिछले काफी महीने से इन अवैध खोखे संचालकों से मिला हुआ है और उसके पास अक्सर एजेंट बैठे रहते हैं, जिसके कारण शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए, सचिवालय के बाहर लगे अवैध खोखों को तुरंत हटवाया जाए तथा दोषी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को हो रही परेशानी से राहत मिल सके।


### मुख्य सफाई निरीक्षक ओम नारायण राठौर का निधन से निगम में शोक

**वाराणसी**।नगर निगम के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक (सीएसएफआई) ओम नारायण राठौर का आकस्मिक निधन चार मार्च बुधवार को हो गया | हेरिटेज मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर में उन्होंने अंतिम सांस ली उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर निगम में शोक की लहर दौड़ गई | स्वर्गीय राठौर जी मृदुभाषी स्वभाव व मिलनसार व्यक्तित्व के थे उनकी पहचान एक अनुशासित व समर्पित अधिकारी के रूप में थी | स्वच्छता और जनस्वास्थ्य के प्रति उनकी सजगता और कार्यशैली अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रही है | निगम मुख्यालय में गुरुवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई | इस दौरान निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की | उपस्थित सहयोगियों ने उन्हें एक कर्मठ योद्धा बताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की | वक्ताओं ने नगर परिवार ने कहा कि स्वर्गीय राठौर जी का कार्य के प्रति समर्पण और उनका सरल स्वभाव सदैव स्मरणीय रहेगा | ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें | शोक सभा में अपर नगर आयुक्त सविता यादव,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 एस के चौधरी, समस्त स्वास्थ्य निरीक्षक सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे ||

### जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट एक महिला घायल

**साहिबगंज**। जिरवाबाडी थाना क्षेत्र में दो पक्षों में जमीनी विवाद में मारपीट के दौरान एक महिला घायल हो गई घायल महिला को परिजनों ने गुरुवार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया बताया जा रहा है. कि जिरवाबा थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरुगढ़ निवासी राजेंद्र सिंह के पत्नी शांति देवी (60) है. जहां पड़ोस की ही संतोष पासवान के साथ जमीनी विवाद में मारपीट हो गई मारपीट के दौरान महिला घायल हो गई घायल महिला के परिजनों ने बताया कि लगभग 8 से 10 फीट के रास्ता को लेकर मारपीट हो गई बरहाल घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में किया गया|

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ देशहित और सुरक्षा भी सर्वोपरि : इंद्रभान भदौरिया



**उत्तर प्रदेश**।सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रभान भदौरिया ने कहा कि भारत में हर नागरिक को अपने विचार रखने का अधिकार है, लेकिन यह अधिकार संविधान की मर्यादा और राष्ट्रीय हित के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ-साथ देशहित, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव का ध्यान रखना भी आवश्यक है। भदौरिया ने कहा कि कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बयान देते समय विशेष जिम्मेदारी बरतनी चाहिए, क्योंकि इनका सीधा संबंध देश की सुरक्षा और शांति से जुड़ा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति या समूह देश के भीतर रहकर ऐसी बातें करता है जो राष्ट्रहित या सामाजिक सौहार्द के विरुद्ध हों, तो उसके खिलाफ कानून के दायरे में कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की ताकत यही है कि यहां स्वतंत्रता और जिम्मेदारी दोनों साथ-साथ चलती हैं। इसलिए नागरिकों को अपने विचार व्यक्त करते समय देश की एकता, अखंडता और संविधान की गरिमा को सर्वोपरि रखना चाहिए।

### नीतीश कुमार के राज्यसभा उम्मीदवार बनने पर डॉ. संतोष सुमन ने दी बधाई



**पटना**।बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री एवं हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को वर्ष 2026 के राज्यसभा चुनाव के लिए जनता दल (यू) की ओर से उम्मीदवार घोषित किए जाने तथा नामांकन दाखिल करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। डॉ. सुमन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी बेदाग छवि, सुशासन और जनकल्याणकारी सोच के माध्यम से बिहार की राजनीति को नई दिशा दी है। उनके नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण, दलितों और वंचित वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए कई ऐतिहासिक पहलें की गई हैं, जिनसे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को भी मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का दीर्घ राजनीतिक अनुभव, संतुलित दृष्टिकोण और जनहित के प्रति समर्पण राज्यसभा में भी देश के नीति-निर्माण को नई दिशा देगा। उनके नेतृत्व से बिहार की आकांक्षाओं और समस्याओं को राष्ट्रीय मंच पर और अधिक मजबूती से उठाने का अवसर मिलेगा।

### बीएनएस के प्राथमिक एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**साहिबगंज**।मुफ्फसिल पुलिस ने बीएनएस के प्राथमिक एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार जिसको लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी ने प्रेस रिलीज जारी किया जहाँ गुरुवार को थाना प्रभारी अनीस कुमार पांडे ने बताया है कि मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-22/26 दिनांक 05 मार्च 26 धारा-126(2)/115(2)/109(1)/351(2)/352/3(5) बीएनएस के प्राथमिक अभियुक्त दीपक यादव पिता निवास यादव साकिन शोभनपुर भट्ठा थाना मुफ्फसिल जिला साहिबगंज को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# भाजपा द्वारा होली मिलन समारोह का कार्यक्रम किया

नई सोच एक्सप्रेस






**नई दिल्ली**।भाजपा द्वारा आज मादीपुर विधानसभा एवं मादीपुर मंडल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में , प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा दिल्ली प्रदेश मोहनलाल गिहारा, सुनीता कांगड़ा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष,मुख्य रूप से उपस्थित थे इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष चंद्रपाल बक्शी कुणाल साहनी प्रदीप यादव, महामंत्री सुनील शर्मा, महामंत्री नीरज, संजीव सोनकर, सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे होली के इस रंगारंग कार्यक्रम में तमाम भाजपा नेताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं जिसमें रूपेश मेहरा मनोज कुमार सुनील पहलवान असोलिया, बग्गा आदि नेताओं ने होली की मुबारकबाद दी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा ने कहा कि होली का पर व आपसी भाईचारे प्यार प्रेम का त्यौहार है देशभर में यह त्यौहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है जैसा की इतिहास में होली के त्यौहार के बारे में बताया गया है की सच्ची भक्ति और लगन से परमात्मा अपने भक्त को कभी भी मुसीबत में अकेला नहीं छोड़ते और कान-कान में भगवान विराजमान है जैसा कि भक्त पहलाद ने यह कर दिखाया और भगवान श्री हरि द्वारा प्रहलाद की पद पद पर रक्षा की गई जिसमें होली का के घमंड को चूर-चूर कर दिया होली का जल गई और पहलाद बच गए इतिहास में यह सब बातें दर्ज हैं आज सच्चाई और भक्ति का यह त्यौहार संपूर्ण विश्व भर में मनाया जाता है खासकर मथुरा वृंदावन में यह त्यौहार को देखने के लिए विदेशी पर्यटक लाखों की संख्या में पहुंचते हैं होली का त्योहार हमारे देश की परंपरा और रीति रिवाज का एक जीती जागती मिसाल है

» होली का त्यौहार हमारा ऐतिहासिक पर्व मोहनलाल गिहारा

## प्रख्यात गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट प्रो. जसविंदर सिंह सेवानिवृत्त, 27 वर्षों की सेवा को मिला सम्मान



नई सोच एक्सप्रेस

**श्रीनगर**।प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट प्रोफेसर (डॉ.) जसविंदर सिंह 28 फरवरी 2026 को सक्रिय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने करीब 27 वर्षों तक चिकित्सा, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। डॉ. सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा खालसा हाई स्कूल, मगरमल बाग से तथा उच्च माध्यमिक शिक्षा एसपी कॉलेज श्रीनगर से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने जीएमसी श्रीनगर से एमबीबीएस और एसकेआईएमएस से एमडी (मेडिसिन) की डिग्री हासिल की। उन्होंने गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में डीएम भी किया और कई प्रतिष्ठित चिकित्सकों के मार्गदर्शन में कार्य किया। अपने करियर के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में लगभग 74 शोध पत्र प्रकाशित किए और कई एमडी व डीएम छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्हें 2009 में जे मित्रा पुरस्कार तथा इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी की फेलोशिप व मास्टर डिग्री सहित कई सम्मान मिले। डॉ. सिंह कई सामाजिक और धर्मार्थ संस्थाओं से भी जुड़े रहे हैं, जो जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की सहायता करती हैं। उनकी सेवानिवृत्ति पर डीजीपीसी बडगाम और श्रीनगर के सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की।

## वाराणसी कैंट जीआरपी पुलिस ने धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी**।वाराणसी कैंट जीआरपी पुलिस द्वारा पांच मार्च गुरुवार को जीआरपी बैरक में होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया | कार्यक्रम का आयोजन वाराणसी कैंट जीआरपी प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर के नेतृत्व में किया गया जिसमें सभी पुलिसकर्मियों ने मिलकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं | इस अवसर पर पुलिसकर्मियों के बीच आपसी भाईचारा और सौहार्द का माहौल देखने को मिला | सभी ने मिलकर होली के पर्व की खुशियां साझा कीं और एक-दूसरे को बधाई दी | कार्यक्रम में मुख्य रूप से हेड कांस्टेबल सौभाग्य पांडे,हेड कांस्टेबल अश्वनी सिंह, हेड कांस्टेबल दानिश मासूम सहित जीआरपी के अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे |सभी ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेकर त्योहार की खुशियां मनाईं ||

» जीआरपी प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने मनाई होली
» गुलाल लगाकर पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को दी होली की शुभकामनाए
» होली मिलन समारोह में दिखा आपसी भाईचारा और सौहार्द का माहौल
» हेड कांस्टेबल सहित जीआरपी के जवानों ने उत्साहपूर्वक मनाया होली का पर्व

## ट्यूलिप येलो में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई पहली होली

» रेन डांस और स्विमिंग पूल बना आकर्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**गुरुग्राम**।ट्यूलिप येलो सोसाइटी में पहली बार होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ रंगों के इस पर्व का आनंद उठाया। होली उत्सव को खास बनाने के लिए रेन डांस और स्विमिंग पूल की विशेष व्यवस्था की गई थी, जहां बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने जमकर होली खेली। रंगों और पानी के साथ लोगों ने रेन डांस का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान डीजे की मधुर और जोशीली धुनों पर लोग थिरकते नजर आए और माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। चारों ओर रंग, उमंग और खुशियों का माहौल देखने को मिला। सोसाइटी के निवासियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन आपसी भाईचारे और मेलजोल को मजबूत करते हैं। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और उत्सव को यादगार बनाया।

# मोहनलाल गिहारा को जन्मदिन की मुबारकबाद दी चंदेल ने

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली**।भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा के जन्मदिन के मौके पर उन्हें शुभकामनाएं भेंट करते हुए प्रदेश के मीडिया सह प्रभारी राजू चंदेल ने उन्हें दिल से मुबारकबाद देते हुए कहा कि वह एक जितने बेहतरीन प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा नेता साबित हुए हैं उन्होंने दिन-रात पार्टी संगठन के लिए मेहनत व कार्य किया है इसी के साथ-साथ वह अपने प्रत्येक कार्यकर्ता चाहे वह मंडल या जिला कार्यकर्ता पदाधिकारी हो एक परिवार के मुखिया होने के नाते उन्हें बारीकी से पार्टी में काम करने की शिक्षा दी है और पार्टी को मजबूत किया है आज उन्होंने के कुशल नेतृत्व में दिल्ली के लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति मोर्चा ने दिल्ली प्रदेश में कार्य किया दिल्ली विधानसभा चुनाव में कार्य किया दिल्ली नगर निगम उपचुनाव में कार्य किया और बेहतरीन प्रदर्शन किया अनुसूचित जाति मोर्चा ने उनके साथ बिताए गए फलों को और किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि वह एक महान नेता के रूप में स्थापित हुए हैं इस मौके पर चंदेल ने केंद्रीय नेतृत्व है मांग करते हुए कहा कि हमारे अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा को और अधिक सम्मान देते हुए उन्हें उसे पद पर बिठाया जाए हमारे अनुसूचित जाति मोर्चा के एक महान नेता के रूप में वह उभरे हैं किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं करते वह सबको साथ लेकर के चलने वाले इकलौते नेता है अनुसूचित जाति समाज के उनकी तरक्की और प्रमोशन किया जाने से अनुसूचित जाति समाज का सम्मान होगा

» मोहनलाल गिहारा एक बेहतरीन प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा नेता साबित हुए सरकार उनकी तरक्की करें

## पद्मभूषण पंडितराज श्री राजेश्वर शास्त्री द्रविड़ की स्मृति सभा सांगवेद विद्यालय में आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**वाराणसी**।रामघाट स्थित सांगवेद विद्यालय में विद्यालय के प्राचीन अध्यक्ष पद्मभूषण पंडितराज श्री राजेश्वर शास्त्री द्रविड़ की स्मृति सभा का आयोजन बुधवार को काशी के सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित ब्रजबल्लभ पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ | अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री पाठक ने कहा कि शास्त्री जी का स्मरण ही हमें पवित्र कर देता है उनके आदर्शमय जीवन का हम सबको अनुसरण करना चाहिए | स्मृति सभा में उपस्थित विद्वानों ने कहा कि शास्त्री जी का जीवन तपोमय,त्यागमय और विद्या सदाचार संपन्न था वह भारतीय विद्याओं के सच्चे उपासक थे उनकी जीवनी से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए | कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यक्ष वेदमूर्ति पंडित विश्वेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने किया | विद्वत पूजा एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ ||

## आंगन 2.0 : यादें नवोदय की' कार्यक्रम में जुटे देशभर के पूर्व छात्र

नई सोच एक्सप्रेस




**अहमदाबाद**।अलुमनी एसोसिएशन ऑफ नवोदय, गुजरात (AAN Gujarat) के तत्वावधान में "आंगन 2.0 – यादें नवोदय की" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से 1400 से अधिक नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र शामिल हुए और अपने स्कूल के दिनों की यादों को साझा किया। कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय समिति अहमदाबाद प्रांत के उपायुक्त प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर हरदयाल मीणा (आचार्य, ज.न.वि. पाटन), आर. के. दीक्षित (आचार्य, ज.न.वि. अहमदाबाद), संजय कुमार (मंडल निदेशक, एनसीडीसी) और लेफ्टिनेंट कर्नल वी. के. पांडेय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नवोदय प्रार्थना से हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य और ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से AAN गुजरात की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न राज्यों से आए पूर्व छात्रों को "GEM of Navodaya" और "Navodaya Guiding Star" सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण AAN गुजरात के यूट्यूब चैनल पर भी किया गया, जिसे देश-विदेश में बसे नवोदय परिवार के लोगों ने देखा। इस अवसर पर सभी ने नवोदय के आदर्श वाक्य "शिक्षार्थ आइए, सेवार्थ जाइए" को जीवन में अपनाने और राष्ट्रसेवा का संकल्प दोहराया।

## खैरा में मेहता फीड्स पोल्ट्री फॉर्म की ओर से गंदगी ओर से दुर्गंध फैलाएं जाने पर ग्रामीणों में रोष, लोग पहुंचे फैक्ट्री



नई सोच एक्सप्रेस

**टाटीझरिया**।प्रखंड क्षेत्र के खैरा में संचालित मेहता फीड्स करमा फैक्ट्री से उठने वाली गंदगी और दुर्गंध आदि समस्याओं से आजिज ग्रामीणों ने सोमवार को मेहता फीड्स करमा पहुंच कर विरोध जताया. ग्रामीणों का कहना है कि फार्म की वजह से गांव में स्थित घरों के लोग दुर्गंध के प्रकोप से जीना दूभर हो गया. फैली दुर्गंध की वजह से लोग बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं. पोल्ट्री फार्म के दुर्गंध से खैरा, करमा, और चेंगरा के लोग बुरी तरह प्रभावित है. ग्रामीणों द्वारा अवलोकन करने पर पता चला कि फैक्ट्री का गंदा पानी खुले में छोड़ दिया जा रहा है. इसके अलावे फैक्ट्री में मरा हुआ मुर्गा खुले में फेंक देने से भेड़िया, सियार, लोमड़ी कुत्ता इत्यादि मांसाहारी जीव जंतु खाते हैं जिससे इन जानवरों के शरीर में ज़ख्म हो जा है, शरीर का बाल भी झड़ रहा है. इन जानवरों को भी बिमारियों से ग्रसित होना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने फैक्ट्री नियंत्रण करने का आग्रह किया है. मौके पर विनय कुमार राम, तुलेश्वर राणा, विरेन्द्र राणा, सुरेंद्र राणा, लखन पासवान, पवन कुमार, विरेन्द्र ठाकुर, पप्पू राणा, दामोदर ठाकुर, दिलिप राणा, मिथिलेश राणा, छोटी सिंह, पंकज राणा, प्रवीण राणा, विनोद पासवान, अंकित राणा, चेतलाल राणा, बालदेव शर्मा, नेमा मिस्त्री, कैला पासवान, मुकेश पासवान, सरयु मिस्त्री, महेंद्र प्रसाद, मेघलाल यादव समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# भारत की पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी

नई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उदय से न केवल भारतीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए भी चिंताएं उत्पन्न हो रही हैं। यह उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दशकों में, प्रौद्योगिकी क्षेत्र भारत में उपभोक्ता मध्यम वर्ग के निर्माण का एक प्रमुख चालक रहा है। प्रमुख तकनीकी कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट के चलते, नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) की बैठक पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। वैश्विक तकनीकी शेयरों में गिरावट का सीधा कारण कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के नए उपकरणों का उदय है। विशेष रूप से, अमेरिकी कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने क्लाउड ऐप्स पर ऐसी सेवाएं प्रदान की हैं, जिनसे यह धारणा बनी है कि वे उन कार्यों को करने में सक्षम हैं जो पहले टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो जैसी तकनीकी कंपनियां करती थीं। परिणामस्वरूप, इस महीने ऐसी भारतीय कंपनियों के शेयरों में रोजाना गिरावट देखी गई है। भारतीय तकनीकी शेयरों में गिरावट का मुख्य कारण विदेशी निवेशकों द्वारा धन की निकासी है। इस घटनाक्रम से न केवल भारत के तकनीकी क्षेत्र, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं। भारत में तकनीकी क्षेत्र केवल अर्थव्यवस्था का एक हिस्सा नहीं है, बल्कि पिछले तीन दशकों से उपभोक्ता मध्यम वर्ग के निर्माण में इसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पिछले वर्ष, तकनीकी कंपनियों में 58 लाख कर्मचारी कार्यरत थे। आयकर आंकड़ों के अनुसार, भारत की कुल स्थायी वेतन आय में तकनीकी कर्मचारियों का योगदान 25.5 प्रतिशत से अधिक था। यह हिस्सा केंद्र सरकार के कर्मचारियों के कुल वेतन से सवा तीन गुना अधिक है। यदि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के कारण इस क्षेत्र में गिरावट आती है, तो इसका असर स्पष्ट रूप से भारत की पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। इसीलिए मंगलवार को होने वाली नैसकॉम की बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसमें भारत में एआई को अपनाने की गति और उद्योगों पर इसके प्रभाव पर प्रमुख रूप से चर्चा होगी। भारतीय तकनीकी कंपनियां आश्वासन दे रही हैं कि एआई के उपयोग से उनके संचालन पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। उनके अनुसार, वे एआई युग की मांगों के अनुरूप तेजी से ढल रही हैं।

# बिहार में बदलेंगे सियासी समीकरण? सत्ता परिवर्तन पर उठते सवाल



आरती कुमारी

बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ उस समय सामने आया जब राज्य के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतिश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का निर्णय स्वीकार किया और इसके लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया। उनके नामांकन के अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पटना पहुँचना भी इस राजनीतिक घटनाक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। लगभग दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का यह निर्णय केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि बिहार की सत्ता और राजनीति के स्वरूप में आने वाले बड़े परिवर्तन का संकेत भी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार की राजनीति पहले से ही गठबंधनों, समीकरणों और सत्ता-संतुलन के दौर से गुजर रही है। इस निर्णय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। यह परिवर्तन जहां एक ओर नई संभावनाओं का संकेत देता है, वहीं दूसरी ओर कई सवाल भी खड़े करता है, क्या यह जनादेश का सम्मान है या उससे विचलन? क्या यह बिहार के लिए नई दिशा का मार्ग है या राजनीतिक रणनीति का एक नया अध्याय?

नीतिश कुमार को लंबे समय से "सुशासन पुरुष" के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने बिहार को लंबे समय तक स्थिर राजनीतिक नेतृत्व दिया और शासन व्यवस्था को कई स्तरों पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया। सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पंचायत सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधार जैसे अनेक क्षेत्रों में उनके कार्यों की चर्चा होती रही है। उनके शासनकाल में बिहार ने अराजकता और अपराध की छवि से बाहर निकलकर विकास और स्थिरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की ओर जाना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक भूमिका के पुनर्निर्धारण के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को अधिक व्यापक बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, जबकि कुछ इसे बिहार की सत्ता में नई पीढ़ी और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के रूप में भी देखते हैं। बिहार में अपेक्षित संभावनाएं पूरी तरह आकार नहीं ले पायी, इसलिये भी भाजपा खुद का मुख्यमंत्री लाकर बिहार को विकास से जोड़ना चाहती है।

नीतिश कुमार के इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है। विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे "जनादेश के साथ खिलवाड़" और "राजनीतिक समझौते की राजनीति" करार दिया है। उनका तर्क है कि यदि मुख्यमंत्री बदलना ही था तो जनता के पास फिर से जाने का रास्ता अपनाया जाना चाहिए था। इस प्रकार यह बहस केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता की भी बन गई है। दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा बिहार में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री आता है, तो यह बिहार की राजनीति के लिए एक नया अध्याय हो सकता है। भाजपा लंबे समय से यह दावा करती रही है कि वह राज्य में विकास, सुशासन और अपराध-मुक्त प्रशासन को और अधिक प्रभावी रूप में लागू करना चाहती है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि बिहार में विकास की गति को और तेज करने, निवेश को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई नेतृत्व संरचना की आवश्यकता है।

किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन एक सामान्य और आवश्यक प्रक्रिया होती है। यह परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक ढंग से और राजनीतिक सहमति के साथ होता है, तो यह व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाता है। बिहार में पिछले दो दशकों में राजनीतिक स्थिरता अपेक्षाकृत बनी रही है और इसका एक बड़ा श्रेय नीतिश कुमार के नेतृत्व को दिया जाता है। अब जब वह सक्रिय प्रशासनिक भूमिका से हटकर संसदीय राजनीति की ओर जा रहे हैं, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नया नेतृत्व उस स्थिरता को किस प्रकार बनाए रखता है। सत्ता परिवर्तन का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इससे शासन व्यवस्था में नए विचार, नई ऊर्जा और नई प्राथमिकताएँ सामने आती हैं। इस घटनाक्रम के साथ बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी के प्रवेश और नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा भी तेज हो गई है। कई राजनीतिक पर्यवेक्षक यह मानते हैं कि यह परिवर्तन केवल एक व्यक्ति या दल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले समय में राज्य की राजनीति के पूरे स्वरूप को प्रभावित करेगा। यदि नई नेतृत्व संरचना बिहार के विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक समरसता के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से काम करती है, तो यह परिवर्तन राज्य के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। यदि सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार इन अपेक्षाओं पर खरी उतरती है, तो यह निर्णय बिहार के लिए सकारात्मक परिणाम ला सकता है।

बिहार में प्रस्तावित सत्ता परिवर्तन को भाजपा एक व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी का मानना है कि लंबे समय से विकास, सुशासन, भ्रष्टावार-मुक्ति और सुरक्षा के जिन मुद्दों पर बिहार पिछड़ता रहा है, उन्हें एक निर्णायक नेतृत्व और कठोर प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से बदला जा सकता है। इस संदर्भ में कई लोग उत्तर प्रदेश का उदाहरण भी देते हैं, जहाँ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अपराध और माफिया पर कठोर कार्रवाई, प्रशासनिक अनुशासन और विकास योजनाओं के विस्तार ने राज्य की छवि और जनजीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाने का प्रयास किया। इसी दृष्टि से बिहार में भी यह उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि यदि भाजपा को स्पष्ट नेतृत्व का अवसर मिलता है, तो वह अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्ति, प्रशासनिक पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित करने की दिशा में काम कर सकती है।

आज भी यह व्यापक धारणा व्यक्त की जाती है कि बिहार में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अपेक्षित गति से विकास नहीं हो पाया है और कई क्षेत्रों में अपराध तथा असुरक्षा की भावना जनजीवन को प्रभावित करती रही है। ऐसे में यदि नई सरकार दृढ़ नीतियों के साथ विकास, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देती है, तो यह सत्ता परिवर्तन राज्य के लिए नई दिशा और नई दशा का वाहक बन सकता है। यही कारण है कि कुछ राजनीतिक विश्लेषक इसे बिहार के लिए संभावित अवसर के रूप में देखते हैं-एक ऐसा अवसर, जिसमें सुशासन, विकास और सुरक्षित जनजीवन की नई धारा प्रवाहित हो सकती है और राज्य प्रगति के एक नए अध्याय की ओर अग्रसर हो सकता है।

बिहार की राजनीति में नीतिश कुमार का राज्यसभा की ओर जाना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि एक बड़े परिवर्तन की शुरुआत है। इसमें जहाँ विपक्ष जनादेश के सवाल को उठा रहा है, वहीं सत्ता पक्ष इसे नए नेतृत्व और नई दिशा के अवसर के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इतिहास गवाह है कि कई बार राजनीतिक परिवर्तन ही विकास की नई संभावनाओं का मार्ग खोलते हैं। यदि यह सत्ता परिवर्तन बिहार में बेहतर प्रशासन, अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्तिए आर्थिक प्रगति और सामाजिक समरसता को मजबूत करता है, तो यह राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। आने वाला समय ही तय करेगा कि यह निर्णय बिहार की राजनीति में किस प्रकार का अध्याय लिखता है लेकिन इतना निश्चित है कि यह बदलाव राज्य की राजनीति को नई बहसों, नई चुनौतियों और नई संभावनाओं की ओर अवश्य ले जाएगा।

# मनुष्य का सबसे बड़ा पतन तब होता है जब मनुष्य स्वयं आयुध बन जाता है



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

मनुष्य आयुध तब नहीं बनता जब वह बंदूक उठाता है, मनुष्य आयुध तब बनता है जब वह ब्रह्मांड द्वारा प्रदत्त स्वतंत्र चेतना, विवेक और बोध को क्रोध, भय और अहंकार के हाथों गिरवी रख देता है। सभ्यता के इतिहास में हथियारों का निर्माण उतना भयावह नहीं रहा है, जितना भयावह रहा है मनुष्य का स्वयं हथियार में बदल जाना। जब सोच बंद हो जाती है, प्रश्न मर जाते हैं और विवेक मौन हो जाता है, तब तलवार नहीं, मानव मस्तिष्क सबसे खतरनाक आयुध बनता है। मानव इतिहास का पहला हथियार सुरक्षा के लिए नहीं था, बल्कि भय से उपजा था। जंगल में हिंस्र पशु, भूख और अनिश्चितता, इनसे उपजे भय ने पत्थर को हथियार बनाया। परंतु धीरे-धीरे हथियार रक्षा से सत्ता और सत्ता से वर्चस्व का माध्यम बन गया। हर नई सभ्यता ने यह मान लिया है कि "हम पहले से अधिक बुद्धिमान हैं, इसलिए हमारे हथियार अधिक नैतिक हैं।" यही भ्रम तलवार से तोप, तोप से मिसाइल और मिसाइल से परमाणु बम तक ले आया है। हर युद्ध से पहले शब्द चलते हैं, खबरें बनती हैं, नैरेटिव गढ़े जाते हैं। आज युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जाते, वे टीवी स्टूडियो, मोबाइल स्क्रीन और सोशल मीडिया पर लड़े जाते हैं। यह युद्ध शरीर को नहीं, बल्कि मस्तिष्क को निशाना बनाता है। सिद्धांततः मीडिया के चार स्तंभ हैं सत्य, संतुलन, संवेदना और सत्यापन। लेकिन आज का टेलीमीडिया पाँचवें स्तंभ पर खड़ा है, वह है TRP । सत्य अब खबर नहीं, बल्कि सत्य अब डिबेट में चिल्लाने वाला पक्ष बन गया है।मौत अब ब्रेकिंग न्यूज़ है। लाशें अब ग्राफिक्स हैं और आँसू अब विजुअल कंटेंट हैं। जब मीडिया युद्ध से पहले जश्न मनाने लगे, तटस्थता छोड़ दे और राष्ट्रवाद को शोर में बदल दे तब वह पत्रकारिता नहीं, प्रचार तंत्र बन जाती है। यही कारण है कि एक बार खोई विश्वसनीयता दूसरी बार और गहरे संकट में जाती है। टीआरपी का सीधा गणित है डर दिखाओ, भावनाएँ भड़काओ, दर्शक बाँधो और विज्ञापन कमाओ। इस गणित में न राष्ट्र सुरक्षित है, न समाज स्वस्थ है और न मनुष्य संतुलित। टीवी स्क्रीन पर होने वाला मानसिक विस्फोट परमाणु बम से कम खतरनाक नहीं। क्योंकि परमाणु बम शहर को नष्ट करता है, पर मीडिया द्वारा भड़काया गया उन्माद पूरी पीढ़ी को नष्ट कर देता है। यदि सचमुच शांति चाहते हैं, तो युद्धकाल में शून्य उत्तेजना, सामान्य काल में आवश्यक सूचना, न नफरत, न उन्माद और न जश्न। क्योंकि युद्ध कोई त्योहार नहीं होता है। आज मौत पर बहस होती है, लेकिन शोक नहीं। आज पीड़ा पर बहस होती है, लेकिन संवेदना नहीं। आज मानवता कराह रही है और मीडिया उस कराह को डिबेट में बदल रहा है। जब हर दृश्य कंटेंट बन जाए, हर दर्द टीआरपी बन जाए, और हर युद्ध मनोरंजन तो समझना चाहिए कि संवेदनाओं की अर्थी उठ चुकी है। युद्ध की पहली गोली सीमा पर नहीं चलती, वह मन के भीतर चलती है। जब किसी समाज को बार-बार यह बताया जाए कि तुम खतरे में हो। तुम्हारा अस्तित्व संकट में है। तुम्हारे चारों ओर शत्रु हैं, तो धीरे-धीरे भय स्थायी अवस्था बन जाता है और भयग्रस्त समाज तर्क नहीं करता है बल्कि वह आदेश मानता है। यही वह क्षण होता है जब मनुष्य सोचने वाला प्राणी नहीं, प्रोग्राम किया गया औजार बन जाता है। मीडिया जब भय बेचता है, तो उसकी भाषा बदल जाती है "खतरा मंडरा रहा है"। "कुछ बड़ा होने वाला है"। "देखते रहिए, अभी–अभी" यह भाषा सूचना नहीं, उत्तेजना है। यह शब्द नहीं, ट्रिगर हैं। धीरे-धीरे दर्शक खबर नहीं देखता, वह एड्रेनालिन की खुराक लेने लगता है। आज का टेलीविजन स्टूडियो संवाद का मंच नहीं रहा, वह अखाड़ा बन चुका है। यहाँ तर्क नहीं, दहाड़ होती है। प्रमाण नहीं, आरोप होते हैं। प्रश्न नहीं, फ़ैसले सुनाए जाते हैं। एंकर मध्यस्थ नहीं, न्यायाधीश और सेनापति बन बैठता है। TRP वह अदृश्य बारूद है जो हर रात स्टूडियो में भरी जाती है। जितना अधिक शोर, जितनी अधिक नफरत, जितनी अधिक सनसनी, उतनी अधिक रेटिंग। इस गणित में शांति घाटे का सौदा है, संयम उबाऊ है और विवेक व्यावसायिक अपराध। मीडिया किसी को सीधे नहीं मारता, वह संवेदना की हत्या करता है। बार-बार हिंसा देखने वाला मस्तिष्क, दर्द से सुन्न हो जाता है। मौत से अभ्यस्त हो जाता है और अंततः, क्रूरता को सामान्य मान लेता है। यही वह समाज है जहाँ लाशें खबर होती हैं, पर इंसान अदृश्य। राष्ट्र से प्रेम शांत, गहरा और उत्तरदायी होता है। जबकि उन्माद चिल्लाता है, दुश्मन खोजता है और सवाल पूछने वालों को गद्दार कहता है। जब मीडिया राष्ट्रवाद को उन्माद में बदल देता है, तो वह राष्ट्र की रक्षा नहीं करता है बल्कि वह राष्ट्र की आत्मा को जला देता है। युद्धकाल में सूचना का अर्थ होता है संयम, तथ्य और न्यूनतम आवश्यक जानकारी। लेकिन आज युद्धकाल में ग्राफिक्स भड़काऊ होते हैं। स्टूडियो में युद्ध सिमुलेशन होते हैं और एंकर विजयी घोषणाएँ करने लगते हैं। यह पत्रकारिता नहीं, बल्कि मानसिक सैन्य परेड है। यदि टेलीविज़न आग है, तो सोशल मीडिया पेट्रोल। अधूरी खबरें, काटे गए वीडियो और उन्मादी हेडलाइंस। सब मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाते हैं, जहाँ झूठ तेज़ दौड़ता है और सच हाँफता रह जाता है। आज युद्ध केवल सैन्य गतिविधि नहीं है, एक मल्टी-बिलियन उद्योग है। हथियार उद्योग, मीडिया उद्योग, भय का बाजार और भावनाओं की ट्रेडिंग। इस उद्योग में शांति बेरोजगारी लाती है, इसलिए शांति सबसे बड़ा खतरा है। जब दर्शक कहता है "क्या ही कर सकते हैं"। तब वह अनजाने में हर झूठ, हर उन्माद, हर युद्ध-घोषणा पर मौन स्वीकृति दे देता है। इतिहास गवाह है कि सबसे भयानक युद्ध लोगों की चुप्पी से लड़े गए थे। इतिहास में सभ्यताओं का पतन अधिकतर बाहरी आक्रमणों से नहीं हुआ है, बल्कि आंतरिक नैतिक क्षय से हुआ है। रोम का पतन, मेसोपोटामिया का विनाश या बीसवीं सदी के विश्व युद्ध, हर बार हथियार बाद में चले, पहले विवेक मरा। जब समाज ने प्रश्न पूछना छोड़ा। भय को सामान्य माना और प्रचार को सत्य समझ लिया। तब सभ्यता की उलटी गिनती शुरू हो गई। मनुष्य ने अंतरिक्ष जीत लिया, लेकिन भीतर की शून्यता नहीं भर पाया। परमाणु तोड़ लिए, जीन बदल लिए और कृत्रिम बुद्धि बना ली लेकिन यह नहीं सीख पाए कि क्रोध को कैसे संयम में बदलें, अहंकार को कैसे त्यागें। यही असंतुलन मनुष्य को सर्वाधिक खतरनाक प्राणी बनाता है। मनुष्य अब ईश्वर से नहीं डरता है वह स्वयं को ईश्वर समझने लगा है। यही कारण है कि हथियारों को नैतिकता से ऊपर रख दिया गया है। जब कोई कहता है कि "हम सही हैं क्योंकि हम शक्तिशाली हैं" तो समझ लीजिए विनाश का दर्शन तैयार हो चुका है। समस्या केवल मीडिया की नहीं है, समस्या उस दर्शक की भी है जो हर रात उसी जहर को देखता है और फिर कहता है कि "मीडिया तो ऐसी ही है।" भय से मुक्त होने के लिए हर खबर पर प्रतिक्रिया नही देना चाहिए। हर उकसावे पर क्रोध नही करना चाहिए। हर बहस में पक्ष नही चुनना चाहिए। विवेक का पहला नियम है ठहराव। ठहरकर सोचना आज सबसे क्रांतिकारी कार्य है। यह समय किसी एक देश, किसी एक मीडिया हाउस या किसी एक युद्ध का नहीं है। यह समय है यह तय करने का कि क्या मनुष्य अब भी मनुष्य रहना चाहता है या केवल एक चलता–फिरता आयुध।मनुष्य आयुध तब बनता है जब वह अपनी स्वतंत्र चेतना, क्रोध और अहंकार को सौंप देता है। यदि बचना है तो हथियारों से नहीं, मीडिया से नहीं और शत्रुओं से नहीं बल्कि अपने भीतर के अंधे भय से बचना होगा। क्योंकि जिस दिन मनुष्य ने सोचना बंद कर दिया, उस दिन कोई परमाणु बम भी आवश्यक नहीं होगा।




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए नई ऊर्जा से भरपूर रहेगा। आपका हंसमुख स्वभाव दूसरों को भी प्रसन्न करेगा। कहीं फंसा हुआ धन आपको वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आप परिवार के साथ यात्रा की योजना बनाएंगे। बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति से मिलने से आपको अपनी कई समस्याओं का समाधान खोजने में मदद मिलेगी।

**वृषभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। पुराने मामलों में न उलझें। व्यापार के लिए निकलने वाले व्यापारियों को धन लाभ होने की संभावना है। आज आप सामाजिक सेवा में अधिक रुचि लेंगे। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का अवसर मिल सकता है जो आपके व्यापार में लाभ पहुंचाएगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज आप नया घर खरीदने पर विचार करेंगे। इस बारे में आप अपने परिवार से चर्चा करेंगे। आपके बच्चे अपनी उपलब्धियों से आपको गर्व का अनुभव कराएंगे। दिन को खास बनाने के लिए, लोगों को प्यार और उदारता के छोटे-छोटे उपहार दें। समय का सदुपयोग करना सीखें।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए भावनात्मक रहेगा, क्योंकि आप अप्रत्याशित रूप से अपने किसी पुराने बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं। आपके जीवनसाथी का स्नेहपूर्ण व्यवहार आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। करीबी दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ व्यापार करने वालों को समन्वय से काम करने की आवश्यकता है। अपना समय और ऊर्जा दूसरों की मदद करने में लगाएं, लेकिन उन मामलों में दखल न दें जो आपसे संबंधित नहीं हैं।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। जीवन का भरपूर आनंद लेने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं पर नियंत्रण रखें। योग का सहारा लें, जो आपको आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखकर आपके हृदय और मन को लाभ पहुंचाता है। किसी महिला के सहयोग से आपको अपने व्यवसाय या नौकरी में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। आज सकारात्मक सोच के साथ काम करें।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्त रहेगा। घर-परिवार की ज़रूरतों को नज़रअंदाज़ न करें। आपके परिवार को आपसे बहुत उम्मीदें हैं, जिसके लिए आपको थोड़ी ज़्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आपके प्रेमी-प्रेमिका एक-दूसरे की भावनाओं को समझेंगे, जिससे आपके रिश्ते में और मिठास आएगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आप घर की सजावट का सामान खरीदने बाजार जाएंगे। कोई व्यक्ति आपकी बात सुनने के बजाय अपने मन की बात कहना पसंद करेगा। आप आज दोस्तों से मिलने की योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपनी कमाई को व्यापार में फिर से निवेश करेंगे। किसी भी महत्वपूर्ण कार्य के लिए आप अपने भाई-बहनों से सलाह लेंगे। आज अपने जीवनसाथी के साथ समय बिताने से आपका रिश्ता और भी मधुर होगा। आप आज परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता मिलने की संभावना है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अप्रत्याशित खर्चों से थोड़ी परेशानी हो सकती है, लेकिन आप जल्द ही स्थिति को संभाल लेंगे। आज आपके कठोर व्यवहार के कारण कोई आपसे असहमत हो सकता है। आज अपने लिए समय निकालें और अपनी खूबियों और कमियों पर विचार करें। इससे आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन अनुकूल रहेगा। कोई पड़ोसी आपसे मदद मांग सकता है। परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य से घरेलू समस्याओं पर चर्चा करना आज महत्वपूर्ण है। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन समर्पित करने से सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। छात्र कॉलेज के प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरे करेंगे।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। सोच-समझकर किया गया निवेश लाभदायक साबित होगा और समृद्धि लाएगा। आप आर्थिक मामलों को जरूरत से ज्यादा गंभीरता से लेंगे और उन्हें सुलझाने के तरीके खोजेंगे। आप किसी मित्र के साथ घूमने का प्लान बनाएंगे। आज कुछ नया और रचनात्मक करने के लिए अच्छा दिन है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके आसपास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे और आपके काम की सराहना करेंगे। घर पर ज्यादा गुस्सा न करें। अपने गुस्से पर काबू रखें, इससे पारिवारिक माहौल बेहतर होगा। कुछ लोगों से मिलने से आपके जीवन में ताजगी आएगी और आप खुश रहेंगे। घर में कुछ पुरानी चीजें देखकर आपको खुशी हो सकती है। किसी मित्र से आपको कोई अनोखा उपहार मिल सकता है। आज का दिन आपके जीवनसाथी के लिए बहुत अच्छा रहेगा।

# ईरान : पारसी अग्नि से इस्लामी गणराज्य तक - सभ्यता, सत्ता, क्रांति और वैश्विक शक्ति संतुलन का व्यापक शोधपरक विश्लेषण

आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी

ईरान केवल एक राष्ट्र नहीं है; वह इतिहास की एक जीवित धारा है। उसकी पहचान किसी एक कालखंड से निर्मित नहीं हुई, बल्कि सहस्राब्दियों के उतार-चढ़ाव, वैचारिक संघर्षों, धार्मिक पुनर्रचनाओं और भू-राजनीतिक टकरावों से आकार ग्रहण करती रही है। यदि आज के ईरान को समझना है—उसकी शासन व्यवस्था, उसकी क्रांतिकारी चेतना, उसका परमाणु कार्यक्रम, उसकी क्षेत्रीय सक्रियता और भारत सहित विश्व शक्तियों के साथ उसके संबंध—तो हमें उसके अतीत की गहराइयों में उतरना होगा। ईरान की ऐतिहासिक यात्रा एक निरंतरता है, जिसमें पारसी सभ्यता की ज्वाला, शिया इस्लामी विचारधारा की तपिश और आधुनिक राष्ट्रवाद की आकांक्षा एक साथ स्पंदित होती हैं। इस्लाम के आगमन से पूर्व ईरान का धार्मिक आधार ज़रथुस्त्र धर्म था। पैगंबर ज़रथुस्त्र ने सत्य और असत्य के नैतिक संघर्ष को जीवन का मूल सिद्धांत माना। "सद्विचार, सद्वचन और सद्कर्म" की त्रयी सामाजिक आचरण का आधार बनी। अहुरा मज़्दा सर्वोच्च देवता थे, और अग्नि पवित्रता का प्रतीक। अग्नि-मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि सामुदायिक जीवन के केंद्र थे। अचेमेनिड साम्राज्य (ईसा पूर्व 550–330) के दौरान ईरान विश्व शक्ति बना। साइरस महान की नीति धार्मिक सहिष्णुता और प्रशासनिक दक्षता पर आधारित थी। उन्होंने विजित प्रदेशों के धर्मों को सम्मान दिया। दारियस ने सुव्यवस्थित कर-प्रणाली और प्रशासनिक प्रांतों की व्यवस्था विकसित की। इस युग में ईरान केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि संगठित शासन का आदर्श भी था। सासानी साम्राज्य (224–651 ई.) के समय ज़रथुस्त्र धर्म राज्य धर्म बना। राजसत्ता और धर्मसत्ता का घनिष्ठ संबंध स्थापित हुआ। यही वह काल था जब ईरान रोम और बीजान्टिन साम्राज्य से निरंतर संघर्ष में रहा। परंतु सातवीं शताब्दी में अरब इस्लामी विस्तार ने सासानी साम्राज्य का अंत कर दिया। 651 ईस्वी तक ईरान इस्लामी शासन के अधीन आ गया। इस्लाम का आगमन एक झटके में सांस्कृतिक परिवर्तन नहीं था। यह एक दीर्घकालिक प्रक्रिया थी। प्रारंभिक काल में पारसी समुदायों ने अपने धर्म को सुरक्षित रखा। जज़िया कर की व्यवस्था थी। धीरे-धीरे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारणों से इस्लाम का प्रसार हुआ। किंतु ईरान ने इस्लाम को आत्मसात करते हुए अपनी सांस्कृतिक विशिष्टता बनाए रखी। फ़ारसी भाषा इस्लामी सभ्यता का प्रमुख माध्यम बनी। फ़िरदौसी की 'शाहनामा'



ने प्राचीन पारसी गौरव को जीवित रखा। सूफ़ी परंपरा और दर्शन में ईरानी विद्वानों का योगदान उल्लेखनीय रहा। 16वीं शताब्दी में सफ़वीद वंश ने शिया इस्लाम (द्वादशी मत) को राज्य धर्म घोषित किया। यह निर्णय केवल धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक भी था। सुन्नी उस्मानी साम्राज्य से अलग पहचान निर्मित करना आवश्यक था। शिया मत में इमामत की अवधारणा और शहादत की परंपरा ने ईरानी समाज में प्रतिरोध और न्याय की चेतना को प्रबल किया। यही चेतना आगे चलकर 1979 की इस्लामी क्रांति में प्रकट हुई। 19वीं शताब्दी में क़ाजार वंश के काल में ईरान यूरोपीय शक्तियों के प्रभाव में आया। रूस और ब्रिटेन का हस्तक्षेप बढ़ा। 1906 की संवैधानिक क्रांति ने सीमित संसदीय व्यवस्था की स्थापना की। यह आधुनिक राजनीतिक चेतना का आरंभ था। किंतु अस्थिरता बनी रही। 1925 में रज़ा शाह पहलवी ने सत्ता संभाली। उन्होंने राष्ट्रवाद और आधुनिकीकरण को बढ़ावा दिया। शिक्षा, उद्योग, सेना और बुनियादी ढाँचे का विस्तार हुआ। उनके पुत्र मोहम्मद रज़ा शाह ने 'व्हाइट रेवोल्यूशन' कार्यक्रम के तहत भूमि सुधार, महिला मताधिकार और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित किया। परंतु पश्चिमी प्रभाव, राजनीतिक दमन और असमानता ने असंतोष को जन्म दिया। 1953 में प्रधानमंत्री मोसद्दिक के तख्तापलट ने राष्ट्रवादी भावनाओं को गहरा किया। 1979 की इस्लामी क्रांति इसी ऐतिहासिक असंतोष का परिणाम थी। अयातुल्लाह रुहोल्लाह खोमेनी ने 'विलायत-ए-फकीह' सिद्धांत प्रस्तुत किया—जिसके अनुसार एक योग्य धार्मिक विद्वान राज्य का सर्वोच्च मार्गदर्शक होगा। शाह का पतन हुआ और ईरान इस्लामी गणराज्य बना। अमेरिकी दूतावास संकट ने अमेरिका-ईरान संबंधों को स्थायी शत्रुता में बदल दिया। 1980–88 का ईरान-इराक युद्ध क्रांतिकारी शासन की परीक्षा था। लाखों लोग प्रभावित हुए, परंतु शासन संरचना स्थिर हुई। ईरान की शासन पद्धति अद्वितीय है। राष्ट्रपति और संसद जनता द्वारा चुने जाते हैं, किंतु सर्वोच्च सत्ता सुप्रीम लीडर के पास होती है। गार्जियन काउंसिल चुनावी उम्मीदवारों की पात्रता सुनिश्चित करती है। एक्सपीडिएंसी काउंसिल विवादों का समाधान करती है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) सैन्य और आर्थिक प्रभाव रखता है। यह संरचना धार्मिक वैधता और जनादेश के मिश्रण पर आधारित है। 1989 में खोमेनी के निधन के बाद अयातुल्लाह अली खामनेई सुप्रीम लीडर बने। उनके काल में परमाणु कार्यक्रम राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बना। पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान ने वैज्ञानिक क्षमता विकसित की। 2015 का परमाणु समझौता (JCPOA) एक संभावित संतुलन का संकेत था, परंतु बाद में तनाव पुनः बढ़ा। प्रतिबंधों ने अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव डाला—मुद्रा अवमूल्यन, महँगाई और बेरोजगारी बढ़ी। भारत और ईरान के संबंध ऐतिहासिक निकटता पर आधारित हैं। पारसी समुदाय इसका जीवंत उदाहरण है। ऊर्जा सहयोग आधुनिक संबंधों का आधार रहा है। चाबहार बंदरगाह भारत के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है—यह अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुँच का मार्ग देता है। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण व्यापार प्रभावित हुआ, परंतु संवाद जारी रहा। रूस के साथ ईरान का संबंध रणनीतिक सहयोग पर आधारित है, विशेषकर सीरिया में। चीन के साथ दीर्घकालिक निवेश समझौते हुए हैं। अमेरिका के साथ संबंध 1979 से तनावपूर्ण हैं—प्रतिबंध, कूटनीतिक टकराव और सामरिक तनाव इसकी विशेषताएँ हैं। यदि खामनेई के पश्चात सत्ता परिवर्तन होता है, तो उत्तराधिकार प्रक्रिया निर्णायक होगी। संभावित परिदृश्य—कठोर वैचारिक निरंतरता, सीमित उदारीकरण या संस्थागत संतुलन में परिवर्तन। भारत को संतुलित और दूरदर्शी नीति अपनानी होगी। ईरान की भू-राजनीतिक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है। पश्चिम एशिया में शिया-सुन्नी प्रतिस्पर्धा और प्रॉक्सी संघर्षों में ईरान की भूमिका निर्णायक है। ईरान का इतिहास यह दर्शाता है कि कोई भी राष्ट्र अपनी ऐतिहासिक स्मृति से मुक्त नहीं होता। पारसी अग्नि से लेकर इस्लामी क्रांति और परमाणु युग तक की यात्रा में ईरान ने अपनी पहचान को पुनर्परिभाषित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने की नीतीश कुमार की 'राजनीतिक हत्या' : झामुमो महासचिव विनोद पांडेय

**रांची/पटना।** बिहार में बदलते राजनीतिक समीकरण को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने आरोप लगाया कि भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'राजनीतिक हत्या' कर बिहार के जनादेश का अपमान किया है। पांडेय ने बयान जारी कर कहा कि जिस चेहरे पर बिहार की जनता ने भरोसा जताकर जनादेश दिया था, उसी को राजनीति की मुख्यधारा से दूर कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की यह रणनीति काफी पहले से चल रही थी और आने वाले समय में जदयू के भाजपा में विलय की संभावना भी जताई। उन्होंने कहा कि झारखंड में ऐसी किसी भी राजनीतिक साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। झामुमो की भाजपा के खिलाफ लड़ाई पहले भी थी और आगे भी जारी रहेगी।

### पैतृक गांव नेमरा में 'बाहा पर्व' में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन



**रामगढ़।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपने पैतृक गांव नेमरा में आयोजित पारंपरिक 'बाहा पर्व' में सपरिवार शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ गांव स्थित जाहेर थान पहुंचकर पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और राज्यवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली व उन्नति की कामना की। परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना का कार्य नाइके बाबा (पाहन) चैतन टुडू और कुडम नाइके बाबा (उप पाहन) छोटू बेसरा ने संपन्न कराया। मुख्यमंत्री अपने निवास से ग्रामीणों के साथ पदयात्रा करते हुए जाहेर थान पहुंचे। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। ढोल-नगाड़ा और मांदर की थाप के साथ ग्रामीण उनके साथ जाहेर थान पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी मांदर बजाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया और सभी को 'बाहा पर्व' की शुभकामनाएं दीं।

### दारू पुलिस प्रशासन ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल




**दारू (हजारीबाग)।** हजारीबाग जिला के दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत इरगा निवासी राज कुमार गुप्ता पिता महावीर साव को सदर मुसफिल थाना कांड संख्या 737/14 जीआर 2917/14 के वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर हजारीबाग व्यवहार न्यायालय ले गए। जहां से कोर्ट के निर्देशानुसार सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

### पत्रकार संदीप पांडेय को मिली गोली से जान मारने मरवाने की धमकी

#### प्रशासन से लगाया सुरक्षा की गुहार

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला क्षेत्र के टाटीझरिया थाना अंतर्गत झरपो गांव के अपराधी प्रवृति के व्यवहारिक 1.छक्कन पांडेय पिता स्व. नाजिर पांडेय, संतोष पांडेय सागर पांडेय, अनुज पांडेय तीनों के पिता छक्कन पांडेय 2.अजय पांडेय अरविंद पांडेय दोनों के पिता स्व बंशी पांडेय 3. अशोक पांडेय,अरुण पांडेय ,लक्ष्मी पांडेय तीनों के पिता स्व सरजू पांडेय 4. उमेश पांडेय पिता स्व.टूक्कन पांडेय द्वारा लगातार हजारीबाग व्यवहार न्यायालय से केश वापस लेने के लिए प्रथम पक्ष पीड़ित परिवार राम लखन पांडेय पिता स्व.नाजिर पांडेय 1.संदीप पांडेय,संजय पांडेय,सचिन पांडेय एवं उनके सभी परिवार को जान से मारने मरवाने की धमकियां तो इनलोगों द्वारा कई बार दिया जा चुका है। वही बता दे कि 4 मार्च 2026 दिन बुधवार को समय लगभग 4:00 बजे द्वितीय पक्ष के उमेश पांडेय पिता स्व.टूक्कन पांडेय द्वारा द्वितीय पक्ष के सभी आरोपियों के सहयोग से हिंदी दैनिक अखबार के आंचलिक पत्रकार सह जिला प्रतिनिधि संदीप पांडेय को जान से मारने मरवाने की बात सामूहिक रूप शूटर को सुपारी देकर बंदूक से गोली मारने मरवाने की धमकी दी गई। हालांकि पूर्व में भी इनलोगो का आपराधिक इतिहास कुआं से विस्फोटक बम बनाए जाने की सामग्री जिंदा कारतूस गोली जैसे अवैध बंदूक प्रशासन ने अपने कब्जे में बीते लगभग 15 वर्ष पहले बरामद कर चुकी है। विपक्ष के लोगो ने झरपो निवासी रामलखन पांडेय के हक अधिकार के जमीन को जबरन जान से मारने मरवाने की धमकी देकर विस्फोटक धारदार हथियार के बल पर कमजोर समझकर पैतृक संपत्ति और जमीन के ओरिजनल कागजात रख मनमर्जी तरीके से जमीन कब्जा कर घर मकान बना लिया।और बचे जमीन को भी अपना कब्जा में द्वितीय पक्ष कर लिए । ऐसे में पीड़ित परिवार ने हजारीबाग डीसी ,एसपी, एसडीओ,टाटीझरिया थाना प्रभारी, टाटीझरिया अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाया और कहा है कि भविष्य में यदि हमारे परिवार पर किसी भी प्रकार से आपातकालीन घटना दुर्घटना होती है तो इसके जिम्मेवार यही लोग होंगे। वही मामले को कोर्ट में भी दी गई है लेकिन ये लोग बार बार पीड़ित परिवार को धमकी देकर प्रताड़ित कर रहे हैं। धमकी देने के क्रम में अरुण कुमार, घुजा भुइंया,बिनोद कुमार,राजेश कुमार,प्रीतम भुइंया ,कारू भुइंया,सुरेश राम,समेत अन्य कई ग्रामीण मौजूद थे।

### टाटीझरिया में बहुत ही धूमधाम से शांति पूर्वक मनी होली,लोगो में दिखा उत्साह



**टाटीझरिया।** थाना और प्रखंड क्षेत्र के झरपो भराजो खैरा डूमर धर्मपुर डहरभंगा बेडम टाटीझरिया आठों पंचायत के विभिन्न गांवों में होली का पर्व शांति पूर्वक मनाया गया। रंगों के इस पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह और उमंग देखने को मिला।सुबह से ही गांव में रंगों की रौनक से सराबोर रहे। लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर, पिचकारियों से रंग बरसाकर और मिठाइयां बांटकर होली की खुशियां साझा करते नजर आए। कई स्थानों पर डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस भी निकाले गए, वहीं मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना भी की गई।इससे पूर्व मंगलवार की रात विधि-विधान के साथ होलिका दहन संपन्न हुआ। होली के त्योहार में सबसे अधिक उत्साह बच्चों और युवाओं में देखने को मिला, जो सुबह से ही रंगों में रंगे नजर आए। यह पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। लोग पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को "बुरा न मानो, होली है" कहते हुए गले मिलकर बधाई देते दिखे।

**सुरक्षा को लेकर प्रशासन के पुख्ता इंतजाम**

होली पर्व को लेकर बरही थाना पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने लोगों से शांति, सौहार्द और जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग और राजनीतिक कार्यकर्ता भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर रंगों का पर्व मनाते नजर आए। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

# सैकड़ों महिलाओं की भव्य कलश यात्रा से गुंजायमान हुआ देवीनगर

नई सोच एक्सप्रेस



**महेशपुर(पाकुड़)।** महेशपुर प्रखंड के देवीनगर ग्राम स्थित ऊपर टोला में श्री श्री 108 हनुमान मंदिर अनुष्ठान का भव्य शुभारंभ गुरुवार को आध्यात्मिक भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र जय बजरंगबली के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। अनुष्ठान का मुख्य आकर्षण भव्य कलश यात्रा रही। पंडित रामजी पांडे और मनोज पांडे के सानिध्य में मुख्य यजमान अनिल भगत ने सपरिवार विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इसके बाद देवीनगर के ऐतिहासिक सोरोबोरो तालाब से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में पवित्र जल भरा गया। कलश यात्रा में गांव की सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर प्रांगण में अनुष्ठान के दौरान पंडितों द्वारा शुद्ध बेलपत्र, पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्रियों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। दोपहर 2:00 बजे पूजन की पूर्णाहुति के बाद विशाल महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के सदस्यों एवं ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखने लायक रही।

> » क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए की गई विशेष पूजा

# कोटालपोखर में भाईचारे और उल्लास के साथ मनाया गया होली का महापर्व

नई सोच एक्सप्रेस




**बरहरवा/साहिबगंज।** रंगों का महापर्व होली कोटालपोखर क्षेत्र में पूरे उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंग और गुलाल में सराबोर नजर आए। लोगों ने एक-दूसरे को प्रेमपूर्वक रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। होली के अवसर पर जगह-जगह युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों और फगुआ गीतों के साथ झूमते-गाते नजर आईं। कई मोहल्लों और चौक-चौराहों पर लोग पारंपरिक फगुआ गीत गाकर त्योहार की खुशियां मनाते दिखे। छोटे-छोटे बच्चे भी रंग और पिचकारी के साथ मस्ती करते हुए नजर आए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। इस दौरान लोगों ने बड़ों के पैरों में गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया और एक-दूसरे को गले लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। घर-घर में लोग एक-दूसरे के यहां जाकर होली की बधाई देते नजर आए। वहीं होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी और पुलिस प्रशासन लगातार क्षेत्र में गश्त कर स्थिति पर नजर बनाए हुए था। प्रशासन की सतर्कता के कारण कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। इस प्रकार कोटालपोखर क्षेत्र में होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और उल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# पाकुड़ में भाईचारे का संदेश: विधायक निसात आलम की 'दावत-ए-इफ्तार' में उमड़ा जनसैलाब, मांगी अमन-चैन की दुआ

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़।** रमजान के पवित्र महीने के मौके पर गुरुवार को पाकुड़ के बैंक कॉलोनी मैरिज हॉल में विधायक निसात आलम की ओर से भव्य 'दावत-ए-इफ्तार' का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न केवल क्षेत्र में भाईचारे की मिसाल पेश की, बल्कि गंगा-जमुनी तहजीब को भी एक नई ऊर्जा दी। इफ्तार के दौरान बड़ी संख्या में रोजेदारों ने एक साथ बैठकर देश की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं।

**डॉ. तनवीर आलम रहे मुख्य आकर्षण**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक के पुत्र सह कांग्रेस प्रदेश महासचिव डॉ. तनवीर आलम शामिल हुए। उन्होंने इफ्तार के लिए आए सभी रोजेदारों का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ. आलम ने रमजान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा:

"रमजान का पवित्र महीना हमें धैर्य, त्याग और आपसी प्रेम का संदेश देता है। इफ्तार जैसे आयोजन न केवल इबादत का माध्यम हैं, बल्कि ये समाज में हर वर्ग के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं।"

**दिग्गजों की उपस्थिति**

इस आयोजन में राजनीति, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्र के कई प्रमुख लोगों ने शिरकत की। इनमें प्रमुख रूप से एसडीपीओ दयानंद आजाद, एसडीपीओ विजय कुमार, बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू के साथ जिले के अन्य आला अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा, झामुमो जिला अध्यक्ष एजाजुल इस्लाम, हाजी समद अली, वरिष्ठ नेता श्याम यादव और कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष बिलाल शेख सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

**शाम 05:43 बजे हुआ इफ्तार**

निर्धारित समय शाम 05:43 बजे अजान की गूंज के साथ ही रोजेदारों ने खजूर और पानी से अपना रोजा खोला। आयोजन समिति की ओर से रोजेदारों के लिए बेहतरीन इंतजाम किए गए थे। इफ्तार के बाद सामूहिक रूप से मगरिब की नमाज अदा की गई, जिसमें पूरे क्षेत्र की तरक्की और अमन-चैन के लिए विशेष प्रार्थना की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल सौहार्दपूर्ण बना रहा और स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना की।

# तेज रफ्तार हाइवा सफाई कर्मी महिला को मारी टक्कर,मौत पुलिस जांच में जुटी

नई सोच एक्सप्रेस



**साहिबगंज।** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार हाइवा ने सफाई कर्मी महिला को मारी टक्कर मार दी जिससे महिला की मौत हो गई बताया जा रहा है कि जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबी झरना के पास मंगलवार को ड्यूटी कर अपने घर जा रही एक महिला सफाई कर्मी को तेज रफ्तार हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दिया। जबकि हाइवा मौके से फरार हो गया। इसमें महिला सफाई कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से घायल महिला कर्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर मोहन मुर्मू ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत महिला सफाई कर्मी रेखा देवी(45) थी. जहाँ नगर परिषद में सफाई कर्मी की पद पर थी। मिली जानकारी के अनुसार सफाई कर्मी महिला का घर धोबी झरना के पास है। महिला सफाई कर्मी दोपहर में ड्यूटी कर अपने घर जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दिया इसमें महिला सफाई कर्मी के दहिया जांघ पूरी तरह फ्रैक्चर हो गया। जबकि चेहरा समेत शरीर के कई हिस्सों में अंदरूनी चोट लगी। वही शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इधर जिरवाबाड़ी थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है ।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस




**हजारीबाग।** जिला उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में 5 मार्च को जिला स्तरीय आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राशन कार्ड की रिक्तियों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अयोग्य लाभुकों के नाम हटाने तथा योग्य लाभुकों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही लाभुकों के ई-केवाईसी की प्रक्रिया में गति लाने के लिए एनआईसी के साथ समन्वय स्थापित कर चार दिनों के भीतर सुधार लाने को कहा। चीनी वितरण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान डाड़ी प्रखंड में कम वितरण पर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित पदाधिकारियों को वितरण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त चना दाल वितरण को 15 मार्च तक पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने तथा केरोसिन तेल वितरण का प्रतिवेदन 10 मार्च तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। नमक वितरण कार्य को भी गंभीरता के साथ पूर्ण करने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों से चावल वितरण की तिथियों तथा गोदामों में उपलब्ध खाद्यान्नों की अद्यतन रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति की समीक्षा करते हुए उन्होंने अब तक किसानों को किए गए भुगतान की जानकारी प्राप्त की तथा विभाग द्वारा धान अधिप्राप्ति से संबंधित संदेश सभी पंजीकृत किसानों को अनिवार्य रूप से भेजने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में योग्य लाभुकों का नाम राशन कार्ड से न हटे, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही गोदामों में भंडारित खाद्यान्नों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र तथा रसायनों के छिड़काव जैसी व्यवस्थाओं को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री मुरली यादव एवं सभी प्रखंडों को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व अन्य मौजूद थे।

# पाकुड़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: बिना चालान चिप्स लदा ट्रैक्टर जब्त, मालिक और चालक पर FIR दर्ज

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़।** अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ पाकुड़ पुलिस ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में बीते 4 मार्च 2026 की तड़के पुलिस ने छापेमारी कर बिना माइनिंग चालान के चिप्स ले जा रहे एक ओवरलोड ट्रैक्टर को जब्त किया है।

**क्या है पूरा मामला?**

मिली जानकारी के अनुसार, एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम सेजा ईंट भट्ठा के समीप छापेमारी की। सुबह करीब 3 बजे हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने ट्रैक्टर संख्या JH16F4471 को धर दबोचा। जांच में पाया गया कि ट्रैक्टर में लदे चिप्स के लिए कोई वैध माइनिंग चालान (Mining Challan) उपलब्ध नहीं था।

**कार्रवाई और कानूनी प्रक्रिया**

मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने वाहन को तुरंत जब्त कर लिया। इस संबंध में पाकुड़ अंचल अधिकारी (Circle Officer) के लिखित आवेदन के आधार पर मुफस्सिल थाना में संबंधित ट्रैक्टर के मालिक और चालक के विरुद्ध प्राथमिकी (FIR) दर्ज कर ली गई है। छापेमारी दल में मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

**अवैध कारोबारियों को चेतावनी**

एसडीपीओ ने इस कार्रवाई के बाद स्पष्ट लहजे में कहा है कि जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान इसी तरह जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा:

"अवैध परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।"

क्षेत्र में इस कार्रवाई से अवैध रूप से खनिजों का परिवहन करने वाले माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

# गुप्त सूचना पर अमड़ापाड़ा पुलिस की कार्रवाई, जंगल के पास से हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।** गुप्त सूचना के आधार पर अमड़ापाड़ा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तालु मुर्मू उर्फ खलासी (उम्र लगभग 39 वर्ष) पिता स्वर्गीय मंगल मुर्मू, निवासी छोटा लक्ष्मी, थाना मिर्जाचौकी, जिला साहेबगंज के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 04 मार्च 2026 को वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया। गठित टीम जैसे ही बरमसिया मोड़ से कोयला रोड की ओर पहुँची, तभी पुलिस वाहन को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा। पुलिस टीम ने सशस्त्र बल के सहयोग से उसका पीछा किया और ग्राम बरमसिया स्थित जंगल के पास उसे पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम तालु मुर्मू उर्फ खलासी बताया। इसके बाद विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से छुपाकर रखा गया एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस मामले में अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या 08/2026, दिनांक 04.03.2026 के तहत धारा 25(1-B)ए/26 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ के निर्देश पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हथियार के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ गोड्डा तथा साहेबगंज जिले के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं।

**जप्त सामान:**

एक देशी कट्टा
दो जिंदा कारतूस

**छापेमारी दल में शामिल पुलिसकर्मी:**

इस कार्रवाई में पु०नि० मदन कुमार शर्मा (थाना प्रभारी, अमड़ापाड़ा), पु०अ०नि० चन्दन कुमार सिंह, स०अ०नि० संतोल मुर्मू, हवलदार सतपाल कुमार, आरक्षी आनन्द मालतो, प्रकाश असुर तथा संदीप शर्मा शामिल थे।

# बोरियो प्रखण्ड में झामुमो प्रखण्ड कार्यालय का उद्घाटन



नई सोच एक्सप्रेस

**बोरियो।** प्रखण्ड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड कार्यालय का उद्घाटन बोरियो विधानसभा के विधायक धनंजय सोरेन के द्वारा किया गया।इस अवसर पर विधायक ने कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया और कहा कि प्रखण्ड कार्यालय के खुलने से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने और जनता की समस्याओं को उठाने के लिए एक सशक्त मंच मिलेगा।उन्होंने कहा कि झामुमो हमेशा से जनता के हितों के लिए काम करती रही है और संगठन को मजबूत बनाकर क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा।उद्घाटन समारोह में झामुमो के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# हजारीबाग यूथ विंग का रक्तदान शिविर 13 अप्रैल को , रक्तदाताओं को संस्था करेगी हेलमेट भेंट

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग**।सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय हजारीबाग यूथ विंग की एक विशेष बैठक संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया ने की, जबकि संचालन सचिव रितेश खंडेलवाल के द्वारा किया गया। बैठक में संस्था के आगामी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में संस्था के प्रमुख कार्यक्रम एकदिवसीय रक्तदान शिविर को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि आगामी 13 अप्रैल को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को संस्था की ओर से हेलमेट भेंट किया जाएगा। इस पहल के पीछे एक सकारात्मक और जागरूकता से जुड़ा संदेश है। जिस प्रकार एक रक्तदाता रक्तदान कर किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने का कार्य करता है, उसी प्रकार संस्था रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट कर उनके स्वयं के जीवन की सुरक्षा के प्रति भी जागरूक करना चाहती है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटें सबसे अधिक घातक साबित होती हैं, ऐसे में हेलमेट पहनना जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी सोच के साथ संस्था ने यह पहल की है कि जो लोग रक्तदान कर किसी की जान बचाने का पुण्य कार्य कर रहे हैं, उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हेलमेट प्रदान किया जाए। संस्था को उम्मीद है कि इस सकारात्मक संदेश से अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रेरित होंगे और समाज में सुरक्षा एवं सेवा दोनों का संदेश जाएगा।गौरतलब है कि संस्था द्वारा पूर्व में आयोजित रक्तदान शिविरों को भी लोगों का व्यापक सहयोग मिला है। वर्ष 2025 में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 221 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया था, जबकि वर्ष 2024 में 130 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया था। लगातार बढ़ते रक्तदान के आंकड़ों को देखते हुए इस वर्ष के आयोजन को और अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने की योजना बनाई गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पुनीत कार्य से जुड़ सकें और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। रक्तदान शिविर में संग्रहित रक्त को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल के ब्लड बैंक को उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं रेड क्रॉस सोसाइटी हजारीबाग का भी विशेष सहयोग प्राप्त होगा। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि सह-संयोजक के रूप में गुंजन मद्धेशिया, प्रवेक जैन, जयप्रकाश खंडेलवाल एवं कुश पांडे को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संस्था द्वारा लगातार पांचवें वर्ष आयोजित किया जाने वाला लड्डू महाभोग वितरण कार्यक्रम इस वर्ष भी भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। रामनवमी के पावन अवसर पर 26 मार्च को महावीर स्थान मंदिर के समीप 151 किलो लड्डू राम भक्तों के बीच वितरित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में प्रणीत जैन एवं रितेश खंडेलवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संस्था के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और जागरूकता की भावना को बढ़ावा देना है। रक्तदान शिविर के माध्यम से जहां जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलेगा, वहीं हेलमेट भेंट कर सड़क सुरक्षा का संदेश भी समाज तक पहुंचाया जाएगा। वहीं संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि संस्था निरंतर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सेवा कार्यों से जोड़ने का प्रयास कर रही है। इस वर्ष भी रक्तदान शिविर और रामनवमी के अवसर पर आयोजित लड्डू महाभोग कार्यक्रम को भव्य रूप से संपन्न किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इन आयोजनों से जुड़ें और समाज में सेवा एवं जागरूकता का सकारात्मक संदेश प्रसारित हो सके। बैठक में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव रितेश खण्डेलवाल, सह सचिव अभिषेक पांडे, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, संस्था मार्दर्शक जय प्रकाश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित बजाज, सत्यानारायण सिंह,प्रवेक जैन,प्रणीत जैन एवं कैलाश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहें।

» रक्तदान से किसी को जीवनदान मिलता है, हेलमेट देकर हम रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक करना चाहते हैं : करण जायसवाल

## संक्षिप्त समाचार

### पदमा प्रखंड में दो लोगों की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु

**पदमा**।प्रखंड में कल होली के दिन दो लोगों की मृत्यु होने से दोनों गांव में शोक की लहर है। पहली घटना ग्राम रोमी के रहने वाले बुजुर्ग ठाकुराज महतो जो वर्तमान रोमी पंचायत के मुखिया गुड़िया मेहता के ससुर थे। कल शाम रोमी बांग्ला चौक nh 33 पार करते समय किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए जिससे उनके मौत हो गई ! वहीं दूसरी घटना ग्राम पदमा में हुई, पदमा के रहने वाले किशोर प्रसाद मेहता पिता स्वर्गीय भुइया मेहता उम्र लगभग 40 वर्ष की है, मिली जानकारी के अनुसार किशोर प्रसाद मेहता कल शाम अपने ससुराल नागवा हजारीबाग गया था, रात में घर वापस आने के क्रम में नेशनल पार्क nh33 पर बाइक सहित गिर पड़ा मिला। लोगों का कहना है कि किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया होगा। किशोर प्रसाद मेहता अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्री व एक पुत्र को छोड़ गए। घटना की खबर सुनकर पूरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

### लापता अधेड़ का शव तैरता मिला,मास्किपुर डैम में इलाके में सनसनी पुलिस जांच में जुटी

**साहिबगंज/तीनपहाड़**। थाना क्षेत्र के दुगापुर स्थित मास्किपुर डैम में एक 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान चंदा पहाड़िया के रूप में हुई है। चंदा पहाड़िया बीते सोमवार दोपहर से लापता थे, जिनका शव पानी में तैरता हुआ मिला। इस घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है। जहाँ सोमवार से लापता थे चंदा पहाड़िया वही परिजनों के अनुसार, सोमवार दोपहर चंदा पहाड़िया घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिवार ने अपने स्तर पर सगे-संबंधियों और आसपास के गांवों में काफी खोजबीन की, पर उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच सोमवार शाम एक ग्रामीण ने डैम में किसी के डूबने की आशंका जताई थी। सूचना मिलते ही तीनपहाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची,पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने जब डैम के पानी में एक शव को तैरते देखा, तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना के एएसआई ललन राजवार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाला और कागजी कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, राजमहल भेज दिया। बरहाल पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इधर मृतक की पत्नी सुरजी पहाड़िन का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि वे सोमवार से ही अपने पति की तलाश में भटक रही थीं, लेकिन उन्हें क्या पता था कि डैम से यह दुखद खबर मिलेगी। इधर परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है |

### कोटालपोखर में भाईचारे और उल्लास के साथ मनाया गया होली का महापर्व

**बरहरवा/साहिबगंज**।रंगों का महापर्व होली कोटालपोखर क्षेत्र में पूरे उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंग और गुलाल में सराबोर नजर आए। लोगों ने एक-दूसरे को प्रेमपूर्वक रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। होली के अवसर पर जगह-जगह युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों और फगुआ गीतों के साथ झूमते-गाते नजर आईं। कई मोहल्लों और चौक-चौराहों पर लोग पारंपरिक फगुआ गीत गाकर त्योहार की खुशियां मनाते दिखे। छोटे-छोटे बच्चे भी रंग और पिचकारी के साथ मस्ती करते हुए नजर आए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। इस दौरान लोगों ने बड़ों के पैरों में गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया और एक-दूसरे को गले लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। घर-घर में लोग एक-दूसरे के यहां जाकर होली की बधाई देते नजर आए। वहीं होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी और पुलिस प्रशासन लगातार क्षेत्र में गश्त कर स्थिति पर नजर बनाए हुए था। प्रशासन की सतर्कता के कारण कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। इस प्रकार कोटालपोखर क्षेत्र में होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और उल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

### साहिबगंज के पत्रकार चंदन सिंह के आवास में होली मिलन समारोह,गुलाल लगाकर पत्रकारों ने दी शुभकामनाएं



**साहिबगंज**। शहर के नार्थ कॉलोनी स्थित चंदन सिंह के आवासीय परिसर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.जहाँ रंगो का त्योहार होली के अवसर पर समारोह का शुभारंभ कलाकारों ने शिव वंदना से की.उसके बाद एक से बढकर एक होली के गाने पर मौजूद पत्रकारों ने जम कर नृत्य किया.और एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं एक साथ मिष्ठान भोजन का आनंद उठाया मौके पत्रकार सुरेश निर्मल,चंदन सिंह, अरविंद ठाकुर,शिव शंकर निराला, सुनील ठाकुर,सुधाकर,पंकज वर्मा,अमित सिंह,उज्जवल सिंह,अरविंद कुमार, प्रमोद कुमार, कृष्णकांत,आलोक कुमार, तौकीर राज,दीपक केशरी,गोपाल श्रीवास्तव, नवीन कुमार,रंजन कुमार, प्रवीण कुमार,देव आर्यन,मुरलीधर तिवारी,अमित राज सिंह, सहेंद कुमार,सन्नी मंडल,विवेक कुमार सहित जिले के दर्जनों पत्रकार मौजूद थे|

# पाकुड़ में दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदातः पुरानी रंजिश में देवराज सरकार की चाकू घोंपकर हत्या, हमलावरों की तलाश जारी

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़**।झारखंड के पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तलवाडंगा नंदीपाड़ा इलाके में गुरुवार को हुई चाकूबाजी की एक भीषण घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। पुरानी रंजिश के शक के बीच, 8 से 10 अज्ञात हमलावरों ने घात लगाकर देवराज सरकार (उर्फ नेमुआ) की निर्मम हत्या कर दी। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है।

**क्या है मामला?**

मृतक के पिता मेघनाथ सरकार ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा देवराज जैसे ही घर से बाहर निकला, पहले से घात लगाए बैठे 8-10 लोगों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने धारदार हथियारों से देवराज पर ताबड़तोड़ वार किए। परिजन इसे पुरानी रंजिश का परिणाम बता रहे हैं, हालांकि पुलिस अभी हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

**अस्पताल पहुंचने तक टूट चुकी थी सांसें**

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग गंभीर रूप से घायल देवराज को लेकर सोना जोड़ी सदर अस्पताल पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि देवराज के शरीर पर चाकू के 4 से 5 गहरे निशान थे। अत्यधिक रक्तस्राव (Excessive bleeding) के कारण उनकी स्थिति नाजुक थी और डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

**पुलिस की कार्रवाई और जांच**

नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस इसे एक सुनियोजित साजिश मानकर जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया:"प्राथमिक जांच से स्पष्ट है कि यह हमला योजनाबद्ध तरीके से किया गया। हम आसपास के लोगों से पूछताछ कर रहे हैं और संदिग्धों की पहचान की जा रही है। बहुत जल्द दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।"

**इलाके में तनाव, पुलिस तैनात**

इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार और स्थानीय लोग दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। फिलहाल, क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है और पूरे मामले की गहनता से पड़ताल की जा रही है।

## रंगों का त्योहार होली पर्व शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न,चौक चौराहों पर पुलिस प्रशासन था मुस्तैद



नई सोच एक्सप्रेस

**उधवा/साहिबगंज**। उधवा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को रंगों का त्यौहार होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है। होली पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चौक-चौराहों पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। जानकारी के अनुसार उधवा,फुदकीपुर,जंगलपाड़ा मोहनपुर,मनिहारी टोला,कटहलबाड़ी,श्रीधर दियारा,अमानतियारा,बेगमगंज,राधानगर,आतापुर,मसना, चांदशहर,केलाबाड़ी सहित अन्य इलाकों में धूमधाम से रंगों का त्योहार होली का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। लोगों ने एक-दूसरे को रंग एवं गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। वहीं फेसबुक,इंस्टाग्राम,मैसेंजर सहित अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों ने होली पर्व की बधाई दी। वहीं राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी,बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी,थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने विभिन्न इलाकों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात थे।

## महिला उत्पीड़न,डायन प्रथा तथा बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी



नई सोच एक्सप्रेस

» उधवा प्रखंड के दक्षिण पियारपुर पंचायत भवन में गुरुवार को कार्यशाला हुआ आयोजन

**उधवा/साहिबगंज**। जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास के निर्देशानुसार उधवा प्रखंड के दक्षिण पियारपुर पंचायत भवन में गुरुवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देख-रेख के चंदा कुमारी द्वारा किया गया।इस दौरान चंदा कुमारी ने उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका व स्वास्थ्य सहिया को प्रायोजन योजना,आफ्टर केयर,फोस्टर केयर,महिला उत्पीड़न,डायन प्रथा तथा बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।साथ ही उन्होंने कहा कि समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता आवश्यक है।वहीं परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन मो. इकबाल ने बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण,बाल तस्करी, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098,बाल शोषण,बाल श्रम एवं बाल विवाह जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर टोल फ्री नंबर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।महिला सशक्तिकरण,किशोर-किशोरियों के विकास तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के उपायों पर अपने विचार रखें।मौके पर महिला पर्यवेक्षिका दरखाशा खातून,चाइल्ड हेल्पलाइन केस वर्कर संजीव कुमार,पंचायत सचिव, मुखिया,आंगनबाड़ी सेविका,सहिया सहित अन्य मौजूद थे।

# एमडीएमए और गांजा तस्करी से जुड़े दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

नई सोच एक्सप्रेस





**उधवा/साहिबगंज**।राधानगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एमडीएमए और गांजा तस्करी से जुड़े दो अप्राथमिक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार राधानगर थाना कांड संख्या 443/25 के अप्राथमिक अभियुक्त अनारुल शेख तथा कांड संख्या 89/23 के अप्राथमिक अभियुक्त समसुल हक के अपने-अपने घरों में छिपे होने की गुप्त सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। इसी क्रम में पुलिस टीम ने राजमहल थाना क्षेत्र के पूर्वी जामनगर पंचायत अंतर्गत उस्मल्ली टोला में छापेमारी कर अनारुल शेख को गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी ओर हसन टोला में छापेमारी कर समसुल हक (42 वर्ष) को भी दबोच लिया गया। हालांकि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के पास से किसी प्रकार का मादक पदार्थ बरामद नहीं हुआ है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त अनारुल शेख एमडीएमए तस्करी से जुड़े मामले में वांछित था, जबकि समसुल हक गांजा तस्करी से संबंधित मामले में फरार चल रहा था। दोनों लंबे समय से पुलिस की नजर में थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपकर रह रहे थे। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी राधानगर पुलिस मादक पदार्थों के खिलाफ कई कार्रवाई कर चुकी है। बीते 28 अक्टूबर 2025 को थाना क्षेत्र के इंग्लिश नासघाट से पुलिस ने 13.57 ग्राम एमडीएमए के साथ मुख्य अभियुक्त सरफराज अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में थाना कांड संख्या 443/25 दर्ज है और आरोपी सरफराज अहमद फिलहाल जेल में बंद है। इसके अलावा 24 नवंबर 2025 को इसी मामले में जुड़े अप्राथमिक अभियुक्त शमशुल को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। सूत्रों की मानें तो मादक पदार्थ एमडीएमए की तस्करी का तार पश्चिम बंगाल के कालियाचक क्षेत्र से भी जुड़ा बताया जा रहा है। इस नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में नशे का कारोबार फैलाने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री से जुड़े अलग-अलग कांडों के दोनों अप्राथमिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। राधानगर थाना क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है नशे का कारोबार स्थानीय सूत्रों के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र में इन दिनों नशे के कारोबार को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में गांजा, अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी की चर्चा भी सामने आती रही है। बताया जाता है कि रात के अंधेरे में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जाती है, जिससे युवा पीढ़ी तेजी से नशे की लत की चपेट में आ रही है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और क्षेत्र में लगातार निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत चार महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस




**साहिबगंज**।बोरियो में चार सड़कों का शिलान्यास, बीमार कार्यकर्ता का हालचाल भी जाना बोरियो प्रखण्ड में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत चार महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास किया गया।कार्यक्रम में बोरियो विधानसभा के विधायक धनंजय सोरेन ने इन सड़कों का शिलान्यास कर क्षेत्र के विकास को गति देने की बात कही।शिलान्यास की गई सड़कों में जेटके से कैरासोल भाया महाकुली तिलाटॉण्ड चलदोहा मोड़ से रामपुर भाया कुम्हारिया रोड बियाँसी से गमहारिया भाया बाथानी रोड तसर सेंटर से मुर्गाबनी भाया बड़ा पान्दन इस अवसर पर विधायक धनंजय सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क,शिक्षा,स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के माध्यम से गांवों को बेहतर सड़क सुविधा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है,जिससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी और क्षेत्र का समग्र विकास होगा।कार्यक्रम में झामुमो के बोरियो प्रखण्ड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू,उपाध्यक्ष मंडल मराण्डी, कोषाध्यक्ष निताई मंडल,पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष जेठा मराण्डी,मानवेल हांसदा, सुरेश मराण्डी,विजय मराण्डी,रमेश मुर्मू, पंचायत अध्यक्ष विश्वनाथ,सचिव अकबर अली,सुशील लुकस हांसदा, मण्डरो प्रखण्ड अध्यक्ष सुबोध हांसदा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।इस दौरान झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता लक्ष्मण बेसरा,जो पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे हैं,उनका हालचाल भी नेताओं ने जाना।इस अवसर पर विधायक धनंजय सोरेन,राजमहल के माननीय सांसद विजय हांसदा,जिला अध्यक्ष अरुण सिंह,जिला उपाध्यक्ष संजीव सामू हेम्ब्रम,केन्द्रीय समिति सदस्य बब्लू उर्फ संजय मिश्रा तथा बोरियो प्रखण्ड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू ने उनसे मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।नेताओं ने कहा कि संगठन अपने कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहता है।क्षेत्र के विकास के साथ-साथ कार्यकर्ताओं का सम्मान और उनका हालचाल लेना भी संगठन की प्राथमिकता है।

# साहिबगंज पुलिस अधीक्षक के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया



नई सोच एक्सप्रेस

» कुर्ता फाड़ होली समारोह

**साहिबगंज**।साहिबगंज जिले के पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह के आवास में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जहाँ होली मिलन समारोह कार्यक्रम में जिले के पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी पुलिस जवान व पत्रकार हुए शामिल सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी.वही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों के साथ जमकर होली खेली. और अबीर-गुलाल लगाकर दी बधाई.इस अवसर पर रंग-गुलाल के बीच भाईचारे और सौहाद्र का संदेश दिया गया. इस अवसर पर जिले के विभिन्न थाना प्रभारी मौजूद रहे. ढोल-नगाड़ों की थाप पर अधिकारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी. माहौल पूरी तरह रंगमय और उत्साह से भरा रहा. अधिकारी और जवान एक साथ थिरके पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह इस दौरान अलग ही अंदाज में नजर आए. उन्होंने कीचड़ और कूर्ता फाड़ होली खेलते हुए जवानों के साथ जमकर मस्ती की. होली के रंग में रंगे अधिकारी और जवान एक साथ थिरकते दिखे.

**होली आपसी प्रेम और सौहार्द्र का पर्व-एसएसपी**

पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम और सौहार्द्र का पर्व है. इस दिन कोई सीनियर या जूनियर नहीं होता, सभी मिलकर एक परिवार की तरह त्योहार मनाते हैं. उन्होंने शांति और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की थी. यह पर्व खुशियां बांटने का है. सभी लोग सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाएं.

## संक्षिप्त समाचार

### सदर अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिला के पति का मोबाइल फोन हुआ चोरी



**साहिबगंज।** जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है लेकिन इसके बाद भी मोबाइल फोन चोरी समेत अन्य सामानों की चोरी होने की घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा। जहां बुधवार को भी बरहेट निवासी प्रसूता महिला शीला कुमारी के पति मोहित भगत का मोबाइल फोन चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। उधर पीड़ित युवक पाकुड़ जिले के हरिणडांगा का रहने वाला है जिसकी शादी बरहेट में हुई है। आगे पीड़ित युवक ने बताया कि उसकी पत्नी को प्रसव पीड़ा होने के बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां वो सदर अस्पताल परिसर में पिछले दो दिनों से हो रही भागदौड़ के कारण थककर ओपीडी के पास लेटा हुआ था इसी दौरान उसका मोबाइल फोन किसी ने चोरी कर लिया। उधर मोबाइल फोन चोरी होने के मामले में पीड़ित युवक ने जिरवाबाड़ी थाना में शिकायत भी दर्ज कराई है।

### बाला जी चौक में पांच दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आज से




**मयूरहण्ड।** प्रखंड के ग्राम ढोंढी–मर्धनिया के समीप स्थित बाला जी चौक में शुक्रवार से पांच दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और पवित्र कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह धार्मिक अनुष्ठान विश्व शांति और संतान प्राप्ति की कामना को लेकर आयोजित किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यज्ञ को लेकर आसपास के गांवों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है और श्रद्धालु आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक हुआ घायल,अस्पताल में इलाज



**साहिबगंज।** तालझारी थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया घायल युवक को दोस्तों ने इलाज के लिए गुरुवार को सदर अस्पताल लाया बताया जा रहा है कि तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बास्कोला गांव निवासी गौतम मंडल (26)है. वें किसी काम को लेकर बाइक से जा रहा था और बाइक और अनियंत्रित हो गया जिससे बाइक सवार युवक गौतम मंडल घायल हो गया घायल के हाथ में सिर में चोट आई बरहाल घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल में किया गया|

### फाल्गुन पूर्णिमा पर 65 हजार श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**दुमकाः जरमुंडी।** फाल्गुन पूर्णिमा के मौके पर बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर सीमावर्ती जिलों के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी थी। पूर्णिमा के मौके पर पूजा अर्चना के लिए भक्तों की संभावित भीड़ को लेकर मंदिर प्रबंधन और स्थानीय पुलिस प्रशासन के कर्मी विधि व्यवस्था के लिए तैनात रहे। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित करके संस्कार मंडप के रास्ते कतारबद्ध कराकर गर्भगृह ले जाकर पूजा कराया गया। फाल्गुन पूर्णिमा पर श्रद्धालु देर रात पूर्वाह्न 3:00 बजे से ही परिसर के बाहर मंदिर खुलने का इंतजार कर रहे थे। भोर 4:00 बजे ब्रह्म मुहूर्त से बासुकीनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना प्रारंभ की और दोपहर के बाद भी पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा।मंगलवार को भगवान नागेश के विश्राम पूजा तक लगभग 65,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना संपन्न कर लिया था।

# इंटीग्रेटेड फार्मिंग से बदली किस्मतः गुमला के किसान संतोष की सफलता की प्रेरणादायक कहानी

नई सोच एक्सप्रेस

**गुमला।** जिले के कोयनारा गांव में एक ऐसा उदाहरण सामने आया है, जो यह साबित करता है कि इच्छाशक्ति, तकनीकी ज्ञान और सरकारी योजनाओं के प्रभावी उपयोग से खेती को समृद्धि का सशक्त माध्यम बनाया जा सकता है। प्रगतिशील किसान संतोष ने अपने खेत में इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम (IFS) अपनाकर एक सफल और अनुकरणीय मॉडल स्थापित किया है। जिला की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ऐसे किसानों को जिले के लिए प्रेरणादायक मॉडल मानती हैं और अन्य किसानों को भी इससे सीख लेने की सलाह देती हैं।





**ड्रिप इरिगेशन और आधुनिक तकनीक से बढ़ा उत्पादन :** संतोष की खेती आधुनिक तकनीकों पर आधारित है। वे ड्रिप इरिगेशन प्रणाली से स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं, जिससे जल संरक्षण के साथ उच्च गुणवत्ता का उत्पादन हो रहा है। इसके अलावा ग्राफ्टेड टमाटर और ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से फसलों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ी है और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वहीं संरक्षित एवं कीट-रहित वातावरण में शिमला मिर्च की खेती उनके नवाचार और वैज्ञानिक सोच को दर्शाती है।इन प्रयासों से बेहतर उत्पादन का लक्ष्य साकार होता दिख रहा है। संतोष द्वारा की जा रही स्ट्रॉबेरी की खेती आज पूरे गुमला जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है।

**सरकारी योजनाओं से मिली नई दिशा :** संतोष बताते हैं कि कुछ समय पहले तक वे काम के अभाव में भटक रहे थे। इसी दौरान जिला उद्यान विभाग के तकनीकी पदाधिकारी दीपक कुमार सिंह के संपर्क में आने के बाद उन्होंने अपनी बेकार पड़ी जमीन पर खेती करने की योजना बनाई। इसके बाद उन्हें उद्यान विभाग, भूमि संरक्षण विभाग और जिला कृषि विभाग का सहयोग मिला। आज इस प्रयास का परिणाम यह है कि न केवल संतोष के परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है, बल्कि उनके खेत में गांव की आधा दर्जन महिलाओं को भी रोजगार मिला है। संतोष की पत्नी भी इस कार्य में उनका पूरा सहयोग कर रही हैं।

**प्रशासन ने की पहल की सराहना :** जिला मुख्यालय से सटे कोयनारा गांव में संतोष द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर खेती में किए गए सकारात्मक बदलाव ने ग्रामीणों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी प्रभावित किया है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरकार और जिला प्रशासन की योजनाओं का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना, उनकी आय बढ़ाना तथा उनके आजीविका स्तर में सुधार लाना है।उन्होंने कहा कि संतोष जैसे किसानों की मेहनत और सकारात्मक पहल इन योजनाओं की सफलता का प्रमाण है। उपायुक्त ने जिले के अन्य किसानों से भी अपील की कि वे आगे आकर सरकारी योजनाओं का लाभ लें और अपनी खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ें। उपायुक्त ने किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी आवश्यकताओं एवं सहयोग से संबंधित सुझावों के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों से संपर्क करें, ताकि उनकी जरूरत के अनुसार उन्हें बेहतर तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

**खेती के साथ मत्स्य, मुर्गी और बकरी पालन :** जिला उद्यान विभाग के तकनीकी पदाधिकारी दीपक कुमार सिंह के अनुसार यह सफलता विभागीय योजनाओं के प्रति किसान की ईमानदार मेहनत का परिणाम है। वहीं जिला उद्यान पदाधिकारी सह भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष प्रताप ने बताया कि इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम के तहत भूमि संरक्षण योजना से बने परकोलेशन टैंक (तालाब) में मत्स्य पालन किया जा रहा है, जिससे अतिरिक्त आय का स्रोत विकसित हुआ है। इसके साथ ही खेती के साथ मुर्गी पालन और बकरी पालन को भी जोड़ा गया है। इस विविधीकृत उत्पादन प्रणाली से परिवार को पौष्टिक आहार भी मिल रहा है, जो बेहतर पोषण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**पर्यावरण संरक्षण में भी दे रहा योगदान :** संतोष की खेती पर्यावरण के प्रति भी संवेदनशील है। ड्रिप इरिगेशन से जल की बचत हो रही है, तालाब के माध्यम से भू-जल पुनर्भरण हो रहा है तथा जैविक एवं संतुलित पोषण प्रबंधन से भूमि की उर्वरता में भी सुधार हो रहा है। संतोष का यह मॉडल अब जिले के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा बन रहा है और यह संदेश दे रहा है कि आधुनिक तकनीक, सरकारी योजनाओं और मेहनत के समन्वय से खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदला जा सकता है।

## उपायुक्त ने दिया गर्मी से पहले जिले में जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस


**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने गर्मी से पहले जिले की जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उप विकास आयुक्त सन्नी राज के साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की बैठक में जिले में पानी से संबंधित जितनी भी समस्याएं हैं, उनका गर्मी से पहले त्वरित समाधान करने, सभी जलमीनारों को नियमित रूप से चालू रखने, जलापूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। किसी भी क्षेत्र में जलापूर्ति से संबंधित समस्या आने पर उसे 24 से 48 घंटे के भीतर हर हाल में दूर करें। जलापूर्ति व्यवस्था की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए



आवश्यक फंड उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जलमीनार, चापाकल, कुएं सहित जलापूर्ति से जुड़े सभी मौजूदा जल स्रोत शत-प्रतिशत क्रियाशील (फंक्शनल) होने चाहिए। मार्च माह के अंत तक जिले के सभी चापाकल, कुएं एवं जलमीनारों को पूरी तरह से दुरुस्त एवं कार्यशील करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जलापूर्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए टीम का गठन किया जाएगा। इसमें संबंधित क्षेत्र के बीडीओ तथा पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता शामिल रहेंगे। साथ ही एक सत्यापन टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में रैंडम निरीक्षण भी किया जाएगा। बैठक के दौरान प्लंबर एवं श्रमिकों की उपलब्धता की भी जानकारी ली गई, ताकि किसी भी खराबी को शीघ्र ठीक किया जा सके। इसके अलावा स्पेयर पार्ट्स की सूची तैयार करने तथा विश्वसनीय विक्रेताओं से बेहतर गुणवत्ता के सामान की खरीद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने कहा कि जलापूर्ति व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए एक वार रूम भी बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगली बैठक में सभी संबंधित विभाग अपनी विस्तृत रिपोर्ट के साथ उपस्थित होंगे। उपायुक्त ने कहा कि इस बार गर्मी के मौसम में प्रशासन पूरी तरह से सतर्क एवं तैयार रहेगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिले के किसी भी परिवार को पानी लाने के लिए दूर तक नहीं जाना पड़े। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पीएचईडी 1 एवं 2 के कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए।

## फोर व्हीलर वाहन ने एक युवक को कुचला,घायल, पुलिस जांच में जुटी

नई सोच एक्सप्रेस



**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक शर्मसार करने वाली एक घटना घटी फोर व्हीलर वाहन से टक्कर लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल युवक को स्थानीय लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया गया बताया जा रहा है कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रीन होटल चौक निवासी युवक मोहम्मद शाहीन अमन नमाज पढ़कर लौट रहे थे.वही सड़क पर तेज रफ्तार वाहन एक कार आई और युवक को टक्कर लगी टक्कर लगने से युवक ने विरोध भी किया युवक ने पूछा की टक्कर क्यों मारी उसके बाद कार में बैठे व्यक्ति ने वाहन के खिड़की से युवक का हाथ पकड़ लिया और कार आगे बढ़ने लगा लगभग 1 किलोमीटर तक युवक को घसीटा मंगलवार के रात के

» फोर व्हीलर वाहन से टक्कर लगने से विवाद बताया जा रहा है

समय रेलवे स्टेशन चौक पर अफरा-तफरी मच गई जहाँ पीर दरगाह के समीप युवक को फेंक दिया गया इस घटना को अंजाम देकर कार सवार मौके से फरार हो गया परिजनों ने इसकी शिकायत नगर थाना में की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है.पुलिस मामले की जांच कर रही है और ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है|

## गिरिडीह के त्रिवेणी संगम में डूबे दो बच्चों की मौत

नई सोच एक्सप्रेस

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के जमुआ - देवरी इलाके की मध्य सीमा पर बुधवार को गोदावरी त्रिवेणी संगम तालाब में पानी में डूब जाने से दो किशोर की मौत हो गयी। दोनों किशोर देवरी थाना क्षेत्र के चतरो बाजार के रहने वाले थे । खोरी महुआ एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद ने डूबने से दो बच्चों की मौत की पृष्टि की है।मिली जानकारी के अनुसार चतरो ( देवरी ) गांव निवासी संजय साव का पुत्र करण कुमार और पुरनीगड़िया गांव के कृष्णा विश्वकर्मा के पुत्र दीपक कुमार चतरो बाजार में होली खेलने के बाद अपने दोस्तों के साथ स्नान के लिए त्रिवेणी संगम गए थे। जहां पर स्नान के क्रम में दोनों गहरे पानी



मे डूब गए । बच्चों के नदी में डूबने की सूचना के बाद स्थानीय लोग नदी में उतरे और खोजबीन करने में जुट गए । इस बीच खंडोली से गोताखोरों की टीम भी पहुंची। लगभग ढाई तीन घंटे तक खोजबीन के बाद दोनों को पानी से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद दोनों के शव को घर लाया गया तो पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया।

## सिगरेट नहीं देने पर फूंक दी दुकान, लाखों का नुकसान

संवाददाता

**पलामू।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव के निराला टोला में सिगरेट नहीं देने पर एक किराना जेनरल स्टोर फूंक दी गई। दुकान के आइटम सहित शादी के लिए खरीद कर रखे गए सामान जलकर राख हो गए।घटना बुधवार देर रात की है। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया। इस संबंध में पुलिस को आवेदन देकर दुकान में आग लगा देने का आरोप लगाया गया है।जानकारी के अनुसार आग राजेश कुमार गुप्ता की दुकान सह मकान में लगी। राजेश ने गुरुवार को बताया कि बुधवार देर रात चार लड़के सिगरेट लेने के लिए दुकान में पहुंचे थे। शटर जोर-जोर से पीट रहे थे। बाहर निकले तो बगल के टोले के रितिक सिंह छोटू सिंह एवं अन्य



ने सिगरेट मांगते हुए गाली गलौज की और मारपीट करने के लिए कॉलर पकड़ लिया। बताया गया कि सिगरेट खत्म हो गया है।चारों युवक गुस्से में वहां से निकले और जाने के क्रम में धमकी दी की देख लेंगे। इसके कुछ देर बाद दुकान में आग लग गई। तत्काल इसकी सूचना सदर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचे और सभी की मदद से आग पर काबू पाया।राजेश ने बताया कि 11 मार्च को उसके भाई छोटू कुमार गुप्ता की शादी होने वाली है। डेढ़ लाख के सामान खरीद कर रखे थे। 80 हजार नगद भी रखे हुए थे। आग से सारे जल गए। इसके अलावा दुकान में रखें सामान सहित

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 US-इजरायल से जंग में ईरान में मरने वालों की संख्या 1230 पहुंची;जेलेंस्की ने अरब देशों को दिया मदद का आश्वासन, कहाःड्रोन रोकने में करेंगे मदद

2 भारत ने खामेनेई की मौत पर जताया शोक,विदेश सचिव ने कंडोलेंस रजिस्टर पर किए हस्ताक्षर;ईरान ने श्रीलंका से युद्धपोत हमले में मारे गए नागरिकों के शवों को वापस लाने में मदद मांगी

3 शिमलाःकांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया;दोहा में लगातार तीन धमाकों से मचा हड़कंप

4 मैं राज्यसभा का सदस्य बनना चाहता हूंःसीएम नीतीश

5 ईरान के बुकान शहर पर भारी बमबारी,सरकारी इमारत भी निशाने पर;ईरान पर हमले रोकने वाला बिल अमेरिकी सीनेट में खारिज

6 ईरान ने बातचीत का न्योता भेजा,अमेरिका ने नहीं दी प्रतिक्रिया;ईरान युद्ध पर अमेरिकी सीनेट में आज होगी वोटिंग

7 मिडिल ईस्ट तनाव के बीच रुबियो और सऊदी विदेश मंत्री की बातचीत

8 ईरान पर हमला उसके कई सीधे खतरों के जवाब में किया गयाःव्हाइट हाउस

9 नीतीश ने राज्यसभा के लिए किया नामांकन,बोलेःनई सरकार को मेरा सहयोग रहेगा;JDU ऑफिस में तोड़फोड़,तेजस्वी ने कहाःहाईजैक किया

10 नीतीश कुमार समर्थक बोलेःउनका राज्यसभा जाना बहुत दुखद,राजद ने कहाःयह बड़ा पॉलिटिकल अपहरण

11 बिहार में नेतृत्व का तख्तापलट, जनादेश के साथ धोखा',नीतीश के राज्यसभा जाने पर कांग्रेस का हमला

12 नीतीश कुमार 20 साल करीब-करीब बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहे,वह राज्यसभा जा रहे हैं। वैसे,37 साल बाद 'दिल्ली' कूच कर रहे हैं वह। सवाल है कि अटल सरकार में कद्दावर मंत्री रहे नीतीश कुमार का मोदी सरकार में क्या होगा?

13 नीतीश के बाद बिहार का CM कौन, सम्राट चौधरी रेस में आगे,विजय चौधरी भी दावेदार;संघ का चेहरा लाकर चौंका सकती है BJP

14 विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर हमला बोला है। मामला हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत के डूबने से जुड़ा है। आरोप है कि श्रीलंका के पास एक अमेरिकी पनडुब्बी ने इस जहाज को डुबो दिया। राहुल गांधी ने इस घटना पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए हैं

15 राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया का संघर्ष अब भारत के दरवाजे तक पहुंच गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि उन्होंने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को त्याग दिया है। राहुल ने कहा कि ऐसे समय में देश को एक स्थिर नेतृत्व की जरूरत है

16 प्रियंका गांधी छुट्टियां मनाने शिमला पहुंची,छराबड़ा में अपने घर पर ठहरी, कुछ दिन बाद दिल्ली लौटेंगी,सुरक्षा बढ़ाई गई

17 भाजपा ने दिया कांग्रेस को झटका, असम के तीन निलंबित विधायकों को पार्टी में किया शामिल

18 उदयपुर में तोप गरजे,गोलियों की तड़तड़ाहट से सहमा इलाका,आधी रात 451 साल पुरानी परंपरा निभाने जुटे हजारों लोग,बारूद की होली खेली

19 अमेरिका इजराइल की ईरान से जंग,कोलकाता दुबई फ्लाइट शुरू, स्पाइसजेट की UAE से दिल्ली-मुंबई के लिए 13 स्पेशल फ्लाइट्स;श्रीनगर लगातार पांचवे दिन बंद

20 ईरान 6 महीने जंग को तैयार, अमेरिका महीनेभर नहीं टिकेगा,ईरानी थिंक टैंक डायरेक्टर बोलेःहमारी मॉडर्न मिसाइलें बाकी

21 होर्मुज संकटः फारस की खाड़ी में फंसे भारत से जुड़े 38 जहाज और 1100 नाविक,3 की जा चुकी है जान

22 भारत के मेहमान पर हमला हुआ,अमेरिका को भारी कीमत चुकानी होगी;Iris Dena पर अटैक के बाद ईरान की चेतावनी

23 ईरानी जहाज ने श्रीलंका आने की इजाजत मांगी,नहीं मिली,श्रीलंका बोलाः जहां हो वहीं रहो,मदद भेज देंगे;अमेरिका ने अबतक 20 ईरानी वॉरशिप डुबोए

24 नेपाल चुनावः वोट डालकर PM कार्की बोलींःमेरा रोल खत्म,अबतक 18% वोटिंग;गगन थापा-बालेन शाह और केपी शर्मा ओली के बीच मुकाबला

25 सचिन के बेटे की शादी में धोनी-अमिताभ पहुंचे,मुकेश अंबानी-जय शाह भी शामिल हुए;अर्जुन ने बिजनेसमैन रवि घई की पोती के साथ फेरे लिए

26 राजस्थान में पारा 40°C के करीब,MP में 37°C पहुंचा, उत्तराखंड में भी 30°C से ज्यादा,3 दिन बाद बारिश-बर्फबारी संभव;हरियाणा में 33°C

27 सेंसेक्स में 900 अंक की तेजी,80000 के पार,निफ्टी 290 अंक चढ़ा;ऑटो और एनर्जी शेयर्स में खरीदारी

28 अमेरिका की तरफ से ईरान के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जा रही है,व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने प्रेस वार्ता में बताया कि जल्द ही अमेरिकी सेना ईरान के हवाई क्षेत्र पर पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर लेगी। उन्होंने इस दौरान हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भी टिप्पणी की है

29 ईरान में 100 घंटे से इंटरनेट बंद,होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों की आवाजाही 90% घटी,तेल आपूर्ति पर संकट गहराया

30 बिहार में होने वाला है बड़ा? नीतीश कुमार जा सकते हैं राज्यसभा, BJP का होगा CM, JDU के दो डिप्टी सीएम! नितीश कुमार के बेटे को मिल सकता है उपमुख्यमंत्री पद

31 तमिलनाडु चुनाव के लिए DMK-कांग्रेस में सीट शेयरिंग हुई, कांग्रेस 28 विधानसभा सीटों पर लड़ेगी, डीएमके ने एक राज्यसभा की सीट भी दी

32 महाराष्ट्र से MVA गठबंधन शरद पवार को राज्यसभा भेजेगी,कांग्रेस और उद्धव गुट ने समर्थन दिया;16 मार्च को होगी वोटिंग

33 राजस्थान के युवक की ईरान के हमले में मौत,क्रूड ऑयल टैंकर पर गिरी थी मिसाइल,3 दिन से शव ढूंढ रही एजेंसी

34 राजस्थान के नागौर जिले में एक डीजल टैंकर और ट्रक में आमने-सामने की टक्कर के बाद आग लग गई। हालांकि,गनीमत रही कि इस हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ,वहीं दमकल कर्मियों घटना के बाद जल्द ही आग पर काबू पा लिया। इस वजह से डीजल टैंकर में विस्फोट से पहले आग बुझा ली गई।

35 नेपाल में कुछ देर में शुरू होगा मतदान;जेन-जी आंदोलन के बाद पहली बार हो रहा चुनाव

36 टैरिफ नीति पर बुरे फंसे ट्रंपःरिफंड पर न्यूयॉर्क कोर्ट का बड़ा फैसला,जज बोलेःकंपनियों को लौटाया जाएगा पैसा

37 एलन ने सबसे तेज सेंचुरी लगाई, न्यूजीलैंड का फास्टेस्ट 150+ रनचेज,रबाडा के बोल्ड से बेल्स बाउंड्री के पास पहुंची

38 दूसरा सेमीफाइनल आज IND vs ENG, भारत-इंग्लैंड लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में भिड़ेंगे,रिकॉर्ड 1-1 से बराबरी पर

39 ईरान ने तुर्किये पर दागी मिसाइल, NATO ने हवा में किया ध्वस्त,Turkey बोलाःउकसाओ मत..देंगे करारा जवाब

40 ईरान युद्ध में समर्थन न देने ट्रंप की सख्त चेतावनी,हम स्पेन के साथ सभी व्यापारिक संबंध तोड़ देंगे,मिला करारा जवाब

## संक्षिप्त समाचार



### आठ मार्च को रांची में महिलाओं के हाथ होगी स्टेशन से विशेष ट्रेन तक रेल की कमान

**रांची, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को भारतीय रेलवे के रांची रेल मंडल द्वारा रांची में एक विशेष ट्रेन चलाई जाएगी, जिसकी पूरी कमान महिला कर्मियों के हाथ में होगी। रांची-इरगांव मेमू पैसेंजर का संचालन पूरी तरह महिलाओं द्वारा किया जाएगा। ट्रेन सुबह 8:55 बजे रांची रेलवे स्टेशन के लोहरदगा प्लेटफार्म से रवाना होगी। लोहरदगा पुल में दरार आने के कारण इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित है। पहले यह ट्रेन टोरी तक चलती थी, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इसे इरगांव तक ही सीमित रखा गया है। इस विशेष ट्रेन में करीब 15 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। लोको पायलट, गार्ड और तीन महिला टीटीई के साथ रेल सुरक्षा बल की पांच महिला जवान सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगी। इसके अलावा चिकित्सा विभाग, सफाई व्यवस्था और समपार फाटक संचालन की जिम्मेदारी भी महिलाओं के पास होगी। ट्रेन में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों से फीडबैक भी लिया जाएगा, ताकि सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर किया जा सके। सिर्फ ट्रेन ही नहीं, बल्कि आठ मार्च को रांची रेलवे स्टेशन पर भी अधिकांश जिम्मेदारियां महिला कर्मियों द्वारा निभाई जाएंगी। स्टेशन प्रबंधन से लेकर बुकिंग काउंटर, यांत्रिक विभाग, चिकित्सा सेवा, सफाई व्यवस्था और समपार फाटक तक का संचालन महिलाओं के हाथ में रहेगा। इस दिन स्टेशन प्रबंधक की जिम्मेदारी भी महिला अधिकारी संभालेंगी।

रांची रेल मंडल पिछले कई वर्षों से महिला दिवस पर यह परंपरा निभाता आ रहा है और इस वर्ष भी इसे जारी रखा गया है। सीपीआरओ शुचि सिंह के अनुसार, महिला दिवस पर वीमेंस स्पेशल ट्रेन का परिचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा। यह पहल केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि रेल संचालन जैसे जिम्मेदार और तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और दक्षता का प्रतीक है।

### झारखंड में डिप्टी मेयर और उपाध्यक्ष चुनाव के लिए जोड़तोड़ तेज, 10 से 20 मार्च तक प्रक्रिया

**रांची, एजेंसी।** 48 नगर निकायों में मेयर, अध्यक्ष और वार्ड पार्षदों के चुनाव संपन्न होने के बाद अब अप्रत्यक्ष चुनाव वाले महत्वपूर्ण पदों डिप्टी मेयर (नौ नगर निगमों में) और उपाध्यक्ष (39 नगर परिषद/नगर पंचायतों में) के लिए राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। पार्षदों के बीच खुलेआम जोड़-तोड़ शुरू हो चुका है, जिसमें धनबल और बाहुबल दोनों का इस्तेमाल दिखाई दे रहा है। होली के बहाने कई जगहों पर होली मिलन के नाम पर लॉबिंग और बैठकें हुईं, जहां पदों के लिए सौदेबाजी चर्चा है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इन अप्रत्यक्ष चुनावों के लिए स्पष्ट शेड्यूल जारी किया है। अधिसूचना होली के बाद जारी होने की संभावना है, लेकिन प्रक्रिया 10 मार्च से शुरू होकर 20 मार्च तक पूरी कर ली जाएगी। प्रमुख नगर निगमों में चुनाव की तारीखें इस प्रकार हैं।

### झारखंड में एसआईआर: 73 प्रतिशत मतदाताओं का पहले से सत्यापन, अब 100 दिनों में पूरा होगा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अप्रैल माह से शुरू होगा। इसके शुरू होने की तिथि की घोषणा शीघ्र होगी।

भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को पत्र भेजकर अप्रैल से एसआईआर शुरू होने की जानकारी देते हुए इसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि राज्य में एसआईआर को लेकर पूर्व गतिविधियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। तैयारियां भी पूरी हैं।

11 मार्च को इसे लेकर बैठक बुलाई गई है, जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उनके अनुसार, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शीघ्र ही तिथि की घोषणा की जाने की संभावना है। राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पूरा होने में तीन माह का समय लगेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार, इसमें 90 से 100 दिन लगते हैं। कुछ राज्य इस अवधि के विस्तार की मांग करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि झारखंड में एसआईआर तीन माह में पूरा कर लिया जाएगा। यहां अवधि विस्तार के अनुरोध करने की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार, पूर्व एसआईआर गतिविधियों के तहत राज्य में 73 प्रतिशत मतदाताओं का पिछले एसआईआर से सत्यापन हो चुका है। राज्य में पिछला एसआईआर वर्ष 2003 में हुआ था। एसआईआर को लेकर वर्ष 2003 की मतदाता सूची को सार्वजनिक किया जा चुका है। एसआईआर में मतदाताओं की संख्या कम होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक एसआईआर में मतदाताओं की संख्या में कमी आती है।

# नोवामुंडी में कपड़ाफाड़ होली की धूम, बाजार चौक रंगों से सराबोर

**नोवामंडी, एजेंसी।** रंगों के पावन पर्व होली पर बुधवार को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले का नोवामुंडी पूरी तरह रंगमय नजर आया. सुबह की पहली किरण के साथ ही बच्चे, युवा, पुरुष और महिलाएं सड़कों पर उतर आए. पूरे शहर में उत्साह, उमंग और भाईचारे का अनोखा संगम देखने को मिला. गली-गली और चौक-चौराहों पर 'होली है!' की गूंज सुनाई देती रही.

होली का सबसे ज्यादा उत्साह छोटे-छोटे बच्चों और युवाओं में देखने को मिला. बच्चों ने टोली बनाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाया और रंगों से सराबोर हो गए. युवाओं की टोलियां डीजे की धुन पर झूमती नजर आईं. रंग, अबीर और गुलाल के साथ पूरे शहर का माहौल उत्सवमय बना रहा. कई स्थानों पर लोगों ने पारंपरिक गीतों के साथ होली खेली, तो कहीं आधुनिक संगीत की धुन पर लोग थिरकते दिखे. हर मोहल्ले में आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देखने को मिला.

नोवामुंडी बाजार चौक में पारंपरिक कपड़ाफाड़ होली ने सबका ध्यान खींचा. युवाओं की टोली एक-दूसरे को रंग लगाते हुए मस्ती में झूमती रही. डीजे की तेज धुन और रंगों की बारिश के बीच कपड़ाफाड़ होली का अलग ही उत्साह दिखा. इस अनोखी परंपरा को देखने के लिए आसपास के लोग भी जुटे रहे. हालांकि पूरे आयोजन के दौरान शांति और अनुशासन बनाए रखा गया. किसी तरह की अव्यवस्था या झड़प की सूचना नहीं मिली.




नोवामुंडी बंगाली पाड़ा कॉलोनी, संग्राम साई, मनसा मंदिर टोला, कुम्हार टोली, बालीझरण, सेंटर कैंप, डीवीसी कॉलोनी, डुका साई, आजाद बस्ती और थाना कैंपस सहित पूरे क्षेत्र में होली की जबरदस्त धूम रही. लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं. कई स्थानों पर साबुन होली भी खेली गई, जिसमें रंगों के बाद साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया. घर-घर में मिठाइयों और पकवानों का दौर चलता रहा, जिससे त्योहार की रौनक और बढ़ गई.

थाना कैंपस में बाजार समिति के अध्यक्ष पप्पू गुप्ता अपनी टीम के साथ पहुंचे और लोगों को रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी. वहीं टाटा स्टील के हेड एडमिनिस्ट्रेशन विभाग से निशिकांत सिंह भी मौजूद रहे. उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ होली की खुशियां साझा कीं और सौहार्द का संदेश दिया. जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति से लोगों में उत्साह और बढ़ गया. सभी ने मिलकर शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया.

होली को लेकर प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा. सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरे शहर में शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया गया. नोवामुंडी बीडीओ पप्पू रजक भी चौक-चौराहों पर निरीक्षण करते नजर आए, जिससे लोगों में सुरक्षा का भरोसा बना रहा. नोवामुंडी बाजार चौक और डीवीसी चौक पर सुरक्षा बल के जवान अलर्ट रहे. खास बात यह रही कि नशे में धुत कोई भी बाइक चालक सड़कों पर नजर नहीं आया, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना लगभग शून्य रही.

### भाईचारे और परंपरा का संदेश

इस बार की होली ने नोवामुंडी में परंपरा, उत्साह और भाईचारे का ऐसा रंग बिखेरा, जिसे लोग लंबे समय तक याद रखेंगे. रंगों के इस त्योहार ने सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द को और मजबूत किया. पुलिस प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली. शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण वातावरण में होली का पर्व संपन्न हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को रंगों की खुशियों से सराबोर कर दिया.



# गुमला के रायडीह में ऑटो पलटने से महिला की मौत, तीन घायल

**गुमला, एजेंसी।** झारखंड के गुमला जिले के रायडीह प्रखंड अंतर्गत सुरसांग थाना क्षेत्र के कोबजा जोगीडाड गांव में बुधवार की शाम एक दर्दनाक ऑटो दुर्घटना हुई, जिसमें 45 वर्षीय ललिता खड़ियाईन की मौत हो गई. इसके अलावा ऑटो में सवार तीन दूसरे लोग घायल हुए हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ललिता खड़ियाईन पूनम डुंगडुंग के साथ दवा बनवाने के लिए ऑटो से चैनपुर प्रखंड के टोंगो गई थीं. शाम करीब 7:00 बजे दवा लेने के बाद वे लौट रही थीं. इसी दौरान बांसटोली के पास सड़क पर अचानक एक बिल्ली दौड़ गई. ऑटो चालक ने नियंत्रण बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में ललिता खड़ियाईन को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी स्थिति नाजुक हो गई. ऑटो में सवार इतवारी केरकेट्टा, पूनम डुंगडुंग और चालक भी घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और सभी घायलों को रात करीब 9:00 बजे सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया. सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने ललिता खड़ियाईन को मृत घोषित कर दिया. शव को अस्पताल के शीत गृह में रखवा दिया गया है. घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई. डॉक्टरों ने बताया कि बाकी तीनों की हालत स्थिर है और खतरे से बाहर हैं. सुरसांग थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ललिता खड़ियाईन का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा.

# गढ़वा में रगड़ दिए गए रंगीले हेडमास्टर, अश्लील गानों पर बच्चियों संग थिरक रहे थे

**गढ़वा, एजेंसी।** झारखंड के गढ़वा जिले के मेराल अंचल स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहबरिया में छात्राओं के साथ अश्लील गानों पर डांस करने का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने सख्त कार्रवाई की है. सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) कैसर रजा ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है, जबकि दो अन्य शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

जानकारी के अनुसार, मेराल प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहबरिया में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कुछ शिक्षक छात्राओं के साथ अश्लील गानों पर डांस करते नजर आए. इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. वीडियो सामने आते ही मामला तेजी से फैल गया और लोगों ने स्कूल प्रबंधन की कड़ी आलोचना की.



मामले की जानकारी मिलते ही गढ़वा के जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रज़ा ने जांच कराई. जांच के बाद प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार रंजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया. विभाग का कहना है कि विद्यालय परिसर में इस तरह का व्यवहार शिक्षा व्यवस्था और संस्थान की गरिमा के खिलाफ है. घटना में शामिल दो अन्य शिक्षकों पुरुषोत्तम पंडित और सुबेश्वर राम के खिलाफ भी सख्त कदम उठाया गया है. शिक्षा विभाग ने दोनों की सेवा समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. विभागीय अधिकारियों के अनुसार, पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी. इस घटना के सामने आने के बाद शिक्षा व्यवस्था और विद्यालयों में अनुशासन को लेकर सवाल उठने लगे हैं. अभिभावकों और स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल बच्चों के सीखने और संस्कार देने की जगह होते हैं, ऐसे में शिक्षकों का इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है.

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यालयों में अनुशासन और नैतिक मूल्यों से समझौता नहीं किया जाएगा. भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए भी कड़ी निगरानी रखने की बात कही गई है.

# गुमला में पेड़ से टकराई तेज रफ्तार बाइक, एक की मौत, एक घायल



**गुमला, एजेंसी।** झारखंड के गुमला में बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय जगदीश दास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय पंकज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों मूल रूप से बेगूसराय के निवासी हैं और गुमला में किराये के मकान में रहकर टाइल्स मिस्त्री का काम करते थे.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों मजदूर गुमला के कोटाम क्षेत्र में टाइल्स लगाने का काम कर रहे थे. बुधवार को होली पर्व के कारण वे दोपहर करीब 12:30 बजे अपनी बाइक से कोटाम से गुमला लौट रहे थे. इसी दौरान कोटाम और पनसो के बीच पेट्रोल पंप के समीप उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई. हादसा इतना भीषण था कि जगदीश दास की मौके पर ही मौत हो गई. पंकज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है.

स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों को दोपहर करीब 1:00 बजे सदर अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों ने जगदीश दास को मृत घोषित कर दिया और शव को अस्पताल के शीतगृह में रखवा दिया गया. घायल पंकज कुमार का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया. हादसे के बाद इलाके में एक तरह का शोक और दहशत का माहौल बन गया. स्थानीय लोग घटना स्थल पर जमा होकर हादसे की गंभीरता को देख सकते थे. पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही तुरंत जांच शुरू कर दी गई. पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव की पोस्टमार्टम परिजन की आने के बाद गुरुवार को की जाएगी. प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट किया गया है कि हादसा तेज रफ्तार और सड़क पर नियंत्रण खोने के कारण हुआ. पुलिस सड़क सुरक्षा के मामलों में सतर्क रहने और हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए पूरी तरह जुटी हुई है.

इस घटना ने एक बार फिर तेज रफ्तार और सावधानी की कमी के खतरों को उजागर किया. स्थानीय प्रशासन ने बाइक और अन्य वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा का पालन करने और तेज रफ्तार से बचने की अपील की है.

# सरायकेला के नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज चौधरी ने वृद्धाश्रम में मनाई होली, बुजुर्गों को खिलाई मिठाई

**सरायकेला, एजेंसी।** सरायकेला में इस बार होली का रंग कुछ खास नजर आया. नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने पारंपरिक जश्न से अलग हटकर वृद्धाश्रम में जाकर बुज़ुर्गों के साथ त्योहार मनाया. उनके इस कदम ने न केवल सामाजिक संदेश दिया, बल्कि वहां मौजूद वृद्धजनों के चेहरों पर सच्ची मुस्कान भी बिखेर दी.



मनोज कुमार चौधरी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ वृद्धाश्रम पहुंचे. उन्होंने एक-एक कर सभी वृद्धजनों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी. जैसे ही रंगों का स्पर्श बुजुर्गों के चेहरे पर पड़ा, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे. लंबे समय बाद किसी जनप्रतिनिधि को अपने बीच पाकर वे भावुक भी नजर आए. वृद्धजनों ने मनोज चौधरी को आशीर्वाद देते हुए उनकी जीत की बधाई दी. उन्होंने कहा कि समाज की सेवा के इस भाव को वे आगे भी कायम रखें और क्षेत्र की तरक्की के लिए निरंतर कार्य करते रहें.

होली के इस मौके पर अध्यक्ष ने वृद्धजनों के बीच मिठाई, बिस्कुट और शीतल पेय का वितरण भी किया. लेकिन यह कार्यक्रम सिर्फ औपचारिकता तक सीमित नहीं रहा. मनोज चौधरी ने सभी बुजुर्गों के साथ बैठकर हालचाल पूछा और उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना. कई वृद्धजनों ने स्वास्थ्य, दवाइयों और नियमित देखभाल से जुड़ी अपनी परेशानियां साझा कीं. अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि वे इन मुद्दों पर गंभीरता से पहल करेंगे और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे.

इस अवसर पर मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि वृद्धजनों की सेवा करना उनका कर्तव्य है. उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग समाज के स्तंभ हैं, जिनके अनुभव और आशीर्वाद से ही समाज आगे बढ़ता है. ऐसे में उनका सम्मान और देखभाल हर नागरिक की जिम्मेदारी है. उन्होंने यह भी कहा कि त्योहार केवल रंग और उत्सव का नाम नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, सम्मान और संवेदनशीलता का प्रतीक है. अगर हम अपने बुजुर्गों के साथ समय बिताएं, तो वही सच्ची होली होगी.

कार्यक्रम में अध्यक्ष की पत्नी, बच्चे और कई समाजसेवी भी उपस्थित रहे. सभी ने मिलकर बुजुर्गों के साथ समय बिताया और त्योहार की खुशियां साझा कीं. नगर पंचायत अध्यक्ष की इस पहल की स्थानीय स्तर पर सराहना हो रही है. लोगों का मानना है कि जनप्रतिनिधियों को इसी तरह समाज के हर वर्ग से जुड़कर काम करना चाहिए. इस पहल ने यह संदेश दिया कि रंगों का असली अर्थ रिश्तों में अपनापन और संवेदनशीलता जगाना है.

# नेतरहाट में बनेगा भव्य एम्यूजमेंट पार्क, जुबली पार्क की तर्ज पर होगा निर्माण

**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार लातेहार जिला स्थित नेतरहाट में जमशेदपुर स्थित निक्को जुबली पार्क की तर्ज पर एम्यूजमेंट पार्क का निर्माण करेगी।

राज्य सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति एवं खेलकूद विभाग ने इसे लेकर लातेहार के उपायुक्त से प्रस्ताव मांगा है। उपायुक्त से एम्यूजमेंट पार्क के लिए उपयुक्त जमीन चिह्नित कर उसका प्रस्ताव देने को कहा गया है।

विभाग ने जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद के अध्यक्ष के रूप में उपायुक्त को यह प्रस्ताव देने को कहा है, ताकि पार्क के निर्माण के लिए केंद्र से आर्थिक सहयोग लिया जा सके।

जमशेदपुर में निक्को जुबली पार्क राज्य का प्रमुख मनोरंजन केंद्र और पिकनिक स्थल है, जिसे वर्ष 1958 में टाटा स्टील की ओर से बनाया गया था।

यह पार्क अपने रोमांचक राइड्स, वाटर पार्क (स्प्लैश ज़ोन), बच्चों के खेल क्षेत्र, म्यूजिकल फाउंटेन और चिड़ियाघर के लिए प्रसिद्ध है।

प्रत्येक वर्ष एक जनवरी तथा अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। बताते चलें कि पहाड़ों की रानी नाम से चर्चित नेतरहाट राज्य का प्रमुख पर्यटन क्षेत्र है।

पर्यटक मुख्य रूप से यहां की प्राकृतिक खूबसूरती के अलावा सनसेट देखने आते हैं, जो काफी आकर्षक होता है। यहां राज्य का सबसे प्रतिष्ठित सरकारी विद्यालय नेतरहाट आवासीय विद्यालय भी है।

राज्य सरकार ने नेतरहाट को 'ए' श्रेणी के पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित किया है। यहां पर्यटन के विकास के लिए नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार का भी गठन किया गया है।

इधर, भारत सरकार ने स्वदेश योजना के तहत नेतरहाट के पर्यटकीय विकास के लिए योजना की स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना के तहत यहां के कोयल व्यू प्वाइंट एवं नेतरहाट लेक के पास पर्यटकीय विकास किया जा रहा है।



### रंगों से सराबोर है जनता, ड्यूटी निभाते मन रही पुलिस-अर्द्ध सैनिक बल की होली, एसपी ने खिलाई मिठाई

**गिरिडीह, एजेंसी।** उत्साह, प्रेम और रंगों का त्योहार होली की धूम चारों तरफ है. बड़े हो या बूढ़े, अमीर या गरीब सब उल्लास में जुटे हैं. चारों तरफ युवकों की टोली घूम रही है. एक दूसरे को रंग लगाया जा रहा है. लोग तरह तरह के पकवान का आनंद ले रहे हैं. इन सबों के इतर पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की होली फीकी है. परिवार से दूर, रंग से दूर जवान के साथ अधिकारी ड्यूटी में लगे हैं. सुबह से लेकर रात तक चौक चौराहों से लेकर गली – मोहल्ले तक जवान तैनात हैं. इनकी ड्यूटी है कि विधि व्यवस्था कायम रहे, लोग शांति से पर्व का आनंद ले सके.

गिरिडीह के बड़ा चौक में तैनात एसएसबी के पदाधिकारी गुनाधर ने बताया कि उनकी होली, दिवाली, दुर्गा पूजा इसी तरह से बीतती है. पश्चिम बंगाल के रहने वाले गुनाधर कहते हैं परिवार की याद आती है लेकिन लोगों की, देश की सुरक्षा पहले जरुरी है. यहीं पर तैनात एसएसबी के जवान दिनेश तिवारी कहते हैं घर जाने का इच्छा तो रहती है लेकिन पहले विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखना जरूरी है. यहीं पर तैनात पुलिस इंस्पेक्टर दिनेश कुमार कहते हैं कि पहले कर्तव्य का पालन करना जरूरी है.

इधर परिवार से दूर रहते हुए सुरक्षा में तैनात जवानों की हौसला अफजाई करने और परिवार का माहौल देने की कोशिश गिरिडीह में की गई. यहां एसपी डॉ बिमल कुमार के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी निकले और सभी जवानों को होली की मिठाई खिलायी. कहा कि सुरक्षा में तैनात जवानों के बीच खुशियां बांटी जा रही है. उनसे सभी अधिकारी मिल रहे हैं. मिठाई खिला रहे हैं, भोजन की भी व्यवस्था हरेक थाना इलाके में की गई है.

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)





# तनिष्क बागची ने हिंदी म्यूजिक इंडस्ट्री को बताया 'अनफेयर सिस्टम'


**मशहूर म्यूजिक कंपोजर तनिष्क बागची ने हाल ही में हिंदी म्यूजिक इंडस्ट्री के 'अनफेयर' सिस्टम के बारे में बातचीत की। उन्होंने बताया कि साल 2025 में आया उनका गाना 'सैयारा' उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।**

## काम का सही हक नहीं मिलता

फरीदून शहरयार को दिए इंटरव्यू में तनीष्क ने कहा कि भारत में म्यूजिशियंस को उनके काम का सही हक नहीं मिलता। उन्होंने समझाया कि पश्चिमी देशों में एक गाना बनाने में शामिल हर व्यक्ति को, चाहे वह साउंड इंजीनियर हो या सॉन्ग राइटर, सभी को रॉयल्टी मिलती है। लेकिन भारत में ज्यादातर कलाकारों को सिर्फ एक बार पेमेंट मिलती है। गाना कितना भी बड़ा हिट हो जाए, बाद में कमाई नहीं होती। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में पीआर बहुत जरूरी हो गया है। अपने काम को प्रमोट करने के लिए पब्लिक रिलेशन जरूरी है, लेकिन हर कलाकार इसे अफोर्ड नहीं कर सकता। उनके मुताबिक, इंडस्ट्री में ऐसा कोई मजबूत सिस्टम नहीं है जो कलाकारों के जुनून और मेहनत को लंबे समय तक सहारा दे सके।

## लोग सोचते हैं कि मेरे पास प्राइवेट जेट होगा

तनीष्क ने बताया कि उनके गानों को सिर्फ यूट्यूब पर ही करीब 37 बिलियन व्यूज मिल चुके हैं, और स्ट्रीमिंग नंबर भी लगभग उतने ही होंगे। उन्होंने कहा, 'अगर मैं ये नंबर विदेश में बताऊं तो लोग सोचते हैं कि मेरे पास प्राइवेट जेट होगा। लेकिन यहां सिस्टम अलग है।' हालांकि उन्होंने माना कि इंडियन परफॉर्मिंग राइट सोसाइटी की वजह से अब थोड़ा सुधार आया है। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में म्यूजिशियंस और इंस्ट्रूमेंटलिस्ट्स को भी उनका सही हक मिलेगा। फेम के बारे में बात करते हुए तनीष्क ने कहा, 'आपने एक फिल्म 'सैयारा' में काम किया और फिर सब खत्म। आपको फिर से शुरुआत करनी पड़ती है। कुछ महीनों की शोहरत मिलती है, लेकिन लोग जल्दी आगे बढ़ जाते हैं। आप ये नहीं सोचते कि पेमेंट कब मिलेगी। आप बस काम करते रहते हैं।



# धुरंधर 2 और टॉक्सिक के बॉक्स ऑफिस टकराव को लेकर हुमा कुरैशी ने दी प्रतिक्रिया

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' ईद के मौके पर 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह फिल्म बहुत चर्चित है, लेकिन इसका मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर यश की फिल्म 'टॉक्सिक' से होने वाला है, जो ठीक उसी दिन रिलीज हो रही है। दोनों फिल्मों की आमने-सामने टक्कर से साल का सबसे बड़ा बॉक्स ऑफिस मुकाबला होने वाला है।

## हुमा कुरैशी की राय

हुमा कुरैशी 'टॉक्सिक' में एलिजाबेथ के किरदार में नजर आएंगी। यह उनकी पहली पैन-इंडिया फिल्म है। हुमा ने वैरायटी इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि 'टॉक्सिक' और 'धुरंधर 2' की टक्कर फिल्म इंडस्ट्री और दर्शकों, दोनों के लिए फायदेमंद है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह भारतीय फिल्म उद्योग के लिए जीत है और दर्शकों के लिए भी बहुत अच्छा होगा। यह सबके लिए फायदेमंद है। दर्शकों के लिए यह शानदार समय होगा और सभी फिल्मों को अच्छा मौका मिलेगा।'

## संजय गुप्ता की राय




फिल्म निर्माता संजय गुप्ता ने भी 'टॉक्सिक' और 'धुरंधर 2' पर अपनी राय दी। उन्होंने वैरायटी इंडिया से बात करते हुए कहा कि वे दोनों फिल्में देखेंगे, लेकिन दोनों एक साथ रिलीज हो रही हैं। इससे दोनों फिल्मों का बिजनेस एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा, 'यह वैसा ही है जैसे मेरी फिल्म 'काबिल' और 'रईस' एक साथ रिलीज हुई थीं। अगर दोनों अलग-अलग तारीखों पर आतीं तो दोनों को ज्यादा फायदा होता।' संजय ने यह भी कहा कि यह टक्कर अनावश्यक है, लेकिन फिल्ममेकर्स के पास शायद कोई वजह होगी। दोनों फिल्मों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद है, लेकिन क्लैश की वजह से कोई भी अपनी पूरी क्षमता के अनुसार कमाई नहीं कर पाएगी।

## फिल्म 'धुरंधर 2'




'धुरंधर: द रिवेंज' का निर्देशन आदित्य धर ने किया है। इसे ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर ने जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज के बैनर तले बनाया है। यह 'धुरंधर' का सीक्वल है। इसमें रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रणवीर के अलावा, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और राकेश बेदी भी अपनी अहम भूमिका दोहराएंगे।

## फिल्म 'टॉक्सिक'



'टॉक्सिक' को यश और गीतू मोहनदास ने लिखा है और निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है। यह फिल्म कन्नड़ और अंग्रेजी में शूट हुई है। इसे कई भारतीय भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इसमें कियारा आडवाणी, नयनतारा और तारा सुतारिया जैसे कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।



# परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

डेजी शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

## आजकल शादी डरावनी लगती है

एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है।' हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।'

## क्या चुनेंगी डेजी...प्यार या पैसा?

इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार' और 'पैसा' में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो। मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया, ताकि वे जब भी चाहें, बच्चे कर सकें। वर्कफ्रंट की बात करें, तो डेजी शाह आखिरी बार वेब सीरीज 'रेड रूम' में नजर आई थी। वे अब पलाश मुच्छल के निर्देशन में बनी फिल्म में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ श्रेयास तलपडे नजर आएंगे।

# तू या मैं के फ्लॉप होने से निराश हुए आदर्श गौरव धुरंधर को लेकर कही ये बात



अभिनेता आदर्श गौरव हाल ही में फिल्म 'तू या मैं' में नजर आए थे। फिल्म में आदर्श के अभिनय की जमकर प्रशंसा भी हुई। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। अब फिल्म के कलेक्शन पर आदर्श ने निराशा व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने लोगों से नए कलाकारों की ऐसी प्रयोगात्मक फिल्मों को एक मौका देने की भी अपील की।

दर्शक सिर्फ बड़े बजट की फिल्में देखना चाहते हैं

जूम के साथ बातचीत में आदर्श गौरव ने कहा कि महामारी के बाद लोग सिर्फ बड़े बजट की फिल्में देखना चाहते हैं। वे एनिमल, बॉर्डर 2 या धुरंधर जैसी फिल्में देखना चाहते हैं। साथ ही मुझे लगता है कि 'तू या मैं' जैसी फिल्मों को देखने के लिए लोगों का एक निश्चित संख्या में आना भी जरूरी है। मैं यह नहीं कह रहा कि इन फिल्मों को बेतहाशा कमाई करनी चाहिए, लेकिन अगर ये लगातार घाटे में चलती रहीं, तो इससे निर्माता कहानियों के साथ प्रयोग करने से बचने लगेंगे। फिर आपको सिर्फ बड़े सितारों वाली बड़ी फिल्में ही देखने को मिलेंगी।

## नए कलाकार कहां जाएंगे?

फिल्म के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए एक्टर ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे? नए कलाकार कहां जाएंगे? ओटीटी प्लेटफॉर्म भी अब इसी तरह की बातों का ध्यान रख रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि लोग इसे देखने के बाद निराश नहीं होंगे। दरअसल, मुझे लिखने वाले दस में से नौ लोगों ने बताया कि फिल्म के बारे में उनकी पहले से ही एक सोच थी, लेकिन फिल्म देखने के बाद वह बदल गई।

शाहरुख खान की फिल्म से की करियर की शुरुआत

आदर्श गौरव ने अपने करियर की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म 'माय नेम इज खान' से की थी। इस फिल्म में उन्होंने शाहरुख खान के कम उम्र का किरदार निभाया था। लेकिन आदर्श को पहचान 2021 में आई फिल्म 'व्हाइट टाइगर' से मिली। फिल्म में उनके साथ प्रियंका चोपड़ा और राजकुमार राव भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। इश फिल्म में उनके काम को काफी सराहा गया।



# मोनालिसा ने बताए 'द 50' शो से जुड़े अनुभव

'द 50' शो के पैलेस से बाहर आने के बाद मोनालिसा ने सोशल मीडिया पर लगातार जलवे बिखेरना शुरू कर दिया है। अभिनेत्री लगातार सुर्खियों में बनी हैं और अब उन्होंने खास बातचीत में रियलिटी शो से जुड़े अनुभव शेयर किए हैं और बताया कि उनके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण क्या रहा। 'द 50 शो' के अपने सफर को याद करते हुए मोनालिसा ने कहा, 'जब विक्रांत और मुझे 'द 50' शो का प्रस्ताव मिला, तो हम बेहद खुश थे। यह साल का पहला रियलिटी शो था, और हम इसका हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित थे। कुल मिलाकर, यह एक शानदार अनुभव रहा। बेशक, मुझे थोड़ा दुख है कि मैं इतनी जल्दी बाहर हो गई। हालांकि, विक्रांत अभी भी घर में हैं, और इससे मुझे बहुत खुशी है।'' शो को लेकर मोनालिसा ने कहा, 'मैं हमेशा से ही सच्ची रही हूं। मैं बिल्कुल वैसी ही थी जैसी अपने पहले रियलिटी शो में थी। मैं खुद को बेवजह के झगड़ों या बहसों में नहीं डालती। मैं बिना वजह दखल देना पसंद नहीं करती। मेरा इरादा नए दोस्त बनाना, नई टीम बनाना और फिर उसी के अनुसार रणनीति बनाना था। शो में आने से पहले मैंने इन सब बातों के बारे में सोचा था, लेकिन चीजें उस तरह से नहीं हुईं। वहां पहले से ही दो मजबूत टीमें थीं, जिसकी वजह से वहां घुल-मिल पाना मुश्किल हो गया था। फिर भी, मैंने विक्रांत, काका और सैमी के साथ सच्ची दोस्ती बनाई, और यह एक सकारात्मक अनुभव रहा।'

अभिनेत्री ने कहा, 'कई कठिन क्षण थे। जब भी परिस्थितियां तनावपूर्ण हो जाती थीं, वही मेरे लिए सबसे मुश्किल होता था। मैं अक्सर निराश हो जाती थी और सोचती थी कि मैं कहां आ गई हूं। कई बार तो ऐसा लगता था जैसे यह कोई रियलिटी शो नहीं बल्कि कुश्ती का अखाड़ा हो।'

बेबिका द्वारा विक्रांत के साथ हुई बातचीत पर मोनालिसा का कहना है कि हम दोनों को ही एक-दूसरे पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, 'मैंने वह वीडियो देखा। विक्रांत और मैं अठारह साल से साथ हैं। हम एक-दूसरे को गहराई से समझते हैं और हमारा रिश्ता बहुत मजबूत है। जब मैंने वह वीडियो देखा, तो मुझे आश्चर्य हुआ कि उसने ऐसा क्यों कहा, क्योंकि उसमें कुछ भी अनुचित नहीं था। अगर कुछ अनुचित होता भी, तो विक्रांत ने उसे समझदारी से संभाला। हम दोनों अभिनेता हैं। मैं पुरुष सह-कलाकारों के साथ काम करती हूं और वह महिला सह-कलाकारों के साथ। भरोसा हमेशा से हमारे रिश्ते की नींव रहा है।

आर्य ने निक्की की बोटॉक्स और एलएचबी सर्जरी पर कमेंट किया, इस पर मोनालिसा ने कहा, ''मेरा मानना है कि व्यक्तिगत पसंद का सम्मान किया जाना चाहिए। किसी को भी, चाहे वह पुरुष हो या महिला, उसके रूप-रंग के लिए अपमानित करना उचित नहीं है। आजकल कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाता है या उनकी आलोचना की जाती है, लेकिन वास्तव में, बहुत से लोग अपने रूप-रंग को निखारने के लिए प्रयास करते हैं। अच्छा दिखने में कुछ भी गलत नहीं है।''

शिवा के शो जीतने के सवाल पर अभिनेत्री ने कहा, ''बिलकुल, क्यों नहीं? शिवा मेहनती है और उसने पहले भी रियलिटी शो में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने यहां भी अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर वह जीतता है, तो यह उसके लिए गर्व और सम्मान की जीत होगी। हालांकि, मोनालिसा शो के विजेता के रूप में अपने पति विक्रांत को देखती हैं।''

शो के कॉन्सेप्ट और दर्शकों द्वारा 'द 50 शो' को चिड़ियाघर कहने के सवाल पर उन्होंने कहा, ''मैं इसे चिड़ियाघर नहीं कहूंगी। हां, अव्यवस्था तो है, लेकिन यह इसके स्वरूप का हिस्सा है। शो नए कॉन्सेप्ट के साथ आया, जिसमें पचास हस्तियां, पचास प्रतिभाशाली लोग, और पचास अलग-अलग दृष्टिकोण थे। इतने सारे सशक्त व्यक्तित्वों को एक मंच पर देखना वाकई रोचक है।'' मोनालिसा ने शो के प्रतिभागियों पर कहा, ''कई बार प्रतियोगियों का व्यवहार अनुचित रहा। उदाहरण के लिए, रजत कभी-कभी ऊंची आवाज में बोलता था और विक्रांत के बारे में अनुचित शब्दों का प्रयोग करता था, जो मुझे बिल्कुल पसंद नहीं आया। अगर किसी को कोई समस्या है, तो उसे सीधे तौर पर संबोधित करना बेहतर है। इससे उसके असली चरित्र का पता चलता है।''



# विराट आरसीबी के सबसे बड़े स्टार बने रहेंगे : बोबाट

**एजेंसी, बेंगलुरु**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट डायरेक्टर मो बोबाट ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि वह हमेशा ही टीम के लिए सबसे बड़े स्टार रहेंगे क्योंकि उन्होंने अपने करियर का पूरा समय आरसीबी के साथ ही बिताया है। जिस प्रकार से वह पिछले कई साल से समर्पित होकर टीम की ओर से खेले रहे है, ऐसा काफी कम देखा गया है। इसलिए हमें उनके लिए एक जीत दर्ज करने वाली टीम बनानी है। आरसीबी आईपीएल में अभी मौजूदा चैंपियन है और उसका लक्ष्य इस बार भी खिताब जीतना रहेगा। टीम ने पिछले सत्र में 18 साल के बाद अपना पहला आईपीएल खिताब रजत पाटीदार की कप्तानी में जीता था। जिसके बाद विराट काफी भावुक हो गये थे क्योंकि लंबे समय तक वह कप्तानी करने के बाद भी वह टीम को खिताब नहीं जिता पाये थे। बाट ने कहा, 'विराट



हमेशा इस टीम के आईकन रहेंगे। वह लीग की ओर से किसे शानदार प्रदर्शन के लिए इस सम्मान के अधिकारी हैं। उनका रिकॉर्ड काफी अच्छा है।' उन्होंने कहा, 'मुझे याद है पिछले सत्र मैं उनके आंकड़े देख रहा था जब वह करीब 9000 रन तक पहुंच गए थे और वो भी 18 साल तक केवल एक ही टीम की जर्सी पहनकर। इस प्रकार उन्होंने प्रत्येक सत्र में करीब 500 रन बनाये हैं।' बोबाट ने कहा, 'यह हैरानी की बात है। सात साल तक कुछ खिलाड़ी 500 रन एक सत्र में बनाकर भी फूले नहीं समाते हैं जबकि विराट ने प्रत्येक सत्र में 500 रन बनाये हैं। यह अपने आप में हैरान करने वाली बात है। कोहली ने सला 2008 से आरसीबी के लिए खेलते हुए 8 शतक भी लगाये हैं। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा 9000 रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। साल 2016 में उन्होंने एक ही सत्र में 973 रन बनाये थे। बोबाट ने कहा, ' वह एंडी फ्लावर के साथ मिलकर उनके लिए एक एक ऐसे टीम बनाना चाहते हैं जो इस बार भी जीते क्योंकि विराट अपने करियर के उस दौर में हैं, जहां वह लगातार जीत चाहते हैं।'उन्होंने कहा कि टीम इस बार भी विराट के लिए खिताब जीतने के इरादे से आक्रामक क्रिकेट खेलेगी। टीम का लक्ष्य लगातार दूसरी बार खिताब जीतकर ये दिखाना होगा कि पिछली बार उसकी जीत कोई तुक्का नहीं थी।

# वरुण के बचाव में उतरे मेंटर, उसके प्रदर्शन में कोई कमी नहीं

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट टीम के मिस्ट्री स्पिनर के नाम से लोकप्रिय वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन इस बार टी20 विश्वकप में उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। वरुण चक्रवर्ती सुपर 8 के मैच में बल्लेबालों पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लगा पाये जिससे उनके ओवरों में पहले से अधिक अधिक रन बने हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में वह प्रभावित नहीं कर पाये हालांकि इसके बाद भी वह भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वहीं वरुण के मेंटर प्रतीपन ने उनका बचाव करते हुए कहा है कि इस गेंदबाज के फार्मा को लेकर चिन्ता की कोई जरुरत नहीं है।प्रतीपन ने कहा, आंकड़ों पर नजर डालें तो वरुण





ने अच्छी गेंदबाजी की है। अगर पिच से किसी और को ज्यादा टर्न मिल रही होती और वरुण को नहीं, तो हम कुछ बदलाव की बात करते पर अभी ऐसा कुछ नहीं है। इसलिए वह परेशान नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वरुण को अभी तकनीक में किसी भी प्रकार के बदलाव की जरुरत नहीं है। उनका फिलहाल किसी तकनीकी बदलाव की जरूरत महसूस नहीं की गई है। केवल एक दो मैच के आधार पर बदलाव सहीं नहीं है। उनके अनुसार अगर विकेट से ज्यादा टर्न नहीं मिल रही, तो गेंदबाज क्रीज और ट्रैजेक्टरी का इस्तेमाल कर कोण बनाकर बदलाव ला सकता सकता है। इसके अलावा ओवर द विकेट और राउंड द विकेट गेंदबाजी कर भी गेंदबाजी और सटीक बनायी जा सकती है। इंग्लैंड के खिलाफ वरुण का रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। पिछले साल पांच मैचों की टी20 सीरीज में उन्होंने 9.85 की औसत से 14 विकेट लिए थे, जिसमें एक बार पांच विकेट भी थे। तब उन्होंने जोस बटलर और लियाम लिविंगस्टोन जैसे बेहतरीन बल्लेबाजों को आउट किया था। इस बार भी उम्मीद है कि वह सेमीफाइनल और फाइनल में अपने प्रदर्शन से अंतर पैदा करेंगे।

# गावस्कर का फाउंडेशन कर रहा गोल्फ इवेंट का आयोजन

» पूर्व क्रिकेटरों के साथ ही पेस, पादुकोण जैसे दिग्गज भी होंगे शामिल

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का चैंप्स फाउंडेशन 6 मार्च को डीपी वर्ल्ड सेलिब्रिटी गोल्फ इवेंट आयोजित करने जा रहा है। इसमें कई पूर्व क्रिकेटरों के अलावा अन्य खेलों के दिग्गज भी भाग लेंगे। ये इवेंट मुंबई के चेंबूर स्थित बॉम्बे प्रेसीडेंसी गोल्फ क्लब में होगा। इसमें दुनिया भर के नामी गोल्फर भाग लेंगे। ये फाउंडेशन परेशानियों से संघर्ष कर रहे पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की सहायता करता है। इस टूर्नामेंट



में 100 से ज्यादा प्रतियोगियों के शामिल होने की संभावना है। इसमें पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, जी.आर. विश्वनाथ, वेंकटेश प्रसाद, हरभजन सिंह, अजय जडेजा, पार्थिव पटेल, मुरली कार्तिक, एस. बद्रीनाथ, मुरली विजय और निखिल चोपड़ा भी शामिल होंगे। वहीं विदेशी क्रिकेटरों में इयोन मॉर्गन, माइकल वॉन और डेविड लॉयड रहेंगे। क्रिकेट के अलावा टेनिस स्टार लिएंडर पेस, बैडमिंटन दिग्गज प्रकाश पादुकोण और प्रोफेशनल गोल्फर नेहा त्रिपाठी, रिधिमा दिलावरी व गौरव घई भी इस इवेंट में भाग लेंगे। सुनील गावस्कर ने कहा कि चैंप्स फाउंडेशन इस सोच के साथ बनाया गया कि जिन्होंने खेल के जरिए देश का नाम रोशन किया, उन्हें जरूरत के समय अकेला न छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ गोल्फ नहीं, बल्कि खेल समुदाय को लौटाने का प्रयास है।वहीं पेस ने कहा कि खेल हमें अनुशासन, मजबूती और एकजुटता सिखाता है। चैंप्स फाउंडेशन इन्हीं मूल्यों का प्रतीक है।

# अपने ही दामाद पर भड़के शाहिद अफरीदी



**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान की टीम का जिस प्रकार से टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खराब प्रदर्शन रहा है उससे पूर्व क्रिकेटर भड़के हुए हैं। पूर्व दिग्गजों ने टीम की रणनीति के साथ ही कप्तानी और खिलाड़ियों के कमजोर प्रदर्शन पर सवाल उठाये हैं। टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को भी खराब प्रदर्शन के लिए आड़े हाथों लिया है। शाहीन जबकि उनके दामाद हैं। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम के खिलाफ बड़ी जीत नहीं दर्ज कर पाया। । सुपर-8 के मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ उसे बड़ी जीत चाहिये थी पर टीम मामूली अंतर से जीती और इस कारण सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गयी। इस मैच में अंतिम ओवर में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन से कसी हुई गेंदबाज की उम्मीद थी पर उन्होंने 22 रन दे दिये। इससे भी शाहिद खासे नाराज हैं। उन्होंने कहा कि शाहीन को इतने साल में ये समझ आ जानी चाहिए कि दबाव की स्थिति में कैसे गेंदबाजी करनी है। दांये हाथ के बल्लेबाज के सामने वाइड यॉर्कर डालना एशियाई पिचों पर फायदेमंद नहीं रहता है। अफरीदी ने यह भी कहा कि शाहीन बार-बार एक ही गलती दोहरा रहे हैं। उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए खिलाड़ियों को इन बातों की समझ होनी चाहिए। वहीं पाक बोर्ड भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद नाराज बताया जा रहा है और ऐसे में टीम में कई बदलाव होने तय है।

# पाकिस्तान क्रिकेट टीम का बांग्लादेश दौरा संकट में फंसा

**एजेंसी, लाहौर**

मध्यपूर्व में जारी संघर्ष को देखते हुए पाकिस्तान की क्रिकेट टीम का बांग्लादेश दौरा संकट में पड़ता नजर आ रहा है। पाक टीम को 11 मार्च से तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए बांग्लादेश दौरे पर जाना था। इसके लिए उसे 9 मार्च को बांग्लादेश पहुंचना था पर अब कहा जा रहा है पाकिस्तान की टीम इस दौरे को आगे बढ़ा सकती है। पिछले कुछ समय से बांग्लादेश बोर्ड (बीसीबी) के साथ पाक बोर्ड (पीसीबी) के संबंध बेहतर हुए हैं और ऐसे में इस दौरे को आयोजित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। दोनो टीम के बीच मीरपुर मे 11, 13 और 15 मार्च को तीन एकदिवसीय मैच होने थे पर अब ये खेले जाएंगे या नहीं तय नहीं है। इसका कारण ये है कि अमेरिका




और इजराइल के ईरान पर हमले के बाद से ही दुनिया भर में तनाव का माहौल है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की सीरीज तभी आयोजित होगी, जब यात्रा जोखित और सुरक्षा की चिंताएं समाप्त होंगी।ये भी कहा जा रहा कि वर्तमान मौजूदा क्षेत्रीय तनाव की वजह से यह टूर होगा या नहीं कहा नहीं जा सकता है। वहीं बांग्लादेश बोर्ड का कहना है कि उसे पीसीबी की ओर से अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गयी है। बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशन्स के चेयरमैन नजमुल आबेदीन ने कहा कि कहा, अगर बात ऐसी हो जाती है कि वे यात्रा नहीं कर पा रहे तो इसमें कुछ नहीं किया जा सकता है पर अभी तक हमें उनकी ओर से कुछ नहीं कहा गया है।

## व्यापार

# स्टॉक मार्केट में याप डिजिटल की कमजोर एंट्री ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश

**नई दिल्ली।** न्यू एज डिजिटल कंटेंट डिजाइन, डिस्कवरी और डिस्ट्रीब्यूशन का काम करने वाली कंपनी याप डिजिटल लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में डिस्काउंट एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 145 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 12.4 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 127 रुपये के स्तर पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर उछल कर 133.35 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर आ गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में अपर सर्किट लगने के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 11.65 रुपये प्रति शेयर यानी 8.03 प्रतिशत का नुकसान हो गया।

याप डिजिटल लिमिटेड का 80.11 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 27 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 4.26




गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 8.29 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 5.05 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.61 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 55.25 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 2.60 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। अगले वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी मुनाफे में आ गई। इस साल कंपनी को 2.51 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ। इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़ कर 11.93 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष में 31 दिसंबर तक कंपनी को 9.21 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 78.04 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 113.06 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 154.40 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष में 31 दिसंबर तक 2025 तक कंपनी को 91.42 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी के भाव ने कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 2,850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,64,500 रुपये से लेकर 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,50,790 रुपये से लेकर 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,64,650 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी



मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# स्टॉक मार्केट में ओम्नीटेक इंजीनियरिंग की निराशाजनक शुरुआत, घाटे में निवेशक

**नई दिल्ली।** हाई-प्रिसिजन इंजीनियर्ड कंपोनेंट्स और असेंबली की मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई करने वाली कंपनी ओम्नीटेक इंजीनियरिंग के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में डिस्काउंट एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 227 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 9.70 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 205 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 11 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 202 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली का सपोर्ट मिलने पर ये शेयर 224.70 रुपये के स्तर तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने ये वापस 202 रुपये के स्तर तक गिर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद कंपनी के शेयर 204.93 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 22.07 रुपये प्रति शेयर यानी 9.72 प्रतिशत का नुकसान हो गया। ओम्नीटेक इंजीनियरिंग का 583 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 27 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन तीन गुना सब्सक्राइब हुआ था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.77 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.35 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फेस वैल्यू वाले 2,56,85,062 शेयर जारी



किए गए हैं। इनमें 1,84,16,340 नए शेयर जारी किए गए हैं, जबकि 72,68,722 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में उतार चढ़ाव होता रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 32.29 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 18.91 करोड़ रुपये हो गया। इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ उछल कर 43.87 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 27.78 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी आमतौर पर बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 183.71 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में मामूली गिरावट के साथ 181.95 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 349.71 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 236.69 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में लगातार बढ़ोतरी होती रही।

# एपल ने लॉन्च किया सबसे सस्ता लैपटॉप मैकबुक नियो:शुरुआती कीमत 69,990; इसमें आईफोन वाली A18 प्रो चिप, 11 मार्च से सेल

**कैलिफोर्नियो।** एपल ने अब तक का सबसे सस्ता लैपटॉप मैकबुक नियो पेश किया है। एपल ने अब तक का सबसे सस्ता लैपटॉप मैकबुक नियो पेश किया है। दिग्गज टेक कंपनी एपल ने अपना अब तक का सबसे किफायती लैपटॉप 'मैकबुक नियो' लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इसे उन यूजर्स के लिए पेश किया है जो कम बजट में मैकबुक का अनुभव लेना चाहते हैं। इसकी शुरुआती कीमत भारत में 69,990 रुपए रखी गई है।

आईफोन वाली चिप के साथ आएगा लैपटॉपः-

मैकबुक नियो में A18 प्रो चिपसेट दिया गया है। ये 6-कोर CPU और 5-कोर GPU के साथ आता है। इसमें 16-कोर वाला न्यूरल इंजन (NPU) भी है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) टास्क को तेजी से प्रोसेस करता है।




ये चिप आईफोन 16 प्रो में मिलती थी। एपल का दावा है कि स्मार्टफोन चिपसेट होने के बावजूद यह लैपटॉप ब्राउजिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग, फोटो एडिटिंग और डेली ऑफिस वर्क को बड़ी आसानी से हैंडल कर सकता है।

13-इंच की स्क्रीन और चार कलर्सः- डिजाइन के मामले में यह काफी हद तक मैकबुक एयर जैसा दिखता है। इसमें 13-इंच की लिक्विड रेटिना (IPS LCD) डिस्प्ले दी गई है। इसे टिकाऊ एल्युमिनियम एनक्लोजर से बनाया गया है और यह चार कलर्स- ब्लश, इंडिगो, सिल्वर और सिट्रस में उपलब्ध होगा।

बैटरी लाइफ और स्टोरेज ऑप्शन्सः-

एपल के मुताबिक, मैकबुक नियो को एक बार फुल चार्ज करने पर 16 घंटे तक का वीडियो प्लेबैक टाइम मिलता है। इसमें 36.5Wh की बैटरी लगी है। इसे बॉक्स में मिलने वाले 20W के USB-C पावर अडैप्टर से चार्ज किया जा सकता है।

मेमोरीः 8GB की यूनिफाइड मेमोरी दी गई है-

स्टोरेजः 256GB और 512GB स्टोरेज ऑप्शन-

कनेक्टिविटी और एक्सटर्नल डिस्प्ले सपोर्ट- इसमें एक USB 3 टाइप-सी पोर्ट दिया गया है, जो डिस्प्ले पोर्ट की तरह भी काम करता है। इसके अलावा एक दूसरा USB 2 टाइप-सी पोर्ट और 3.5mm का हेडफोन जैक भी मिलता है। यह 60Hz रिफ्रेश रेट पर एक एक्सटर्नल 4K डिस्प्ले को सपोर्ट कर सकता है।


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।